राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 112
लखनऊ, सोमवार 22 दिसंबर 2025
पृष्ठ- 12 मूल्य- रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



योगी सरकार जल्द लांच करेगी आयुष एप, घर बैठे मिलेंगी आयुष सुविधाएं 03

कैश कलेक्शन कर्मचारी से लूट के मास्टरमाइंड को पुलिस ने दबोचा 10

## योगी के रिवर ड्रोन सर्वे मॉडल को अपनाएगा देश



**गंगा, यमुना, गोमती, वरुणा व पांडु नदी का होगा कायाकल्प, डेढ़ सौ किलोमीटर सर्वे का काम पूरा**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में नदियों के संरक्षण को लेकर चल रही योगी सरकार की पहल अब राष्ट्रीय मॉडल बन चुकी है। पहली बार किसी राज्य ने नदी संरक्षण में हाई-टेक रिवर ड्रोन सर्वे सिस्टम का इतना व्यापक उपयोग किया है।

इसका असर इतना प्रभावी रहा कि केंद्र सरकार ने यूपी के मॉडल को पूरे देश में लागू करने का फैसला किया है। गंगा, यमुना, गोमती, वरुणा और पांडु नदी के लगभग 150 किमी क्षेत्र का ड्रोन सर्वे पूरा कर राज्य स्वच्छ गंगा मिशन ने नदी पुनरुद्धार के प्रयासों में नई ऊर्जा भर दी है। लखनऊ, प्रयागराज, वाराणसी और कानपुर जैसे प्रमुख शहरों में किए गए सर्वे ने नदियों की असल स्थिति, प्रदूषण स्रोतों और नालों के गिरने वाले बिंदुओं की स्पष्ट पहचान करना अब आसान कर दिया है। इन प्रयासों का पहला सबसे बड़ा लाभ कानपुर जिले को मिलने जा रहा है। ड्रोन सर्वे के बाद नदियों में जीरो डिस्चार्ज की कार्ययोजना बनाई जा रही है। इसके क्रियान्वयन के बाद नदियों में जीरो डिस्चार्ज का दर्जा मिल जाएगा। मुख्यमंत्री योगी की प्राथमिकता हमेशा से यह रही है कि राज्य की नदियां पूरी तरह स्वच्छ बनें और स्थानीय लोगों को इसका प्रत्यक्ष लाभ मिले। इसी सोच के अनुरूप अब नालों की पहचान और प्रदूषण नियंत्रण आसान हो गया है। लखनऊ नगर के लिए ड्रोन सर्वे आधारित संपूर्ण पुनरुद्धार कार्य योजना तैयार की जा रही है, जिससे गोमती नदी के कायाकल्प को नई दिशा मिलेगी।

## ग्रामीण परिवारों को अब प्रति वित्त वर्ष मिलेगा 125 दिन का रोजगार

### राष्ट्रपति की मंजूरी के साथ 'वीबी-जी राम जी' विधेयक बना कानून, संसद के दोनों सदनों से पहले ही पास हो चुका है विधेयक

एजेंसी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने 'विकसित भारत-रोजगार और आजीविका मिशन (ग्रामीण) गारंटी विधेयक, 2025' (वीबी-जी राम जी) को मंजूरी दे दी। राष्ट्रपति की मंजूरी के साथ यह विधेयक क़ानून बन गया। संसद के दोनों सदन इस विधेयक को पास कर चुके हैं।

नए कानून के तहत अब ग्रामीण परिवारों को प्रति वित्त वर्ष 125 दिन का वैधानिक मजदूरी रोजगार सुनिश्चित किया जाएगा, जो पहले 100 दिन था। केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय के अनुसार, यह अधिनियम महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम, 2005 का स्थान लेगा और इसे विकसित भारत 2047 के विजन के अनुरूप तैयार किया गया है। सरकार का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में आय सुरक्षा को मजबूत करने के साथ टिकाऊ और उत्पादक परिसंपत्तियों का निर्माण करना है।



**केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय के अनुसार, यह अधिनियम महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम, 2005 का लेगा स्थान व इसे विकसित भारत 2047 के विजन के अनुरूप किया गया तैयार**

### योजना को रखा गया है केंद्र प्रायोजित

मंत्रालय ने बताया कि योजना को केंद्र प्रायोजित रखा गया है। सामान्य राज्यों के लिए केंद्र और राज्य के बीच लागत हिस्सेदारी 60:40 होगी, जबकि पूर्वोत्तर और हिमालयी राज्यों के लिए 90:10 का प्रावधान किया गया है। विधानसभा रहित केंद्रशासित प्रदेशों में पूरा खर्च केंद्र सरकार वहन करेगी। प्रशासनिक खर्च की सीमा को भी 6 प्रतिशत से बढ़ाकर 9 प्रतिशत कर दिया गया है।

### अधिकतम 15 दिनों के भीतर करना होगा मजदूरी का भुगतान

मजदूरी का भुगतान साप्ताहिक या अधिकतम 15 दिनों के भीतर करना अनिवार्य किया गया है। तय समयसीमा के भीतर भुगतान नहीं होने पर देरी का मुआवजा देने का भी प्रावधान रखा गया है। कृषि कार्यों के दौरान श्रमिकों की उपलब्धता बनाए रखने के लिए राज्यों को एक वित्त वर्ष में कुल 60 दिन तक का समेकित विराम काल घोषित करने का अधिकार दिया गया है।

### रुकेगी संसाधनों की बर्बादी व विकास कार्यों में आएगी तेजी

इस कानून के तहत सभी कार्यों की योजना ग्राम सभा की मंजूरी से ग्राम पंचायतों द्वारा तैयार की जाएगी। योजना निर्माण की प्रक्रिया पूरी तरह नीचे से ऊपर की होगी, जबकि राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न योजनाओं और विभागों के बीच समन्वय के लिए डिजिटल प्लेटफार्म का उपयोग किया जाएगा। सरकार का मानना है कि इससे संसाधनों की बर्बादी रुकेगी और विकास कार्यों में तेजी आएगी।

### -: सर्राफा बाजार भाव :-

| सोना | प्रति 10 ग्राम |
|---|---|
| 24 कैरेट | = 1,34,180/ |
| 22 कैरेट | = 1,23,000/ |
| 18 कैरेट | = 1,00,640/ |
| चांदी | प्रति किलो |
| | = 2,14,000/ |

### संक्षिप्त समाचार

**700 अरब डॉलर से ज्यादा की संपति वाले विश्व के पहले व्यक्ति बने मस्क**

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के उद्योगपति एलन मस्क 700 अरब डॉलर से ज्यादा की सम्पति वाले दुनिया के पहले व्यक्ति बन गए है। फोर्ब्स मैगज़ीन ने यह जानकारी दी है। डेलावेयर शीर्ष अदालत के मस्क के 2018 टेस्ला स्टॉक विकल्प पैकेज को अमान्य करने वाले निचली अदालत के फैसले को पलटने के बाद मस्क की दौलत बढ़ गई, जिसकी अब कीमत 139 अरब डॉलर है। फोर्ब्स ने कहा कि उसका अनुमान है कि इस फैसले के खिलाफ सफलतापूर्वक अपील करने के बाद मस्क की कुल सम्पति रिकॉर्ड 749 अरब डॉलर तक पहुंच गई है। मैगजीन ने पहले मस्क को 600 अरब अमरीकी डॉलर से ज़्यादा सम्पति वाला पहला व्यक्ति बताया था जब स्पेसएक्स ने एक आईपीओ की घोषणा की थी जिसमें कंपनी की कीमत 800 अरब अमरीकी डॉलर थी। हाल ही में मार्च 2020 तक मस्क की कुल सम्पति 24.6 अरब अमरीकी डॉलर आंकी गई थी।

**अमृतसर, आनंदपुर साहिब तलवंडी को पवित्र शहरों का दर्जा**

**चंडीगढ़।** पंजाब सरकार ने सिखों के धार्मिक महत्व वाले शहर अमृतसर,आनंदपुर साहिब तथा तलवंडी साबो को धार्मिक शहरों को दर्जा प्रदान किया है। इस संबंध में रविवार को अधिसूचना जारी की गई। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने इस पहल को प्रदेश के लिए परमात्मा के प्रति कृतज्ञता, विनम्रता और जिम्मेदारी वाला अवसर बताया। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा कि पंजाब सरकार ने सिखों के लिए धार्मिक महत्व वाले शहरों को पवित्र शहरों का दर्जा देने संबंधी अधिसूचना जारी करके एक ऐतिहासिक निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि यह घोषणा श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस को मनाने के लिए राज्य स्तरीय समारोह के मौके पर श्री आनंदपुर साहिब की पवित्र धरती से की गई थी।

**कूचबिहार सीमा पर बीएसएफ जवान का अपहरण**

**कूचबिहार।** भारत-बांग्लादेश सीमा पर तस्करी रोकने के दौरान बीएसएफ का एक जवान बदमाशों द्वारा अगवा कर लिया गया। घटना कूचबिहार जिले के मेखलीगंज भारत-बांग्लादेश सीमा पर शनिवार तड़के हुई। बाद में अपहृत जवान को बांग्लादेशी बदमाशों ने बांग्लादेश बॉर्डर गार्ड (बीजीबी) के हवाले कर दिया। बीएसएफ सूत्रों के अनुसार, अपहृत जवान का नाम बेद प्रकाश है। वह कूचबिहार स्थित बीएसएफ की 174वीं बटालियन में अर्जुन कैंप में तैनात हैं। शनिवार रात ड्यूटी के दौरान जवानों ने देखा कि सीमा के खाली हिस्से से ग़ैरकानूनी तरीके से मवेशियों का एक झुंड भारतीय क्षेत्र में घुस आया। मवेशियों को खदेड़ने के दौरान बेद प्रकाश अन्य जवानों से कुछ आगे निकल गए और घने कोहरे के कारण अकेले पड़ गए। बीएसएफ सूत्रों ने बताया कि 21 तारीख को तड़के करीब 4.45 बजे बांग्लादेशी बदमाशों ने जवान का अपहरण कर लिया।

### मुख्यमंत्री ने युवा सहकार सम्मेलन व यूपी को-ऑपरेटिव एक्सपो का शुभारंभ करते हुए कहा

## सौगात : छह प्रतिशत दर पर मिलेगा लघु और सीमांत किसानों को ऋण

**विश्वास, सामाजिक समता, आत्मनिर्भरता की गारंटी है सहकारिता : योगी**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के अंतर्गत इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के जूपिटर हॉल में युवा सहकार सम्मेलन एवं यूपी को-ऑपरेटिव एक्सपो-2025 का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने इस क्षेत्र में विशिष्ट कार्य करने वालों को सम्मानित भी किया। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लघु व सीमांत किसानों को बड़ी सौगात दी।

प्रदेश के अंदर यूपी सहकारी ग्राम विकास बैंक का रेट ऑफ इंटरेस्ट लगभग साढ़े 11 फीसदी है। किसानों को इसका काफी ब्याज देना होता है। सरकार इसे कम करने की दिशा में बढ़ रही है। लघु व सीमांत किसान को यह लोन अब महज 6 फीसदी पर मिले। मुख्यमंत्री कृषक समृद्धि योजना के अंतर्गत छह प्रतिशत पर लोन एलडीबी के माध्यम से उपलब्ध कराएंगे। शेष योगदान राज्य सरकार की ओर से किया जाएगा। 11 वर्ष में हमने बदलते भारत में देखा है कि तकनीक का उपयोग कर जीवन को सरल बनाते हुए भ्रष्टाचार मुक्त व्यवस्था दी जा रही है। डिजिटलीकरण, ई-गवर्नेंस और पारदर्शी नीतियों के माध्यम से सहकारिता क्षेत्र में भी सुशासन व जवाबदेही सुनिश्चित होने की कार्रवाई बढ़ी है। एम पैक्स के माध्यम से बहुद्देश्यीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समितियों के सदस्यता का विस्तार, वित्तीय समावेशन को जोड़ते हुए इसे बढ़ाने, कृषि व ग्रामीण विकास को बढ़ाने व सहकारिता आंदोलन को मजबूती प्रदान किया गया है।



### विश्व की एक चौथाई सहकारी समितियां भारत में

पीएम मोदी के नेतृत्व की केंद्र सरकार ने पहली बार सहकारिता का नया मंत्रालय गठित किया। पहले यह कृषि मंत्रालय के अधीन छोटा आयाम हुआ करता था। पहले सहकारिता मंत्री के रूप में अमित शाह जी सहकारिता आंदोलन को नई ऊंचाई प्रदान कर रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र संघ ने वर्ष 2025 को अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष घोषित किया है। पीएम मोदी की प्रेरणा से हम लोगों ने सहकारिता के सुदृढ़ीकरण की दिशा में अनेक कदम उठाए हैं। सहकारिता आपसी विश्वास, सामाजिक समता और आत्मनिर्भरता की गारंटी भी है। दुनिया की एक चौथाई सहकारी समितियां भारत में हैं। इनमें 8.44 लाख से अधिक समितियां, 30 करोड़ से अधिक सदस्य पूरे अभियान में सामूहिक शक्ति के रूप में योगदान देने के लिए तत्पर हैं।

### वाराणसी व महराजगंज के डीएम को किया सम्मानित

**सहकारिता विभाग की उपलब्धियों, नवाचारों पर आधारित पुस्तिका का विमोचन**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व पूर्व केंद्रीय मंत्री ने वाराणसी व महराजगंज के वर्तमान जिलाधिकारी समेत उत्कृष्ट कार्य करने वालों को भी सम्मानित किया। सीएम ने विभिन्न योजनाओं के लिए ऋण का चेक भी प्रदान किया। डीएम वाराणसी सत्येंद्र कुमार को महराजगंज, बाराबंकी व वाराणसी में सहकारिता में सर्वांगीण विकास व मार्गदर्शन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए सम्मान मिला। डीएम महाराज गंज संतोष कुमार शर्मा एम पैक्स सदस्यता महाभियान-2025 में प्रदेश में सर्वाधिक 1.22 लाख सदस्य बनाने और सर्वाधिक 28 हजार ऑनलाइन सदस्य जोड़ने के लिए सम्मानित हुए। यूपी स्टेट को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड द्वारा सीएम युवा उद्यमी योजना के तहत अजय प्रताप सिंह को दनिश्ता फातिमा को पांच-पांच लाख ऋण का चेक दिया गया मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के अंतर्गत सोनम वर्मा न मनीष कुमार भदौरिया को 25-25 लाख रुपये व आकांक्षा सिंह को 10 लाख रुपये के ऋण का चेक दिया गया। नमो ड्रोन दीदी के तहत उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए वंदना तिवारी व ललिता देवी को सम्मानित किया गया। एम पैक्स सदस्यता महाभियान के अंतर्गत सर्वाधिक सदस्य बनाने वाले तीन जनपद को सम्मानित किया गया।

## दस आईपीएस अधिकारियों का होगा प्रमोशन, बनेंगे डीआईजी

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में कई पुलिस कप्तानों समेत दस आईपीएस अधिकारियों की प्रमोशन का रास्ता साफ हो गया है। यह सभी आईपीएस अधिकारी 2012 बैच के अफसर हैं। विभागीय प्रोन्नति समिति की हाल ही में हुई उच्च स्तरीय बैठक में इन अधिकारियों को पुलिस उपमहानिरीक्षक रैंक पर प्रमोट करने पर मुहर लग गई है। इन अफसरों में गोरखपुर के एसएसपी राजकरन नैय्यर और मेरठ के एसएसपी विपिन टाडा भी शामिल हैं। इस फैसले के बाद अब जल्द ही शासन की ओर से इन अधिकारियों की नई नियुक्तियों और प्रमोशन के आधिकारिक आदेश जारी कर दिए जाएंगे। इससे कई जिलों के पुलिस कप्तान भी बदल जाएंगे।

डीपीसी की बैठक में जिन प्रमुख नामों पर मुहर लगी है, उनमें वर्तमान में विभिन्न महत्वपूर्ण जिलों और इकाइयों की कमान संभाल रहे अधिकारी भी शामिल हैं। डीआईजी रैंक पर पदोन्नति मिलने के बाद इन अधिकारियों के कार्यक्षेत्र में बड़ा बदलाव देखने को मिल सकता है। डीआईजी बनने के बाद अधिकारियों को रेंज की कमान या मुख्यालय में महत्वपूर्ण पदों पर नई जिम्मेदारी दी जाती है। गोरखपुर, मेरठ और सहारनपुर जैसे बड़े जिलों में तैनात कप्तानों के प्रमोशन के बाद उन जिलों में नए एसएसपी की तैनाती की सुगबुगाहट भी तेज हो गई है। डीजीपी ऑफिस में तैनात हेमराज मीना और संतोष कुमार मिश्रा जैसे अधिकारियों को भी इस सूची में जगह मिली है, जो लंबे समय से मुख्यालय स्तर पर अपनी सेवाएं दे रहे हैं।



### इन अफसरों के नामों पर लगी मुहर

जिन अधिकारियों के नामों पर लगी मुहर, उनमें क्रमशः राज करन नैय्यर एसएसपी, गोरखपुर विपिन ताडा एसएसपी, मेरठ आशीष तिवारी एसएसपी सहारनपुर सुशील चंद्रभान एसएसपी एसटीएफ सोमेन वर्मा एसपी मिर्जापुर अभिषेक यादव एसपी पीलीभीत संकल्प शर्मा एसपी लखीमपुर खीरी यमुना प्रसाद डीसीपी नोएडा हेमराज मीना डीजीपी मुख्यालय लखनऊ और संतोष कुमार मिश्रा डीजीपी मुख्यालय लखनऊ शामिल हैं। 2012 बैच के इन अधिकारियों के नामों पर सहमति उनके ट्रैक रिकॉर्ड, सेवा की अवधि और लॉ एंड ऑर्डर को संभालने के शानदार प्रदर्शन के आधार पर दी गई है।

## पश्चिम बंगाल में 294 विधानसभा सीट पर चुनाव लड़ेगी कांग्रेस

**आसनसोल।** कांग्रेस जिला कमेटी की ओर से रविवार को बर्नपुर मिडटाउन क्लब में बीएलए-2 के लिए कार्यशाला आयोजित की गयी। कार्यशाला में ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी के महासचिव तथा जम्मू काश्मीर के विधायक गुलाम अहमद मीर ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं में पिछले एक साल में जोश की कमी देखी गई है। जहां भी गठबंधन हुआ है, वहां कैडर कमजोर हुआ है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं में दिन-प्रतिदिन उत्साह की कमी आयी है तथा राष्ट्रीयता का भाव भी खत्म होता जा रहा है। देश जितने रंगों में बटेगा एकता भी कमजोर होती जाएगी।

## पाक ने जीता अंडर-19 एशिया कप फाइनल में भारतीय टीम को हराया

एजेंसी

**दुबई।** भारत की अंडर-19 टीम को अंडर-19 एशिया कप 2025 के फाइनल में हार का सामना करना पड़ा है। रविवार को खिताबी मुकाबले में पाकिस्तान की अंडर 19 टीम ने भारतीय टीम को 191 रनों के बड़े अंतर से हराते हुए ट्रॉफी पर कब्जा जमाया।

पाक की टीम ने दूसरी बार अंडर 19 एशिया कप का खिताब जीता है। इससे पहले वह 2012 में भारत के साथ संयुक्त रूप से विजेता बना था। भारतीय टीम ने सबसे ज्यादा आठ बार यह ट्रॉफी अपने नाम की है। दुबई के आईसीसी अकादमी मैदान पर खेले गए मुकाबले में टॉस जीतकर भारतीय टीम ने गेंदबाजी चुनी थी। पाक की टीम ने पहले बल्लेबाजी की और सलामी बल्लेबाज समीर मिन्हास के 172 रनों की शतकीय पारी की बदौलत 50 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 347 रनों का विशाल स्कोर बनाया। जवाब में इतने बड़े लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम का कोई बल्लेबाज बड़ी पारी नहीं खेल पाया।



## नेपाल के आमचुनाव में भारतीय नंबर प्लेट के वाहनों पर पूर्ण प्रतिबंध

**काठमांडू।** नेपाल के निर्वाचन आयोग ने आम चुनाव में भारतीय वाहनों के प्रयोग पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया गया है। नेपाल में आगामी 5 मार्च, 2026 को प्रतिनिधि सभा के चुनाव है। आयोग ने आचार संहिता में कहा कि भारत सहित किसी भी विदेशी नंबर प्लेट वाले वाहनों को किसी भी परिस्थिति में अनुमति नहीं दी जाएगी। राजनीतिक दल केवल निर्धारित प्रक्रिया के तहत स्वीकृत संख्या और प्रकार के वाहन ही उपयोग कर सकेंगे । उम्मीदवारों को बिना पूर्व अनुमति के प्रचार के लिए वाहन इस्तेमाल करने या वाहनों पर प्रचार सामग्री प्रदर्शित करने की अनुमति नहीं होगी।

## 26 से रेल किराए में बढ़ोतरी होगी लागू

एजेंसी

**नई दिल्ली।** रेल यात्रियों के लिए बड़ी ही अहम खबर है। 26 दिसंबर से रेलवे किराए में बढ़ोतरी लागू होने जा रही है। यह बढ़ोतरी मुख्य रूप से लंबी दूरी की यात्राओं पर असर डालेगी, जबकि कम दूरी के यात्रियों को राहत दी गई है।

रेलवे के अनुसार, 215 किलोमीटर तक की साधारण श्रेणी की यात्रा पर किराया नहीं बढ़ाया गया है, लेकिन इससे अधिक दूरी तय करने पर साधारण श्रेणी में प्रति किलोमीटर एक पैसा अतिरिक्त देना होगा। मेल और एक्सप्रेस ट्रेनों में सफर करने वाले यात्रियों के लिए नॉन-एसी और एसी दोनों श्रेणियों में प्रति किलोमीटर दो पैसे की बढ़ोतरी की गई है। इसका असर यह होगा कि अगर कोई यात्री 500 किलोमीटर की नॉन-एसी यात्रा करता है, तो उसे पहले के मुकाबले करीब 10 रुपये ज्यादा किराया चुकाना पड़ेगा। इसे इस तरह समझ सकते हैं कि पटना से दिल्ली की दूरी करीब 1000 किलोमीटर है, इस तरह नए किराये के लिहाज अब आपको जन साधारण एक्सप्रेस में सफर के लिए 10 रुपये अधिक, जबकि संपूर्ण क्रांति, वंदे भारत और राजधानी जैसी ट्रेनों में 20 रुपये अधिक चुकाने होंगे। रेलवे का कहना है कि इस किराया समायोजन से उसे लगभग 600 करोड़ रुपये की अतिरिक्त आय होने की उम्मीद है, जिसका उपयोग परिचालन लागत को संभालने और यात्री सुविधाओं में सुधार के लिए किया जाएगा। यह नई दरें 26 दिसंबर से प्रभावी होंगी और उसी के अनुसार टिकट बुकिंग की जाएगी। रेलवे के मुताबिक बीते 10 वर्षों में नेटवर्क और ट्रेनों की संख्या में बड़ा विस्तार हुआ है। सुरक्षा और बेहतर संचालन के लिए रेलकर्मियों की संख्या भी बढ़ाई गई है।



**जनरल श्रेणी से लेकर एसी ट्रेन तक के बढ़ेंगे दाम**

## दिल्ली में बांग्लादेश उच्चायोग के सामने प्रदर्शन को लेकर हो रहा दुष्प्रचार : रणधीर

**विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने दिए मीडिया के सवालों के जवाब**

एजेंसी

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्रालय ने यहां स्थित बांग्लादेश उच्चायोग के सामने कल हुए प्रदर्शन को लेकर हो रहे दुष्प्रचार पर रविवार को कहा कि शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन में कोई सुरक्षा उल्लंघन नहीं हुआ। वहीं, पड़ोसी देश को आईना दिखाते हुए बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हमलों और एक हत्या की घटना पर गंभीर चिंता व्यक्त की है।

विदेश मंत्रालय के आधिकारिक प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने मीडिया के सवालों के जवाब में कहा कि बांग्लादेश के कुछ मीडिया वर्गों में कल की घटना को लेकर भ्रामक प्रचार किया जा रहा है। भारत ने दोहराया कि वह वियना कन्वेंशन के अनुरूप अपने क्षेत्र में स्थित विदेशी मिशनों और कार्यालयों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

उन्होंने कहा कि वास्तविकता यह है कि 20 से 25 युवा बांग्लादेश के मयमनसिंह में दीपु चंद्र दास की नृशंस हत्या के विरोध में एकत्र हुए थे। प्रदर्शनकारियों ने बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों की सुरक्षा की मांग की थी। प्रदर्शन के दौरान किसी भी समय बाड़ तोड़ने या सुरक्षा स्थिति उत्पन्न करने का कोई प्रयास नहीं किया गया। मौके पर तैनात पुलिस ने कुछ ही मिनटों में समूह को तितर-बितर कर दिया।


**जनसभा** प्रधानमंत्री ने डिब्रूगढ़ के नामरूप में अमोनिया-यूरिया परियोजना के लिए किया भूमि पूजन

## कांग्रेस ने बिगाड़े हालात, हम सुधार रहे देश की उर्वरक व्यवस्था

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकारों के दौरान असम सहित देश के कई हिस्सों में खाद की फैक्ट्रियों के बंद होने का मुद्दा उठाते हुए कहा कि इसी के चलते किसानों को यूरिया के लिए लंबी कतारों में लगना पड़ता था और कई बार स्थिति संभालने के लिए लाठीचार्ज तक का सामना करना पड़ता था।

उन्होंने आरोप लगाया कि हालात को कांग्रेस ने बिगाड़ा और उन्हें सुधारने के लिए वर्तमान सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है और देशभर में नई उर्वरक इकाइयों की स्थापना की जा रही है। प्रधानमंत्री मोदी ने आज डिब्रूगढ़ के नामरूप में असम वैली फर्टिलाइजर एंड केमिकल कंपनी की अमोनिया-यूरिया परियोजना के लिए भूमि पूजन किया। नई ब्राउनफील्ड अमोनिया-यूरिया उर्वरक परियोजना में लगभग 1 करोड़ रुपये से अधिक का अनुमानित निवेश किया गया है। 10,600 करोड़ रुपये की यह परियोजना असम और पड़ोसी राज्यों की उर्वरक आवश्यकताओं को पूरा करेगी, आयात पर निर्भरता कम करेगी, पर्याप्त रोजगार सृजित करेगी और क्षेत्रीय आर्थिक विकास को गति प्रदान करेगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि जब उनकी सरकार ने भूपेन दा को भारत रत्न से सम्मानित किया, तो कांग्रेस ने खुले तौर पर इसका विरोध किया। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस अध्यक्ष की ओर से दिया गया बयान- मोदी नाचने-गाने वालों को भारत रत्न दे रहा है -केवल भूपेन दा का ही नहीं, बल्कि पूरे असम और उसकी सांस्कृतिक विरासत का अपमान है।



### वर्षों पुराना सपना हो रहा साकार

नामरूप और डिब्रूगढ़ का वर्षों पुराना सपना अब साकार हो रहा है और इस पूरे क्षेत्र में औद्योगिक प्रगति का एक नया अध्याय शुरू हुआ है, जो भविष्य में व्यापक विकास की नींव बनेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकार में उद्योग और कनेक्टिविटी की जुगलबंदी असम के विकास को नई गति दे रही है। इससे न केवल आर्थिक गतिविधियां बढ़ रही हैं, बल्कि युवाओं में नए सपने देखने और उन्हें पूरा करने का आत्मविश्वास भी पैदा हो रहा है।

### कांग्रेस ने घुसपैठियों को दिया संरक्षण

जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने आरोप लगाया कि कांग्रेस आज भी देश-विरोधी सोच को आगे बढ़ा रही है और असम के जंगलों व जमीन पर बांग्लादेशी अवैध घुसपैठियों को बसाकर केवल अपना वोटबैंक मजबूत करना चाहती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को असम की पहचान, संस्कृति और सम्मान से कोई सरोकार नहीं है। अवैध घुसपैठियों को बसाने और उन्हें संरक्षण देने का काम कांग्रेस ने ही किया है, इसी कारण वह वोटर लिस्ट के शुद्धिकरण एसआईआर का विरोध कर रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि तुष्टिकरण और वोटबैंक की राजनीति के इस जहर से असम को बचाना जरूरी है और उन्होंने भरोसा दिलाया कि असम की पहचान और सम्मान की रक्षा के लिए भाजपा फौलाद बनकर जनता के साथ खड़ी है।

# ठंड से बचाव के लिए गरीबों व बेसहारा लोगों को बांटे कंबल

## मोहल्ला काजीपुरा स्थित मुस्लिम मुसाफिरखाना प्रबंध समिति की ओर से मुसाफिरखाना सभागार में कार्यक्रम आयोजित

समृद्धि न्यूज

**बहराइच।** शहर के मोहल्ला काजीपुरा स्थित मुस्लिम मुसाफिरखाना प्रबंध समिति की ओर से मुसाफिरखाना सभागार में कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित कर 200 जरूरतमंदों को कंबल प्रदान किया गया।

मुस्लिम मुसाफिरखाना प्रबंध समिति के अध्यक्ष डॉक्टर ए आर खान की अध्यक्षता में हुए कंबल वितरण कार्यक्रम में जमील अहमद फारुकी वरिष्ठ एडवोकेट, शकील अहमद किदवई वरिष्ठ एडवोकेट, हसीब अहमद अंसारी वरिष्ठ एडवोकेट, तेजे खान वरिष्ठ एडवोकेट व अध्यक्ष सीरत कमेटी, मोहम्मद अकरम वरिष्ठ एडवोकेट, हाजी रेहान खान पूर्व चेयरमैन, समाजसेवी डॉक्टर अजीमुल्ला खान, रियाजुद्दीन खान, अब्दुल हमीद शाह, मोहम्मद अब्दुल्ला, सैयद अकरम सईद, शाहिद



महमूद खान,जफर उल्ला खान, तारिक खान राष्ट्रीय प्रवक्ता सपा की मौजूदगी में नगर के विभिन्न क्षेत्रों से चयनित किए गए 200 पुरुष व महिलाओं को कंबल प्रदान कर उन्हें भीषण ठंड से में सहायता प्रदान की गई।

प्रबंध समिति के अध्यक्ष डॉक्टर ए आर खान ने कहा कि ठंड के मौसम में गरीब बेसहारा लोगों की फिक्र कर उन्हें सहायता करना हम सबका कर्तव्य है और यह पुनीत कार्य कमेटी हर वर्ष आयोजित करेगी।

कमेटी के सेक्रेटरी नासिर अली खान ने कार्यक्रम में शामिल हुए लगभग एक दर्जन अतिथियों को शाल पेशकर व माल्यार्पण कर सम्मानित करते हुए उनका धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मौलाना अब्दुल मतीन के कुरान पाठ से हुआ तथा संचालन शादाब हुसैन ने किया।

## मण्डलीय आकांक्षा समिति की अध्यक्षा गरिमा भूषण ने जरूरतमंदों को बांटे कंबल

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** कड़ाके की ठंड और शीतलहर के बीच जरूरतमंदों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से मण्डलीय आकांक्षा समिति की अध्यक्षा द्वारा जरूरतमंदों को कंबल वितरित किया गया। इस दौरान उन्होंने बस अड्डा के निकट स्थित रैन बसेरा में रूके बेसहारा, निराश्रित एवं जरूरतमंद लोगों को अपने हाथों से कंबल वितरित कर मानवीय संवेदनाओं का परिचय दिया। रैन बसेरा में कंबल वितरण के दौरान अध्यक्षा गरिमा भूषण ने वहां रह रहे लोगों से संवाद कर उनकी दैनिक समस्याओं, स्वास्थ्य स्थिति और ठंड से जुड़ी परेशानियों की जानकारी भी ली। उन्होंने कहा कि सर्दी के मौसम में खुले आसमान के नीचे या अस्थायी आश्रयों में जीवन यापन करने वाले लोगों के लिए ठंड सबसे बड़ी चुनौती बन जाती है। ऐसे में समाज के सक्षम वर्ग और सामाजिक संगठनों को आगे आकर उनकी सहायता करनी चाहिए। उन्होंने आश्वासन दिया कि





आगे भी जरूरतमंदों के लिए इस प्रकार के राहत कार्य निरंतर जारी रहेंगे।

इसके पश्चात अध्यक्षा ने बड़गांव पुलिस चौकी के आसपास मौजूद जरूरतमंद, असहाय एवं खुले में रह रहे लोगों को भी कंबल वितरित किए। कंबल पाकर जरूरतमंदों के चेहरों पर राहत और संतोष स्पष्ट रूप से दिखाई दिया। कई लोगों ने बताया कि बढ़ती ठंड में यह सहायता उनके लिए किसी संजीवनी से कम नहीं है। बेसहारा लोगों ने अध्यक्षा गरिमा भूषण के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के प्रयास न केवल उन्हें ठंड से बचाते हैं, बल्कि यह एहसास भी कराते हैं कि समाज उनके साथ खड़ा है।

# ग्लैमरस टाइप क्रिकेट प्रीमियर लीग में खिलाड़ियों पर लगी जमकर बोली



समृद्धि न्यूज

**बहराइच।** ग्लैमरस टाइप क्रिकेट प्रीमियर लीग में आज खिलाडियो के नीलामी का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य अतिथि के रूप में इशरत महमूद खान मौजूद रहे।

आईपीएल के तर्ज पे खेली जाने वाली इस प्रीमियर लीग में आज खिलाड़ियों की नीलामी कराई गई। नीलामी प्रक्रिया में मंडल के 142 क्रिकेट खिलाड़ियों ने इसमें प्रतिभाग किया। लीग में 8 टीम प्रतिभाग कर रही है। नीलामी में 8 टीमों के मालिको ने खिलड़ियों पर दांव लगाया। इस प्रीमियर लीग का शुभारंभ 8 जनवरी से किया जाएगा। जिसमें बहराइच पैंथर्स, बहराइच राइडर्स, बहराइच

### नीलामी प्रक्रिया में शाद सबसे महंगे खिलाड़ी जबकि कृष्णा व आर्यन दूसरे नम्बर पर रहे

रॉयल, बहराइच वुल्फ, बहराइच जॉइंटस, बहराइच स्ट्राइकर की टीमें प्रतिभाग करेंगी। नीलामी प्रक्रिया में शाद सबसे महंगे खिलाड़ी रहे। जबकि कृष्णा सिंह व आर्यन दूसरे नंबर पर रहे। 142 खिलाड़ियों में सभी खिलाड़ियों की नीलामी हुई। नीलामी का संचालन देवाशीष राय ने किया।

इस दौरान प्रीमियर लीग के मुख्य आयोजक, आयुष चित्रांश, देवा, भूपेंद्र पांडेय, कैराती, कार्तिके, टीम ऑनर मनीष सिंह, जहीन खान, गोविंद सिंह चौहान, दिवाकर सिंह, ताहाआब्दी, वैभव श्रीवास्तव, गौरव पाठक मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### खोए हुए छह मोबाइल फोन बरामद

**मनकापुर/गोंडा, समृद्धि न्यूज।** थाना कोतवाली मनकापुर पुलिस द्वारा ष्टश्वढ्ढक्रपोर्टल पर दर्ज मोबाइल गुमशुदगी के शिकायतो में से कुल 06 अदद खोई हुई मोबाइल फोन बरामद कर उनके वास्तविक मालिकों को सुपुर्द किया गया, मोबाइल फोन वापस मिलने पर आवेदको के चेहरे पर लौटी मुस्कान, आवेदको ने कोतवाली मनकापुर गोण्डा पुलिस को किया धन्यवाद। बरामद मोबाइलों की कुल अनुमानित कीमत करीब 01 लाख 10 हजार रुपये है। गोण्डा में खोई हुई मोबाइलो की बरामदगी हेतु पुलिस अधीक्षक गोण्डा विनीत जायसवाल द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी मनोज कुमार रावत, क्षेत्राधिकारी मनकापुर उदित नारायण पालीवाल के कुशल पर्वेक्षण में थाना कोतवाली मनकापुर प्रभारी निरीक्षक निर्भय नारायण सिंह के नेतृत्व में थाना मनकापुर पुलिस टीम एवं सर्विलांस सेल गोण्डा के सहयोग से कुल 06 अदद खोई हुई मोबाइल फोन बरामद कर उनके वास्तविक मालिकों को सुपुर्द किया गया । बरामद मोबाइलों की कुल अनुमानित कीमत करीब 01 लाख 10 हजार रुपये है।

### बोलेरो ने बाइक को मारी टक्कर, दो घायल

**बहराइच समृद्धि न्यूज।** बहराइच-नानपारा मार्ग पर स्थित रिसिया इलाके में एक तेज रफ्तार चार पहिया वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक सवार दो युवक घायल हो गए, जिनमें से एक की हालत गंभीर है और उसे लखनऊ रेफर किया गया है। पयागपुर थाना क्षेत्र के कोडरी गांव निवासी राहुल दुबे अपने चचेरे भाई संजीव के साथ बाइक से रूपईडीहा इलाके के बाबागंज जा रहे थे। रिसिया मोड़ के पास पहुंचने पर एक तेज रफ्तार वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर मारने के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया। जिला अस्पताल में चिकित्सकों ने संजीव की गंभीर हालत को देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए लखनऊ रेफर कर दिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि सड़क हादसे में दो युवक घायल हुए हैं और मामले में आगे की विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### घरेलू विवाद में जेठानी ने देवरानी पर किया हमला

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** देहात कोतवाली क्षेत्र के केशवापुर गांव में घरेलू विवाद के चलते एक महिला ने अपनी देवरानी पर डंडे से हमला कर दिया। इस हमले में देवरानी के चेहरे पर चोट आई है। परिजनों ने घायल महिला को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है, जहां उसका इलाज चल रहा है। घायल सविता ने बताया कि वह अपनी सास के साथ अलग रहती हैं और उनकी देखभाल करती हैं। इसके बदले में सास उनकी आर्थिक मदद करती हैं। सविता के अनुसार, उनकी जेठानी मनोरानी घर आईं और सास से पैसे मांगने लगीं। मना करने पर मनोरानी ने विवाद शुरू कर दिया। विवाद बढ़ने पर मनोरानी ने डंडे से सविता पर हमला कर दिया। इस हमले में सविता के चेहरे पर गंभीर चोट आई है। जिला अस्पताल में चिकित्सकों की टीम द्वारा घायल सविता का इलाज किया जा रहा है। उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। देहात कोतवाली पुलिस ने बताया कि इस मामले में अभी तक कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने के बाद नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### जन जागरूकता में योगदान पर जादूगर मिस्टर इंडिया सम्मानित



**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश- शान्ति फाउंडेशन आशोकपुर टिकिया वजीरगंज गोंडा प्रतिवर्ष समाज के उन व्यक्तियों को सम्मानित करता है जिन्होंने अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान दिया है। पर्सनालिटी ऑफ द ईयर अवार्ड का उद्देश्य समाज में सकारात्मक प्रभाव डालने वाले व्यक्तियों को प्रेरित करना और उनका सम्मान करना है। इस अवार्ड के माध्यम से शान्ति फाउंडेशन समाज में शांति, एकता और प्रगति को बढ़ावा देना चाहता है। संस्था की अध्यक्ष पिंकी देवी, सचिव गया प्रसाद आनन्द,संयोजक सुनील कुमार आनन्द स्टेट अवॉर्डी टीचर, संरक्षक पद्मश्री डॉ विजय कुमार शाह, मीडिया प्रभारी संजय कुमार, संस्थापक शिव प्रसाद आनन्द, प्रधानाचार्य शान्ती मेमोरियल स्कूल रमेश आनन्द ने बताया कि प्रतिवर्ष यह अवार्ड विशेष कार्य करने वाली हस्तियों को दिया जाता है जो पर्यावरण, शिक्षा, सामाजिक एकता, नशा मुक्ति, राष्ट्रीय प्रेम, बेटी बचाओ, स्वच्छता आदि विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य कर रहे समाज सेवियों को संस्था शान्ती फाउंडेशन द्वारा सम्मानित किया जाता है। जिसमें गोंडा से जादूगर मिस्टर इंडिया,गुजरात से हर्षाबेन हिम्मतसिंह पढीयार, नेपाल से उमेश यादव, उत्तराखंड से भुवन विष्ट, प्राची यादव बाराबंकी, नैनीताल से कमल चंद्र लोहनी, प्रोफसर डॉ शैलेन्द्र सिंह सहित कई हस्तियां शामिल हैं।

# घर में घुस रहा पानी और जिम्मेदारों ने साधी चुप्पी

**नहीं हुआ समस्या का समाधान तो होगा धरना प्रदर्शन और अनशन**

समृद्धि न्यूज

**बहराइच।** बक्शीपुरा नई बस्ती निकट नारायण अस्पताल के बगल अभिषेक साहू, मनोज श्रीवास्तव, गप्पू, अंगद, चुन्नू, परशुराम के मकान के मुख्य दरवाजे तक पानी भर गया है, जिससे उनके आसपास के लोग नाली के पानी में चलकर के मुख्य सड़क पर आते हैं साथ ही साथ दुर्गन्ध तथा कई प्रकार की बीमारियों से वहां के आसपास के लोग पीड़ित भी हो रहे हैं।

मोहल्ला निवासी अभिषेक साहू, मनोज श्रीवास्तव, चुन्नू,गप्पू तथा अन्य लोगों ने बताया कि नगर पालिका द्वारा पानी का निकास कहीं नहीं किया गया है। आसपास के लोगों के घरों का पानी यहीं पर आकर के जम जाता है। और पूरा पानी कहीं बाहर जाता भी नहीं है जिसके कारण इसमें सभी वस्तुएं गल करके दुर्गंध पैदा करती हैं और यहां पर लोगों का रहना दुभर हो गया है। जिसकी



शिकायत कई बार सभासद, विधायक तथा अन्य लोगों से की। जिसका कोई निराकरण नहीं हो पाया,और जिम्मेदार मौन है। अब सभी मोहल्ला वासी जिलाधिकारी से मिलकर के पूरी समस्या से अवगत कराएंगे और यदि इस पर भी जल निकासी की व्यवस्था नहीं की गई तो हम लोग धरना - प्रदर्शन तथा आमरण अनशन करने को विवश होंगे। इस मामले में ईओ प्रतिमा सिंह को फोन किया गया लेकिन उनका फोन बजता रहा लेकिन कोई जिम्मेदार उठाना मुनासिब नहीं समझा। बरसात में क्या होता होगा मोहल्ले का जब इस समय



ठंड के मौसम में घरों में पानी घुस रहा है तो फिर बरसात के मौसम में इस मोहल्ले में क्या हाल होता होगा। कई सालों से ऐसी ही समस्या इस वार्ड की है। वार्ड वासी लगातार शिकायत भी कर रहे हैं लेकिन जिम्मेदार नजर अंदाज कर रहे हैं।

# शहरी क्षेत्र के गरीबों के आवास का सपना साकार कर रही है प्रधानमंत्री आवास योजना

समृद्धि न्यूज

**बहराइच।** प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) भारत सरकार द्वारा वित्तीय वर्ष 2015-2016 में आरम्भ की गयी एक प्रमुख योजना है, जिसका उद्देश्य शहरी क्षेत्र में रहने वाले आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग, निम्न आय वर्ग तथा मध्यम आय वर्ग एवं शहरी क्षेत्रों में बेघर और कच्चे घरों में रहने वालों को पक्का आवास बनाने या खरीदने में मदद करना है, जिससे सभी परिवारों के आवासों का सपना पूरा किया जा सके। इस योजना के अन्तर्गत विधवाओं, एकल महिलाओं, दिव्यांगजनों, वरिष्ठ नागरिकों, सफाई कर्मियों, आशाबहू तथा आंगनवाड़ी जैसे कमजोर वर्गों को प्राथमिकता देना है।

प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) अन्तर्गत आवास हेतु रू. 2.50 लाख का अनुदान दिया जाता है। योजनारम्भ से अब तक 13016 परिवारों को आवास का लाभ दिया जा चुका है। वर्तमान में भारत सरकार द्वारा पीएमएयू एण्ड यू 2.0 को मंजूरी दी गयी है, जिसके तहत अगले 05 वर्षों में 1 करोड़ और नए घर बनाने का लक्ष्य रखा गया है. जिसके अन्तर्गत बहराइच जिले में 1259 नये आवास हेतु अनुदान स्वीकृत किया जा चुका है। प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के आरम्भ होने से अब तक जनपद बहराइच में 13016 परिवारों को आवास का लाभ दिया





गया है, जहाँ एक बड़ी आबादी कच्चे मकानों और बुनियादी सुविधाओं के अभाव में रहती थी, यह योजना एक वरदान साबित हुई। जिले के हजारों परिवारों ने अपने जीवन में पहली बार पक्के घर का सुख देखा है। यहीं की संकरी गलियों में रहने वाले उन परिवारों के लिए, जो कभी बारिश में टपकती छतों से परेशान रहते थे, आज उनका अपना पक्का घर न केवल सुरक्षा का कचच है, बल्कि उनके सामाजिक सम्मान का प्रतीक भी है।

# विज्ञान की शक्ति की अपेक्षा शांति की शक्ति प्रबल : ब्रह्माकुमारी अनामिका बहिन

**शांति के प्रकाट्य के लिए एक दो मिनट खुद ही करना होगा रोज ध्यान**

समृद्धि न्यूज

**पसका/ गोण्डा।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय परसपुर सेवा केन्द्र पर रविवार को अपने सम्बोधन में राजयोगिनी अनामिका बहिन ने कहा कि आज संसार में शांति का अकाल है, इसलिए युनाइटेड नेशन्स ने विश्व ध्यान दिवश का आयोजन किया हुआ है,इस कार्यक्रम को अगले वर्ष ही आयोजित करने की योजना बनीं थीं, जिसका आज दूसरा वर्ष है। संसार में चारों ओर अशांति है, अशांति के कारण भयावह स्थिति उत्पन्न हो रही है।

शांति बाजार से नहीं खरीदी जा सकती है अपितु शांती हर एक के भीतर विद्यमान है। लेकिन वह दबी हुई है। शांति को प्रकाट्य करने के लिए एक दो मिनट खुद ही रोज ध्यान करना होगा। भगवान हमें कर्मयोग सिखातें है ना कर्म संन्यास। हमें



कर्मयोगी बनकर कर्म करना चाहिए। कर्मयोगी बनकर कर्म करने से शुभ करने ही होंगे, जिससे शांती का संचार होगा। जीवन में शांति को प्राप्त करने के लिए प्रतिदिन 10-15 मिनट राजयोग मेडिटेशन का अभ्यास करें, जिससे सीखने के लिए राजयोग प्रशिक्षण केंद्र में पधारना होगा। उक्त अवसर पर डाक्टर सुरेश चंद्र तिवारी राधेश्याम मिश्रा अनूप सिंह सुनील भाई बबिता सिंह सुषमा,रमा उमा देवी आदि मौजूद रहे।

# 2027 चुनाव तक सतर्क रहें सभी बूथ लेवल एजेंट : सूरज

**गोंडा सदर के बीएलए की समीक्षा बैठक संपन्न**

समृद्धि न्यूज

**गोंडा।** समाजवादी पार्टी के विधानसभा गोंडा सदर में बूथ लेवल एजेंट की बैठक होटल सूरज में संपन्न हुई। समीक्षा बैठक के आयोजक सपा नेता सूरज सिंह ने सभी बूथ लेवल एजेंट को 2027 चुनाव तक सतर्क रहने के लिए कहा सूरज सिंह ने कहा कि जब तक विधानसभा 2027 का चुनाव संपन्न न हो जाए तब तक सभी बूथ लेवल एजेंट को बहुत मेहनत करने की आवश्यकता है।

उन्होंने कहा कि आज गोंडा सदर विधानसभा के सर्वसमाज के लोगों को उनका हक दिलाने के लिए 24 घंटे तत्पर रहता हूं। आए हुए बूथ लेवल एजेंट से सूरज़ सिंह ने अपील की कि जो नो मैपिंग जोन में वोटर हैं उनकी मैपिंग जल्द से जल्द करा कर स्ढ्ढक्रप्रक्रिया संपन्न कराएं। सूरज सिंह ने कहा कि आज भी लोग स्मृति शेष पंडित सिंह जी का नाम लेकर अपनी राजनैतिक रोटी सेंकने का काम कर कर रहे हैं मेरे कार्यकर्ता मुझे बार बार



जवाब देने के लिए कहते हैं ऐसे लोगों की बयानबाजी पर मेरा जवाब है कि

**आप बड़े हैं बेशक़ साहब आप मगर ये भूल गए!**

**इज्जत करवाने से पहले इज्जत करनी पड़ती है!!**

जिला अध्यक्ष अरशद हुसैन ने कहा कि समाजवादी पार्टी संघर्षों की पार्टी है क्क का संघर्ष 2027 में रंग लाएगा। राष्ट्रीय सचिव एवं प्रभारी संजय सविता विद्यार्थी ने कहा कि पूरे प्रदेश में स्ढ्ढक्रका काम चल रहा है भारतीय जनता पार्टी प्रशासन के दम पर मनमानी करना चाह रही है उनके मंसूबों को नाकामयाब करना है। कार्यक्रम को रामधन यादव जयचंद




सिंह सरफराज हुसैन सिद्धार्थ मोनू मेराज अहमद जेपी श्रीवास्तव अफजल खान संजय साहू दीपू यादव अमर यादव रईस बब्बू जावेद मंटू लालचंद गौतम ददू शुक्ला नंदकुमार सविता अनिल भोजवाल छन्नू पासवान किशन सोनकर राधेश्याम चौहान दीनानाथ प्रजापति शिवम कश्यप सिकंदर वाल्मीकि आदि ने संबोधित किया।

कार्यक्रम में देवेंद्र सिंह मतीन रनंजय रविंद्र सौरभ सिंह राजेश मिश्रा संजय पटेल रामकुमार वर्मा रामकुमार मौर्य ऋषिकेश पाठक बब्बू तिवारी रिंकू तिवारी आदि उपस्थित रहे।

# सहफसल व ट्रेंच विधि अपनाकर सफलता की कहानी लिख रहे हैं जिले के दो गन्ना कृषक

**गन्ने के साथ सरसों की सहफसली खेती करने पर बढ़ी सरसों की उत्पादन**

समृद्धि न्यूज

**बहराइच।** ग्राम मलुआ भकुरहा निवासी रोहित सिंह पुत्र लव कुमार सिंह विगत 07 वर्षों से गन्ने की खेती कर रहे हैं। प्रारम्भ में उत्पादन कम प्राप्त हो रहा था परन्तु विभागीय अधिकारियों के गार्मदर्शन तथा गोष्ठियों में प्रतिभाग करने के कारण श्री सिंह द्वारा वर्ष 2024-25 में 1.00 हे. क्षेत्रफल में गन्ने के साथ सरसों की सहफसली खेती करने पर 14 कु. अतिरिक्त सरसों का उत्पादन प्राप्त हुआ। सहफसल के रूप में उत्पादित फसल से प्राप्त आय गन्ने के उत्पादन में आये हुए खर्चे के लिए पर्याप्त होने से इन्हें काफी अच्छा मुनाफा प्राप्त हुआ।

अपना अनुभव साझा करते हुए कृषक ने बताया कि पूर्व में परम्परागत





तरीके से गन्ने की बुवाई समतल नाली विधि से कर देता था। परन्तु ट्रेंच विधि द्वारा सिंगल रो से गन्ने की बुआई के बारे में जानकारी होने पर उत्पादन लगभग 25-30 प्रतिशत बढ़ा है। जबकि उत्पादन लागत पूर्व लागत के बराबर ही है। ग्रामीण महिला शक्ति द्वारा उन्नत गन्ना बीज वितरण के अन्तर्गत विभाग द्वारा गठित महिला समूहों द्वारा नवविकसित रोग एवं कीटरोधी गन्ना किस्मों का आच्छादन तीव्र गति से बढाने हेतु बीज गन्ना का गुणन तीव्र होने से हम कृषकों को आसानी से नव विकसित किस्मों की नर्सरी प्राप्त हो पा रही है। जिसके परिणाम स्वरूप मेरे द्वारा 1.00 हे. क्षेत्रफल में को. 13235 प्रजाति की नर्सरी रोपित की गई। गन्ना कृषक द्वारा बताया गया कि गन्ना विभाग द्वारा ई-पर्ची सिस्टम विकसित किये जाने से गन्ना बेचने में आसानी हुई। अब पर्ची के खोने या फटने का डर नहीं रह गया है। एस.एम.एस. से पर्ची प्राप्त होने से तत्काल पर्ची जारी होने की जानकारी प्राप्त हो जाती है। अपने सट्टे की पूर्ण जानकारी ई-गन्ना ऐप के माध्यम से घर बैठे पा रहा हूँ। पर्चियों के हायल होने पर कही जाने की आवश्यकता मुझे नहीं पड़ती है। पर्ची स्वतः रिवैलिडेट हो जाती है।

**लापरवाही**

## पॉलीथिन ले रही बेजुबान गायों की जान, बचाव को लेकर अफसरों का रवैया लापरवाह

# जिले में खुले आम बिक और प्रयोग हो रही प्रतिबंधित पॉलीथिन

समृद्धि न्यूज

**गोण्डा।** जिले और ग्रामीण अंचलों में इस समय पालीथिन और प्लास्टिक बिक्री जोरो पर है खासकर इस समय ग्रामीण क्षेत्रों में कई व्यपारियो के द्वारा कई जिलों में प्रति बंधित पालीथिन और प्लास्टिक की बिक्री बड़े पैमाने पर की जा रही है और वही जनपद मुख्यालय पर भी कई व्यपारियों द्वारा छोटे बड़े दुकानदारों को सप्लाई की जा रही है कई बार लोगों ने इसकी शिकायत पत्र के माध्यम से जिले के कई अधिकारियों से की गयी लेकिन अभी तक किसी भी अधिकारी के द्वारा इन व्यापारियों के खिलाफ कोई कार्यवाही नही की गयी।

जिले की जिला अधिकारी प्रियंका निरंजन ने सख्त आदेश है कि गन्दगी फैलाने वाले दुकानदारों और पालीथिन बेचने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करे। कुछ समय जिला मजिस्ट्रेट और नगर पालिका के ईओ ने



कुछ व्यापारियों के छापा मारकर भारी मात्रा में पालीथिन और प्लास्टिक के सामान को जब्त कर जुर्माना भी लगाया था लेकिन इस समय मुख्यालय से ज्यादा ग्रामीण क्षेत्र के व्यापारियों द्वारा कुटीर उधोग की तरह बड़े पैमाने पर बेचा जा रहा है जिले ही नही कई जिलों में बड़े पैमाने पर प्रतिबन्धित पालिथिन की बिक्री धड़ल्ले से की जा रही है। जब कि मुख्यमंत्री आदित्यनाथ जी ने 14 जुलाई 2018 को सख्त आदेश दिया है कि उत्तर प्रदेश सरकार ने पालीथिन विक्रेताओं पर सख्त कार्यवाही करें पालीथिन के प्रयोग से पर्यावरण पर बहुत ही खराब असर पड़ रहा है। और तमाम प्रकार की बीमारियों होती है इस लिये पालीथिन विक्रेताओं के खिलाफ कठोर कार्यवाही के साथ भारी जुर्माना भी लगाया जाये। जिससे ये दोबारा ये कार्य न करे। पालीथिन के प्रयोग से पर्यावरण पर क्या प्रभाव पड़ता है।

पालीथिन के प्रयोग से लोगो द्वारा यूज करने के बाद नाली या खुले मैदान में फेंक दिया जाता है और नालियां चोक हो जाती है ।जिससे मछरो का जनन होता है और तमाम प्रकार की बीमारियां उतपन्न होती है।पालीथिन मिट्टी और जल स्त्रोतों में मिलकर इनको दूषित करती है।

प्लास्टिक हवा और पृथ्वी पानी को प्रदूषित करता है क्यो कि इसमें जहरीले रसायन होते है ये जन्मजात रसायन जन्मजात विकृतियों से लेकर कैंसर तक तांत्रिक प्रणाली को नुकसान पहुचा सकते है और रक्त गुर्दो को प्रभवित। जव की लोगों द्वारा यूज करने के बाद घर के अंदर जूठे सामान को उसी पालीथिन में लपेटकर फेक दिया जाता है जिसको जानवरों द्वारा खाने से कभी-कभी मुह के अंदर फस जाता है और यहाँ तक कई जानवरों के शरीर मे खाने से काफी मात्रा में पालीथिन इकट्ठा होने से इनकी मौत हो जाती है।

### पालीथीन विक्रेताओं पर यह होती है कार्रवाई

पालीथीन विक्रेताओं के ऊपर किस प्रकार की कार्यवाही की जा सकती है। 1-50 माइक्रोन से कम पालीथिन बेचने वालों के खिलाफ चालान की कार्यवाही की जाती है।जैसे 100ग्राम तक वजन 500 रुपये चालान और 5किलो से अधिक पॉलीथिन मिलने पर पच्चीस हजार से लेकर दो लाख तक का जुर्माना और प्रतिबंधित पालीथिन भी जब्त की जाती है। जुर्माना भरने के बाद भी कोई नही मानता है तो ऐसे लोगो के खिलाफ केस दर्ज कर 6 महीने तक की कैद और 1 लाख तक जुर्माना है और पालीथिन और प्लास्टिक बेचने वालों के खिलाफआई पी सी की धारा 188 के तहत कार्रवाई की जाती है। लेकिन यहाँ तो कुछ और ही है न तो किसी साशनिक या प्रशासन का कोई आदेश इनके लिये कोई मायने रखता है हा है तो केवल पैसा कमाने का जुनून है किसी के जिंदगी और बीमारी मौत से कोई मतलब नही है। बस केवल अपने से मतलब है अब देखना है जिले प्रशासन ऐसे पालीथिन विक्रेताओं के खिलाफ कार्रवाई करता है।

# योगी सरकार जल्द लांच करेगी आयुष एप, घर बैठे मिलेंगी आयुष सुविधाएं

## आईआईटी कानपुर के सहयोग से तैयार किया जाएगा आयुष एप, एप से मिलेगी ऑनलाइन ओपीडी की सुविधा, स्वास्थ्य सेवाओं में आएगी पारदर्शिता



योगी सरकार के इस कदम से न केवल आयुष चिकित्सा पद्धतियां आम जनता तक आसानी से पहुंचेंगी, बल्कि स्वास्थ्य सेवाओं में पारदर्शिता भी आएगी। सीनियर सिटीजन को मिलेगी काफी राहत

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार आयुष चिकित्सा पद्धतियों को विश्व पटल पर पहचान दिलाने की दिशा में लगातार काम कर रही है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप आयुष विभाग अब डिजिटल प्लेटफॉर्म पर भी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराने जा रहा है। दरअसल आयुष विभाग आईआईटी कानपुर के सहयोग से एक अत्याधुनिक आयुष एप विकसित करेगा। इससे मरीजों को ऑनलाइन ओपीडी की सुविधा मिलेगी। साथ ही एप पर आयुष विभाग से जुड़ी सभी महत्वपूर्ण जानकारियां भी उपलब्ध कराई जाएंगी। योगी सरकार के इस कदम से न केवल आयुष चिकित्सा पद्धतियां आम जनता तक आसानी से पहुंचेंगी, बल्कि स्वास्थ्य सेवाओं में पारदर्शिता भी आएगी।

### भविष्य में टेली परामर्श, ऑनलाइन रिपोर्ट जैसी सुविधाएं भी मिलेंगी

एप को इस तरह डिजाइन किया जाएगा कि आम नागरिक आसानी से इस्तेमाल कर सकेगा। एप को सुरक्षित, तेज और भरोसेमंद बनाया जाएगा, ताकि मरीजों का डाटा पूरी तरह सुरक्षित रहे। इसमें भविष्य में और भी नई सुविधाएं जोड़ने की योजना है। आने वाले समय में एप के माध्यम से टेली-परामर्श, ऑनलाइन रिपोर्ट और डिजिटल स्वास्थ्य रिकॉर्ड जैसी सुविधाएं भी शुरू की जाएंगी। इससे मरीजों को घर बैठे ही विशेषज्ञ डॉक्टरों की सलाह मिल सकेगी। आयुष चिकित्सा पद्धतियों पर लोगों का भरोसा और मजबूत होगा।

### एप से सीनियर सिटीजन, महिलाओं और दूर-दराज के लोगों को मिलेगी राहत

आयुष प्रमुख सचिव रंजन कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जन-जन तक आयुष चिकित्सा पद्धतियों को पहुंचाना चाहते हैं। ऐसे में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप आयुष एप बनाने के लिए आईआईटी कानपुर से बातचीत चल रही है। उन्होंने बताया कि एप लांच होने के बाद मरीजों को अस्पताल और आयुष केंद्रों में ओपीडी पंजीकरण के लिए लंबी लाइनों में खड़े होने की जरूरत नहीं पड़ेगी। मरीज अपने मोबाइल के माध्यम से घर बैठे ही डॉक्टर से मिलने के लिए ऑनलाइन अपॉइंटमेंट ले सकेंगे। इससे समय की बचत होगी और अस्पतालों में भीड़ भी कम होगी। इस सुविधा से विशेषकर बुजुर्गों, महिलाओं और दूर-दराज के इलाकों से आने वाले मरीजों को काफी राहत मिलेगी। एप के जरिए मरीजों को आयुर्वेद, योग, यूनानी, सिद्ध और होम्योपैथी जैसी आयुष चिकित्सा पद्धतियों से जुड़ी विस्तृत जानकारी मिलेगी। एप पर विभिन्न बीमारियों के लिए उपलब्ध उपचार, दवाओं की जानकारी, नजदीकी आयुष अस्पताल और डिस्पेंसरी की सूची, डॉक्टरों का विवरण और स्वास्थ्य संबंधी सुझाव भी उपलब्ध कराए जाएंगे। इसके अलावा योगी सरकार द्वारा चलाई जा रही आयुष से जुड़ी योजनाओं और कार्यक्रमों की जानकारी भी एप पर मिलेगी।

# महंगी होगी शराब, पीने वालों की बढ़ी मुश्किलें, विभाग का नया प्रस्ताव तैयार

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में एक अप्रैल से नई आबकारी नीति लागू होने जा रही है। यह नीति लागू होने से अंग्रेजी शराब पीने वालों की मुश्किले बढ़ जाएंगी। आबकारी विभाग की नई नीति एक अप्रैल 2026 से लागू होगी।

विभाग ने लाइसेंस शुल्क में दस प्रतिशत बढ़ोतरी का प्रस्ताव भेजा है। यह प्रस्ताव अगर लागू होता है तो क्वार्टर 20 रुपए, हाफ 50 रुपए और फुल बोतल 100 रुपए तक महंगी हो जाएंगी। यह नई नीति लागू होने से सरकार का राजस्व तो बढ़ेगा, लेकिन उपभोक्ताओं की अपनी जेब ढीली करनी पड़ेगी। उत्तर प्रदेश सरकार हर वित्तीय वर्ष में आबकारी नीति में संशोधन करती है। इसका उद्देश्य न केवल शराब के व्यवसाय को नियंत्रित करना, बल्कि राज्य के राजस्व को भी बढ़ाना होता है। इस बार आबकारी 2026 में लाइसेंस शुल्क में करीब दस प्रतिशत की वृद्धि का प्रस्ताव तैयार कर लिया गया है और इसे लखनऊ मुख्यालय से मंजूरी के लिए भेज भी दिया गया है। जानकारी के मुताबिक जनवरी में इस प्रस्ताव पर अंतिम मुहर भी लग जाएगी, जिसके बाद नई दरें लागू होंगी। इस बार भी आबकारी विभाग ने नवीनीकरण की प्रणाली को बरकरार रखा है। इससे साफ है कि नई टेंडर प्रक्रिया आयोजित नहीं की जाएगी।

## खबरें एक नजर में

### बीकेटी में छात्रा ने की आत्महत्या, पेड़ पर लटकता मिला शव

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** बीकेटी थाना क्षेत्र में एक 17 वर्षीय छात्रा ने आत्महत्या कर ली। छात्रा का शव 20 दिसंबर की रात कठवारा के रामगढ़ा गांव में एक पेड़ से लटका मिला। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। परिजनों के अनुसार, अक्षिता उर्फगुड़िया (17) शौच के लिए घर से निकली थी। काफी देर तक घर न लौटने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। तलाश के दौरान, अक्षिता का शव गांव के पास एक चीलवल के पेड़ पर फंदे से लटका हुआ पाया गया। बख्शी का तालाब थाना प्रभारी ने बताया कि 20 दिसंबर 2025 को रात करीब 8.51 बजे रघुनंदन गोस्वामी पुत्र रामसागर ने थाने में लिखित सूचना दी। सूचना पर तत्काल स्थानीय पुलिस बल मौके पर पहुंचा और परिजनों की मौजूदगी में शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी हाउस भेजा गया।

### पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर स्कॉर्पियो पलटी, ठेकेदार की मौत

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ के पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर बीती देर रात स्कॉर्पियो कार के पलटने से उसमें सवार एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। लखनऊ के तिवारीगंज स्थित पारसनाथ सिटी में परिवार के साथ रहते थे। अमरेंद्र लखनऊ में रहकर ठेकेदारी करते थे। उनके परिवार में पत्नी नीतू पाल, बड़ा बेटा शिवांश (11 वर्ष) और छोटा बेटा वैभव है। परिजनों के अनुसार अमरेंद्र अपने दोस्त प्रमोद सिंह के साथ गोरखपुर गए थे। जहां वे अपने ससुर के तेरहवीं संस्कार में शामिल हुए थे। कार्यक्रम के बाद दोनों आजमगढ़ के रास्ते पूर्वांचल एक्सप्रेसवे से लखनऊ लौट रहे थे। बीती रात करीब 12.30 बजे टोल प्लाजा पार करने के कुछ ही देर बाद अचानक सड़क पर एक सुअर आ गया। जिससे की जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर के बाद स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर पलट गई और करीब 200 मीटर तक घिसटती चली गई। हादसा इतना भीषण था कि अमरेंद्र की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि प्रमोद सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए।

### रालोद किसानों, युवाओं व प्रोफेशनल वर्ग की आवाज उठाने वाला दल

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश कार्यालय में बाराबंकी के सैकड़ों लोगों ने राष्ट्रीय लोकदल की सदस्यता ग्रहण की। इस दौरान प्रमुख रूप से रजित राम प्रजापति राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष, भारतीय जन-जन पार्टी भारतीय जन-जन पार्टी के प्रदेश सचिव कमल नयन रावत, सत्यप्रकाश गुड्डू एवं कौशल किशोर वर्मा सहित अनेक लोगों ने राष्ट्रीय लोकदल की सदस्यता ग्रहण की। राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश मीडिया प्रभारी मयंक त्रिवेदी ने यह जानकारी दी। राष्ट्रीय लोकदल की नीतियों, किसान हितैषी सोच तथा प्रोफेशनल मंच के माध्यम से युवाओं और प्रबुद्ध वर्ग को जोड़ने की दिशा में किए जा रहे प्रयासों की सराहना की गई। प्रोफेशनल मंच के प्रदेश अध्यक्ष अम्बुज पटेल ने कहा कि राष्ट्रीय लोकदल देश के किसानों, युवाओं और प्रोफेशनल वर्ग की आवाज को मजबूती से उठाने वाला दल है। आज विभिन्न दलों के प्रबुद्ध लोग पार्टी से जुड़ रहे हैं, जो इस बात का प्रमाण है कि राष्ट्रीय लोकदल की नीतियों पर जनता का विश्वास लगातार बढ़ रहा है।

### रिक्शा चालक के हत्यारों को मिले कड़ी सजा-जद यू

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** जनता दल यूनाइटेड उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष अनूप सिंह पटेल ने प्रतापगढ़ के थाना लीलापुर अन्तर्गत ग्राम सरायताल मकईपुर पोस्ट रामनगर भोजपुर के निवासी दिनेश कुमार वर्मा की हत्या पर गहरा दुख व्यक्त किया है। उत्तर प्रदेश सरकार से मांग की है कि इस घटना की गंभीरता पूर्वक जांच करा कर दोषियों के खिलाफसख्त से सख्त कार्रवाई की जाए। गरीब होने के नाते दिनेश कुमार वर्मा ऑटो रिक्शा चला कर परिवार का जीविकोपार्जन कर रहे थे। विगत पांच दिन पूर्व घर से करीब 20 किलोमीटर दूर कुल्हाड़ी से अज्ञात हमलावरों द्वारा उनकी हत्या कर दी गई और बैटरी ई रिक्शा भी गायब है। इनके 4 बच्चे जिसमे 1 बच्ची की शादी हो गई है, 2 लड़की एवं 1 लड़के की शादी करनी है। प्रदेश अध्यक्ष ने प्रदेश सरकार से मांग की है कि अत्यंत गरीब परिवार का होने के कारण सरकार परिवार को 10 लाख की आर्थिक सहायता प्रदान करे एवं 2 बीघा जमीन कृषि हेतु दे। प्रदेश अध्यक्ष अनूप सिंह पटेल ने पूरे घटनाक्रम की जांच के लिए पार्टी के प्रदेश महासचिव पटेल अभिषेक चौधरी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल का गठन किया था जिसमें डॉ लवकुश पटेल सहित अन्य लोगों ने पीड़ित के घर जाकर वस्तुस्थिति का पता लगाया और पूरे घटनाक्रम से प्रदेश अध्यक्ष को अवगत कराया।

### 13 जनवरी केवल तारीख नहीं, अधिकारों की लड़ाई का मोड़

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** निषाद समाज के अधिकार, सम्मान और स्वाभिमान की लड़ाई को नई दिशा देने के उद्देश्य से आगामी 13 जनवरी को आयोजित होने वाले निषाद पार्टी के बड़े कार्यक्रम की तैयारियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में रविवार को कैबिनेट मंत्री एवं निषाद पार्टी सुप्रीमो डॉ. संजय कुमार निषाद के सरकारी आवास पर दो दिवसीय शिक्षण-प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में प्रदेश के सभी जनपदों से आए कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने सहभागिता की, जिससे संगठन की व्यापकता और मजबूती का स्पष्ट संदेश सामने आया। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए डॉ. संजय निषाद ने कहा कि 13 जनवरी केवल एक तिथि नहीं है, बल्कि यह निषाद समाज के अधिकार, सम्मान और स्वाभिमान की लड़ाई का निर्णायक मोड़ है। उन्होंने कहा कि यदि संगठन मजबूत होगा तो संकल्प ऐतिहासिक बनेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए संगठनात्मक एकजुटता, अनुशासन और सक्रिय जनसंपर्क को उन्होंने सबसे अहम बताया। डॉ. निषाद ने स्पष्ट किया कि यह शिक्षण-प्रशिक्षण शिविर केवल आयोजन की तैयारी भर नहीं है, बल्कि कार्यकर्ताओं को वैचारिक रूप से सशक्त करने और आंदोलन की रणनीति को अंतिम रूप देने का माध्यम है।

## ज्वेलरी शॉप से करीब 300 मीटर दूरी पर 10 दिन पहले खुली नई पुलिस चौकी, बावजूद क्षेत्र में चोरी होने से व्यापारियों में आक्रोश

# चोरों ने ज्वेलरी शॉप का शटर काटकर की डेढ़ करोड़ की चोरी

▸ महिला समेत तीन संदिग्ध सीसीटीवी में कैद



समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** मलिहाबाद में ज्वेलरी शॉप में करीब डेढ़ करोड़ की चोरी हो गई। चोर शटर काटकर शॉप में घुसे। 30 किलो चांदी और 150 ग्राम सोना चोरी कर लिया। चोरों ने सीसीटीवी कैमरों के तार काट दिए और डीवीआर उठा ले गए। पीड़ित की सूचना पर पहुंची पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने छानबीन शुरू की। पड़ोस की दुकान में लगे सीसीटीवी में 3 संदिग्ध युवकों की फुटेज मिली है। घटना 20-21 दिसंबर की रात मलिहाबाद थाना क्षेत्र के रबाब मार्केट में हुई। ज्वेलरी शॉप से करीब 300 मीटर दूरी पर 10 दिन पहले मिर्जापुरी नाम से नई पुलिस चौकी खुली है। बावजूद इसके क्षेत्र में चोरी होने से व्यापारियों में आक्रोश है।

व्यापारियों ने पुलिस को 48 घंटे का अल्टीमेटम दिया है। मलिहाबाद के रहने वाले यूसुफवली बेग रबाब मार्केट में फजल ज्वेलर्स के नाम से ज्वेलरी शोरूम है। 21 दिसंबर की सुबह करीब 7 बजे उनके भतीजे ने बताया कि शॉप का शटर खुला है। अनहोनी की आशंका पर वह शॉप पहुंचे। अंदर जाकर देखा तो सामान बिखरा था। शॉप में रखी 30 किलो चांदी और 150 सोना गायब था। गायब सोने-चांदी की कीमत करीब डेढ़ करोड़ रुपए है। दुकानदार के बड़े भाई राशिद वली बेग ने बताया कि चोर बहुत ही शातिर थे। उन्होंने सीसीटीवी के तार काट दिए। डीवीआर उखाड़ ले गए। इसकी वजह से उनके बारे में सुराग नहीं मिला। पीड़ित ने कहा 10 पहले शॉप से करीब 300 मीटर दूरी पर मिर्जापुर पुलिस चौकी खुली है। चौकी खुलने पर लगा था कि पुलिस की गश्त बढ़ेगी।

अपराध कम होगा, लेकिन ऐसा बिल्कुल नहीं हुआ। स्थानीय दुकानदारों में इसको लेकर आक्रोश है। दुकानदारों ने कहा यदि 48 घंटे में चोर नहीं पकड़े जाएंगे, तो पुलिस के खिलाफ प्रदर्शन किया जाएगा। पीड़ित के पड़ोसी दुकानदार के सीसीटीवी कैमरे में 2 अहम सीसीटीवी फुटेज मिले हैं। उनमें 3 संदिग्ध युवक कैद हुए हैं। उनके साथ में रॉड दिख रहा है। पुलिस मान रही है कि इन्हीं तीनों ने चोरी की है।

हाथ में लिए रॉड से शटर तोड़कर वारदात को अंजाम दिया है। एडीसीपी गोपीनाथ सोनी ने बताया कि सुबह चोरी होने की सूचना मिली। सूचना पर एसएचओ ने टीम के साथ घटना स्थल का निरीक्षण किया। फील्ड यूनिट, डॉग स्क्वायड और अन्य टीमों के साथ मैंने भी घटना स्थल का निरीक्षण किया। सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

### रिश्वत लेते दारोगा गिरफ्तार, निलंबित

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में शनिवार देर रात एंटी करप्शन टीम ने रिश्वत लेते हुए एक दारोगा को रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। कार्रवाई के बाद आरोपित दारोगा को निलंबित कर दिया है। पीजीआई थाना प्रभारी धीरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि अयोध्या के इनायत नगर निवासी पीड़ित शशांक कुमार की कार पीजीआई थाना पुलिस ने सीज की थी। कार रिलीज कराने के लिए न्यायालय में अपील के बाद पीजीआई थाने से रिपोर्ट मांगी गई थी, जिसकी जांच दारोगा अमर कुमार कर रहे थे। उन्होंने जांच के नाम पर पीड़ित से रिश्वत मांग रहे थे। शिकायत मिलने पर एंटी करप्शन टीम ने योजना बनाकर 20 दिसंबर की रात कार्रवाई की। तय योजना के तहत शिकायतकर्ता को केमिकल लगे नोट देकर चौकी भेजा गया। जैसे ही दारोगा ने रिश्वत की रकम ली, बाहर मौजूद टीम ने मौके पर उसे पकड़ लिया।

# फर्जी मार्कशीट-डिग्री बेचने वाले गिरोह का भंडाफोड़, तीन आरोपी गिरफ्तार

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में लखनऊ के गोमतीनगर थाना क्षेत्र में पुलिस ने फर्जी मार्कशीट और डिग्री तैयार कर बेचने वाले एक अंतरराज्यीय गिरोह का पर्दाफाश करते हुए तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई में भारी मात्रा में कूटरचित दस्तावेज, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और नकदी बरामद की गई है।

प्रभारी निरीक्षक गोमतीनगर बृजेश तिवारी ने रविवार को बताया कि 20 दिसंबर 2025 को पुलिस उपायुक्त (पूर्वी) की क्राइम/सर्विलांस टीम और थाना गोमतीनगर की संयुक्त टीम ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए फर्जी/कूट रचित मार्कशीट-डिग्री बनाने वाले गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपितों के कब्जे से विभिन्न विश्वविद्यालयों की 923 फर्जी मार्कशीट व प्रमाण पत्र, 15 कूटरचित मुहरें, नीला इंक पैड, दो लाख रुपये नकद, मार्कशीट प्रिंटिंग पेपर, टाटा हैरियर कार, लैपटॉप, हार्डडिस्क, मोबाइल फोन, प्रिंटर, सीपीयू, रजिस्टर, फाइलें तथा चेकबुक/पासबुक बरामद की गईं। उन्होंने बताया कि पूछताछ में सामने आया है कि आरोपित भोले-भाले विद्यार्थियों को बिना मेहनत डिग्री दिलाने का झांसा देकर उनकी जरूरत के अनुसार फर्जी डिग्री/मार्कशीट उपलब्ध कराते थे।

### पीएम कार्यक्रम व स्वच्छ सर्वेक्षण के तहत नगर आयुक्त ने किया निरीक्षण

**लखनऊ।** नगर निगम लखनऊ के नगर आयुक्त गौरव कुमार द्वारा रविवार को शहर के विभिन्न जोनों में व्यापक निरीक्षण किया गया। यह निरीक्षण आगामी 25 दिसंबर को प्रेरणा स्थल पर आयोजित होने वाले विशेष कार्यक्रम तथा स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 की तैयारियों को लेकर किया गया। नगर आयुक्त ने अपर नगर आयुक्तों एवं नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे से लेकर प्रेरणा स्थल तक विभिन्न प्रमुख मार्गो और बिंदुओं का स्थलीय निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त गौरव कुमार ने शहर की छवि से जुड़े सभी पहलुओं पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

# महिलाओं के लिए सुरक्षा कवच है शक्ति सदन योजना

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** योगी आदित्यनाथ सरकार द्वारा महिलाओं की सुरक्षा, संरक्षण और पुनर्वास को सशक्त बनाने के उद्देश्य से मिशन शक्ति के अंतर्गत चलाई जा रही शक्ति सदन योजना के क्रियान्वयन में तेजी आई है।

मिशन शक्ति योजना की उप योजना सामर्थ्य के अंतर्गत शक्ति सदन की व्यवस्था को 11 जिलों में विस्तार दिया गया है। घरेलू हिंसा,पारिवारिक संकट और विषम परिस्थितियों से गुजर रही महिलाओं को सुरक्षित आश्रय उपलब्ध कराया जा रहा है। संकटग्रस्त महिलाओं के लिए प्रदेश में 14 शक्ति सदन की व्यवस्था की गई है। वर्तमान में मिर्जापुर, सहारनपुर, कानपुर देहात, चित्रकूट, गोंडा और बस्ती में संकटग्रस्त



महिलाएं आसरा पा रही हैं। योजना के अंतर्गत अलीगढ़, आजमगढ़, कानपुर नगर, चित्रकूट, झांसी, गोंडा, बस्ती, मिर्जापुर, वाराणसी और सहारनपुर जनपदों में एक-एक शक्ति सदन जबकि मथुरा जनपद में चार शक्ति सदन की व्यवस्था की गई है। प्रत्येक शक्ति सदन की क्षमता 50 महिलाओं की निर्धारित की गई है। केंद्र और राज्य सरकार द्वारा 1 करोड़ 75 लाख की पहली किश्त प्रशासनिक स्तर पर भवन, संचालन और संसाधनों से जुड़ी प्रक्रियाओं के लिए जारी हो गई है। सरकार का मानना है कि महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित करना सामाजिक दायित्व है। शक्ति सदन जैसी व्यवस्थाएं यह दर्शाती हैं कि योगी सरकार महिला कल्याण को लेकर संवेदनशील और सक्रिय है। मिशन शक्ति के माध्यम से प्रदेश में महिला संरक्षण की नीतियों को व्यवहारिक स्वरूप दिया जा रहा है।

# अटल आवासीय विद्यालय बनेंगे फ्यूचर रेडी लर्निंग हब

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** यूपी में अटल आवासीय विद्यालय अब केवल आवासीय शिक्षा संस्थान नहीं रहेंगे बल्कि आधुनिक तकनीकी शिक्षा और नवाचार के केंद्र के रूप में विकसित किए जाएंगे।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दूरदर्शी विजन के अनुरूप प्रदेश सरकार अटल आवासीय विद्यालय में कम्पोजिट स्किल इनोवेशन लैब स्थापित करने की दिशा में तेजी से काम कर रही है। इस पहल का उद्देश्य ग्रामीण, श्रमिक और वंचित पृष्ठभूमि से आने वाले छात्रों को ड्रोन टेक्नोलॉजी, रोबोटिक्स, ऑटोमेशन, स्पेस साइंस, 3डी प्रिंटिंग और एआई जैसी आधुनिक तकनीकों का व्यावहारिक अनुभव उपलब्ध कराना है। यह पहली बार होगा जब इन वर्गों के छात्र स्कूली स्तर पर



▸ प्रत्येक विद्यालय में कम्पोजिट स्किल, इनोवेशन लैब स्थापना की दिशा में बढ़ रही योगी सरकार

▸ ड्रोन से लेकर स्पेस साइंस तक, छात्रों को मिलेगा अत्याधुनिक तकनीकी प्रशिक्षण

अत्याधुनिक तकनीकी प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। परियोजना को मिशन मोड में लागू किया जाएगा। दो महीने में पायलट प्रोजेक्ट के तहत चयनित विद्यालयों में इनोवेशन लैब की स्थापना की जाएगी। छह महीने के भीतर सभी अटल आवासीय विद्यालयों में लैब पूरी तरह क्रियाशील हो जाएगी। उत्तर प्रदेश भवन एवं सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड की सचिव एवं अटल आवासीय विद्यालयों की महानिदेशक पूजा यादव ने बताया कि परियोजना के लिए आवश्यक वित्तीय संसाधन सुनिश्चित कर लिए गए हैं, जिससे कार्य में किसी प्रकार की बाधा नहीं आएगी।लैब संचालन और प्रशिक्षण के लिए देश की प्रमुख तकनीकी संस्थाओं और विशेषज्ञ एजेंसियों का सहयोग लिया जाएगा।

### सपा नेता सुमैय्या राना को नोटिस, 10 लाख का मुचलका भरने का आदेश

**लखनऊ।** मशहूर शायर मुनव्वर राना की बेटी और सपा नेता सुमैय्या राना को पुलिस ने शांतिभंग की आशंका के चलते 10 लाख रुपए के मुचलके का नोटिस भेजा है। उन्हें एसीपी कैसरबाग की कोर्ट में पेश होने का आदेश भी दिया है। कैसरबाग के एफआई अपार्टमेंट में सुमैय्या राना का फ्लैट है। उन्होंने बताया कि गुरुवार को कैसरबाग पुलिस फ्लैट पर पहुंची और हाउस अरेस्ट कर लिया। उन्होंने हिजाब विवाद में बिहार सीएम नीतीश कुमार और यूपी सरकार के मंत्री संजय निषाद के विरोध में प्रदर्शन करने का ऐलान किया था। उनको शनिवार शाम तक हाउस अरेस्ट रखा गया। इसके बाद शनिवार देर रात पुलिस भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 130 के तहत एक नोटिस लेकर पहुंची।

# युवक की पीट-पीटकर हत्या, पड़ोसी ने लात मारकर खुलवाया गेट

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** राजधानी में युवक की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। युवक की पहचान 30 वर्षीय शिव प्रकाश के रूप में हुई। पुलिस ने मृतक की पत्नी, उसके प्रेमी और उसकी बहन के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। घटना शनिवार आधी रात पारा थाना क्षेत्र के पूर्वीदीन खेड़ा में हुई।

मलिहाबाद थाना क्षेत्र के भदेसरमऊ के रहने वाले शिव प्रकाश पूर्वीदीन खेड़ा में पत्नी के साथ रहते थे। उनके पिता शिवदीन ने बताया बेटे शिव प्रकाश की पत्नी सविता का पड़ोसी सतीश से अवैध संबंध है। उसने मेरे बेटे की हत्या कराई है। इसमें उसकी बहन कविता ने भी साथ दिया है। वहीं, सविता ने कहा सतीश पर पति की हत्या की है। बीच-बचाव के दौरान मुझे भी पीटा है। पुलिस सतीश को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। शिव प्रकाश की पत्नी सविता ने बताया घर से करीब 200 मीटर दूर रहने वाले सतीश से मेरे पति का पुराना विवाद चल रहा है। सतीश के खिलाफ मुकदमा भी दर्ज कराया गया था। इससे सतीश हमारे परिवार से रंजिश रखता है। शनिवार रात करीब 1 बजे वह घर के बाहर पहुंचा। गाली-गलौज करते हुए घर के गेट पर लात मारने लगा। शोर-शराबा सुनकर पति ने गेट खोला। गेट खुलते ही सतीश पति को घसीटते हुए सड़क पर ले गया। वहां लोहे के रॉड से उन पर ताबड़तोड़ वार कर दिए। मैं बचाने पहुंची तो मुझे भी पीटा। पति को मरा समझकर मौके से भाग गया।

### बिजली बकाया ऋण में प्रदेश की स्थिति बेहतर

**लखनऊ।** पावर कॉरपोरेशन जब से निजीकरण की ओर बढ़ा तब से हर मंच पर मौका पाते ही रोना शुरू हो जाता कि सरकार अब घाटा वहन नहीं कर पाएगी। लेकिन भाई जब ऊर्जा सेक्टर को पॉलिटिकल निर्णय से चलाया जाएगा तो राज्य सरकारों को घाटा वहन करना ही पड़ेगा। राज्यों में सब स्टेशन तकनीकी विजिबिलिटी पर नहीं पॉलिटिकल फीजिबिलिटी पर बनते हैं। उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश वर्मा का कहना है कि जब से उत्तर प्रदेश में निजीकरण की बात शुरू हुई तब से पावर कार्पोरेशन प्रबंधन लगातार या बात हर मंच पर कह रह की बिजली कंपनियों का घाटा बहुत बढ़ गया है। सरकार वहन नहीं कर पाएगी। सवाल यह है कि जब राज्य की सरकारी राजनीतिक तौर पर बिजली क्षेत्र में अपना हस्तक्षेप रखेंगे तो घाटा तो बढ़ेगा।

तैयारी

## मेला में हीटर और छोटे एलपीजी सिलेंडर पर पाबंदी से बढ़ी उपलों और मिट्टी के चूल्हों की मांग

# जनवरी में शुरु होने वाला माघ मेला बना ग्रामीणों की आय का जरिया

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** प्रयागराज में त्रिवेणी के तट पर 3 जनवरी से होने जा रहे माघ मेला की शुरूआत के लिए अब दो हफ्ते का समय है। आस्था और अध्यात्म के यह महा समागम लाखों लोगों की जीविका का जरिया भी बन रहा है।

महाकुंभ नगर के अंतर्गत आने वाले गांवों में की ग्रामीण महिलाओं की जीविका के महाकुंभ ने नए अवसर दे दिए हैं। संगम किनारे 3 जनवरी से आयोजित होने जा रहा माघ मेला होटल, ट्रैवल और टेंटेज, फूड जैसे औद्योगिक सेक्टर के साथ छोटे मोटे काम करने वाले लोगों के लिए भी जीविका के अवसर प्रदान कर रहा है।



गंगा किनारे आकार ले रही तंबुओं के इस नगर के अंतर्गत आने वाले 27 गांवों में पशुपालन से जुड़े कार्य में लगे परिवारों की 15 हजार से अधिक आबादी के लिए इस आयोजन ने जीविका का जरिया दे दिया है। नदी किनारे बसे कई गाँवों में इन दिनों ईंधन के परम्परागत रूप उपलों का नया बाजार विकसित होने लगा है। इन गाँवों में नदी किनारे बड़ी तादाद में उपलों की मंडी बन गई है। गाँवों में इन दिनों गोबर से बने उपलों को बनाने में स्थानीय महिलाएं पूरे दिन लगी रहती हैं। मेला क्षेत्र के गंगा किनारे बसे बदरा सोनौटी गांव की विमला यादव का कहना है कि घर में चार भैंस और गाय हैं जिनसे साल भर हम उपले बनाते हैं और इन्हें इकट्ठा करते रहते हैं।

माघ के महीने में कल्पवास करने आने वाले कल्पवासियों के यहां इनको भेजते हैं। मलावा खुर्द गांव की आरती सुबह से ही अपने घर की आम तौर पर खाली रहने वाली महिलाओं के साथ मिट्टी के चूल्हे तैयार करने में जुट जाती हैं। आरती बताती हैं कि माघ मेले में कल्पवास करने आने वाले श्रद्धालुओं का खाना इन्हीं चूल्हों पर तैयार होता है।

### नाविक समाज मेले को लेकर सबसे अधिक उम्मीदें

प्रयागराज सर्वाधिक कमाई करने वाले नाविक समाज में इस बार माघ मेले को लेकर सबसे अधिक उम्मीदें हैं। लगभग कर निषाद परिवार इस समय नई नाव संगम में उतारने की तैयारी में लगा है जिसके पीछे महाकुम्भ 2025 का उसका सुखद अनुभव है। दारागंज के दशाश्वमेध घाट की निषाद बस्ती में रहने वाले बबलू निषाद बताते हैं कि उन्होंने अपने रिश्तेदारों तक को माघ मेले के एक महीने के लिए बुला लिया है। माघ मेले में सरकार की तरफसे जिस तरह 12 से 15 करोड़ लोगों के आने का अनुमान है उसमें अगर 5 करोड़ भी नावों से त्रिवेणी आए तो एक बार नाविक समाज की तकदीर बन जाएगी। कल्पवास करने की शुरुआत करने वालों की संख्या में हर बार इजाफा होता है। एडीएम मेला दयानंद प्रसाद के मुताबिक इस बार माघ मेले में 6 हजार से अधिक संस्थाएं बसाई जा रही हैं।

### पर्यटन विभाग निकालेगा गणतंत्र दिवस पर शोभा यात्रा व झांकी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** यूपी सरकार गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन करने जा रही है। राष्ट्रीय उत्सव को और गरिमामय स्वरूप प्रदान करने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया जा रहा है, जो 'बुंदेलखंड' की थीम पर आधारित होगी। शोभायात्रा के माध्यम से बुंदेलखंड की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, शौर्य, लोक परंपराओं और विविधता को प्रभावशाली रूप में प्रस्तुत किया जाएगा। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने ने बताया कि यह थीम बुंदेलखंड की वास्तुकला, वीरतापूर्ण विरासत तथा सांस्कृतिक पहचान को उसके प्रतिष्ठित किलों–कालिंजर, झांसी, ओरछा, चरखारी और महोबा के माध्यम से प्रस्तुत करेगी, जो साहस, धरोहर और क्षेत्रीय कला-कौशल के प्रतीक हैं। शोभायात्रा के सफल आयोजन के लिए पर्यटन विभाग ने एजेंसी चयन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। शोभायात्रा में कथानक के माध्यम से बुंदेलखंड की गौरवशाली विरासत को सशक्त और प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया जाएगा।

To-LET
3 BHK House, Ground Floor Ratan Khand Aasiyana
TO-LET
मो. 9451803201, 9729530409
(किराए हेतु) सरकारी कर्मचारियों व अधिकारियों को प्राथमिकता

## खबरें एक नजर में

### सर्राफा व्यापारी ने पैसे चुकाने के बाद भी नहीं लौटाए आभूषण

**जलालाबाद, शाहजहांपुर।** जलालाबाद नगर में एक सर्राफा व्यापारी विकास गुप्ता पर एक ग्रामीण ने गिरवी रखे करीब 3 लाख रुपये के सोने-चांदी के आभूषण वापस न करने का आरोप लगा है। थाना अल्लाहगंज क्षेत्र के कुंवरपुर बांक गांव निवासी शिव कुमार पुत्र पुत्तूलाल ने पुलिस अधीक्षक को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि 27 सितंबर 2020 को उसने अपने इलाज के लिए लिए सुभाषचंद्र ज्वैलर्स (प्रो. विकास गुप्ता) की जलालाबाद स्थित दुकान पर सोने चांदी के आभूषण कुल कीमत लगभग 3 लाख रुपये थी। इन्हें 45,000 रुपये में गिरवी रखा गया था। शिव कुमार ने बताया कि उसने 60000 रुपये में ब्याज सहित ताजा कर दिए उसके बाद भी सर्राफा व्यापारी उनका माल वापस नहीं कर रहा है और तरह-तरह के बहाने बना रहा है. उसने पुलिस में शिकायत की परंतु फिर भी न्याय नहीं मिल रहा है। शिव कुमार के अनुसार, जब उसके पास पैसे जमा हो गए, तो उसने 4 मई 2023 को 10,000 रुपये और 22 जून 2024 को 50,000 रुपये, कुल 60,000 रुपये विकास गुप्ता को जमा करा दिए। इसके बावजूद, विकास गुप्ता ने अभी तक गिरवी रखे आभूषण वापस नहीं किए हैं और लगातार टालमटोल कर रहे हैं। पीड़ित ने जब इस मामले की शिकायत जलालाबाद पुलिस से की, तो कोई कार्रवाई नहीं हुई। शिव कुमार का आरोप है कि जब वह दोबारा अपनी दुकान पर जेवर वापस लेने गया, तो विकास गुप्ता, उनकी पत्नी दीपमाला और बेटे वंश ने उसे गालियां दीं और जान से मारने की धमकी दी। शिव कुमार ने ऑनलाइन शिकायत भी दर्ज कराई, लेकिन पुलिस ने उसे बिना बताए फर्जी तरीके से शिकायत का निस्तारण कर दिया।

### आर्य समाज की ओर से वाल्मीकि मंदिर पर हुआ यज्ञ



**तिलहर-शाहजहांपुर।** आर्य समाज के तत्वावधान में नगर के मोहल्ला भक्सी स्थित वाल्मीकि मंदिर पर यज्ञ का किया गया। इस मौके पर वैदिक विद्वान जितेंद्र सिंह आर्य ने यज्ञ की महिमा का बखान करते हुए कहा कि यज्ञ सर्वश्रेष्ठ कर्म है नित्य यज्ञ करने वाला कभी किसी क्षेत्र में पराजित नहीं होता है। कार्यक्रम के दौरान आचार्य जितेंद्र आर्य ने कहा कि यज्ञ में डाला गया पदार्थ अणुओं और परमाणुओं में विभाजित होकर समस्त चर अचर प्राणियों को प्राप्त हो जाता है। सभी देवता यज्ञ के प्रसाद को ग्रहण करते हैं। इसीलिए यज्ञ को देवताओं का मुख कहा गया है। इस अवसर पर पंडित उदित आर्य ने समाज के सभी लोगों से एकजुट रहकर यज्ञ करने का आवाहन किया। उन्होंने सामाजिक बुराइयों से दूर रहने तथा वेद मार्ग पर चलने का आह्वान किया। कार्यक्रम संयोजक बाबा शंभूदेव आर्य (धर्म परिवर्तित) ने उपस्थित सभी लोगों का आभार जताते हए आर्य समाज की सत्संग में आने की अपील की। इस अवसर पर आर्य समाज के मंत्री लोकेश आर्य ने महर्षि वाल्मीकि की महिमा का बखान करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का आवाहन किया। यज्ञ कार्यक्रम में दासीराम आर्य, कृष्ण मुरारी आर्य, राजेंद्र कुमार वाल्मीकि, सुरेश कुमार, सुरेश शर्मा पप्पू सहित तमाम श्रद्धालु शामिल रहे।

### तीन गुने रुपए होने के लालच में 2 लाख की ठगी, करीब ढाई लाख रुपये की लगी चपत

**पुवायां, शाहजहांपुर।** युवक के पास किसी अजनवी व्यक्ति का फोन आया कि आपको 3 लाख रुपए के 9 लाख रुपए देगें। जिसके बाद युवक ने ढाई लाख रुपए दे दिये जिसके बाद उसका फोन बंद होने के बाद उसने ग्रामीणों को जानकारी दी। जानकारी पाकर ग्रामीणों ने ठगी होने की जानकारी दी जिसके बाद युवक पुलिस के पास पहुचा जहां उसने तहरीर देकर मामले की जानकारी दी। पुलिस मामले की जानकारी कर रही है। दो दिन पूर्व गांव सुनारा खुर्द गांव निवासी संदीप सिंह पुत्र अमरसिंह ने के पास साइबर क्राइम का फोन आया उसने कहा कि अगर 3 लाख रुपए मेरे खाते पर डाल दो तो में तुम्हे 9 लाख रुपए दूंगा जिसके लालच में संदीप आ गया ओर उसने करीब 2 लाख पेंतीस हजार रुपये डाल दिए उसके वाद अपने परिजनों को जानकारी दी तो उन्होंने फाड बताया लेकिन उनकी बातों में न आकर उसने ग्रामीणों से रुपए मांगे तो ग्रामीण लोगों ने पूछा तुम्हे किस लिए रुपये की आवश्यकता है। लेकिन संदीप ने टाल मटोल करने लगा लेकिन ग्रामीणो ने सच पूछा उसके बाद उसने सारी सच्चाई बताई। लेकिन ग्रामीणों ने उससे कहा कि तुम फोन लगाओ जब उसका फोन लगाया लेकिन उसने एक बार फोन उठाया उसके बाद उसने फोन उठाना बंद कर दिया। संदीप ने अपने जेवर व लोगों का से ब्याज पर रुपए लेकर उसके खाते में रुपए डाले संदीप इस ठगी का शिकार होने के जानकारी पाकर कोतवाली पहुचा जहां उसने पुलिस को जानकारी दी। ग्रामीणों का कहना है कि लालच बुरी वला है संदीप को लालच न करके उसको जानकारी देनी चाहिए थी ताकि वह इस ठगी से बचा जा सकता था।

# मुख्य चिकित्साधिकारी ने सीएचसी और पीएचसी का किया निरीक्षण

- आरोग्य मेले को प्रभावी बनाने के दिए निर्देश

**तिलहर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



सीएमओ विवेक मिश्रा ने सीएचसी पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने चिकित्साधीक्षक डॉ ओमेंद्र राठौर के साथ पीएचसी नगर, सिउरा, रमापुर, राजनपुर का भी निरीक्षण किया। सीएमओ ने मुख्यमंत्री आरोग्य मेला को प्राथमिकता के साथ संचालित करने पर बल देते हुए आरोग्य मेले से संबंधित अभिलेखों का अवलोकन किया। सीएमओ ने कहा कि आरोग्य मेले के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिलना चाहिए। उन्होंने स्वास्थ्य कर्मियों को निर्देशित किया कि क्षेत्रवासियों को बीमारियों के प्रति सचेत कर उन्हें इसके प्रति जागरूक किया जाए। समय से जांच सुनिश्चित की जाए और जरूरतमंदों को प्राथमिकता के आधार पर दवाइयों का वितरण किया जाए। उन्होंने साफ-सफाई, दवा की उपलब्धता और मरीजों से व्यवहार पर विशेष ध्यान देने की बात कही। सीएमओ ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस मौके पर डॉ अनुराग गुप्ता, फार्मासिस्ट संजीव कुमार, हरिओम समेत स्टाफ मौजूद रहा।

## पुल पर काटा केक, लगा जाम, राहगीर हुए परेशान



**सिंधौली, शाहजहांपुर।** आदित्य राठौर ने अपना जन्मदिन कुछ अलग अंदाज में मनाकर उसे यादगार बना दिया। जन्मदिन के अवसर पर वह अपने दोस्तों के साथ सिधौली क्षेत्र स्थित खन्नौत नदी पुल पर पहुंचे, जहां धूमधाम से केक काटकर जन्मदिन का जश्न मनाया गया। खन्नौत नदी के पुराने पुल पर अचानक युवाओं की भीड़ लगने से कुछ देर के लिए लोगों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। पुल पर मौजूद भीड़ को देखकर वाहनों की रफ्तार थम गई और आने-जाने वाले लोग यह समझने लगे कि शायद कोई हादसा हो गया है। कई राहगीर रुककर यह जानने की कोशिश करते रहे कि आखिर नदी पुल पर इतनी भीड़ क्यों जमा है। जब उन्हें पता चलता कि यहां किसी दुर्घटना की वजह से नहीं बल्कि एक युवक का जन्मदिन मनाया जा रहा है, तो लोग राहत की सांस लेते हुए चुपचाप आगे बढ़ जाते थे जन्मदिन समारोह के दौरान दोस्तों ने केक काटकर आदित्य को शुभकामनाएं दीं और उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस मौके पर आदित्य के साथ उसके मित्र अभिषेक, ऋतिक, आयरन प्रजापति, विवेक, प्रशांत यादव, अंकुर शुक्ला सहित अन्य दोस्त मौजूद रहे। सभी दोस्तों ने आपसी भाईचारे और खुशी के साथ जन्मदिन का उत्सव मनाया।

## दबंगों ने ड्यूटी के दौरान होमगार्ड्स से गाली-गलौज कर दी जान से मारने की धमकी, रिपोर्ट दर्ज

**मिर्ज़ापुर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

थाने में ड्यूटी कर रहे ग्राम पहाड़पुर निवासी होमगार्ड्स संतोष कुमार ने ड्यूटी के दौरान क्षेत्र के ग्राम झपुला निवासी विचित्र आदि तीन नामजद व दस अज्ञात दबंगों पर गाली गलौज व जान से मारने की धमकी दिए जाने की रिपोर्ट दर्ज करवाई है। पीड़ित होमगार्ड्स संतोष कुमार ने मिर्जापुर थाने में दर्ज करवाई रिपोर्ट में कहा है कि वह होमगार्ड के पद पर कार्यरत है। बीती 16 दिसम्बर को उसकी मिर्ज़ापुर कस्बे के चौराहे पर ड्यूटी थी। इस दौरान चौराहे पर ट्रक और मारुति कार में भिड़ंत हो गई। वह ड्यूटी पर होने और दुर्घटना का चश्मदीद होने के कारण दोनों पक्षों को थाने ले गया। जहां उनमें समझौता हो गया। आरोप है कि थाने से वापस आकर दुर्घटना में शामिल मारुति कर स्वामी सुमित पुत्र विचित्र,अवनीश पुत्र नरेन्द्र व नन्हें उर्फ विचित्र सर्व निवासी थाना क्षेत्र के ग्राम झपुला अपने दस अज्ञात साथियों के साथ आए और चौराहे पर सार्वजनिक रूप से ड्यूटी के समय गाली गलौज व जान से मारने की धमकी देने लगे। गाली गलौज सुनकर मौके पर आए लोगों के बीच बचाव करने पर आरोपी धमकी देते हुए चले गए कि तुझे यहां ड्यूटी नहीं करने देंगे। पीड़ित होमगार्ड्स का कहना है कि उपरोक्त आरोपी दबंग किस्म के हैं। जिनसे उसे जान-माल का खतरा है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर सुमित, अवनीश, नन्हें उर्फ विचित्र व 10 अज्ञात लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

## नाले में गिरा गोवंश, गौ प्रेमियों ने बमुश्किल किया रेस्क्यू

**पुवायां, शाहजहांपुर।** कड़कड़ाती ठंड से खुले नाले गोवंश के लिए मुसीबत का सबब बन रहे हैं जिससे नगरपालिका की घोर लापरवाही उजागर हुई है। रविवार को खुटार रोड पर भारतीय स्टेट बैंक के निकट खुले नाले में गिर गया। जिसे मौके पर पहुंचे भाजपा युवा नेता आदित्य चौहान ने आसपास के आसपास के दुकानदारों की मदद से बमुश्किल प्रयास करके रेस्क्यू किया। गौ प्रेमी डॉ. प्रदीप वैरागी ने प्रशासन से गोवंश की दुर्दशा के लिए जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई की मांग की है। राहगीरों ने उनके इस सद्प्रयास की सराहना की। इस अवसर पर आदित्य चौहान, कांशीराम, प्रदीप , विपिन, आनन्द राठौर आदि उपस्थित रहे।

## हाइवे स्थित होटल पर दबंगों द्वारा की गई मारपीट व तोड़फोड़ मामले में रिपोर्ट दर्ज

- होटल मालिक समेत चार घायल, हमलावरों ने दो पुलिस कर्मियों से भी की जमकर अभद्रता
- भाजपा झंडा लगी एक्सयूवी को लिया कब्जे में, सराफ़ा व्यापारी के दो बेटों समेत तीन हमलावर गिरफ्तार
- पुलिस ने भी सिपाहियों से अभद्रता मामले में दर्ज की रिपोर्ट

**मनोज प्रबल**





**तिलहर-शाहजहांपुर।** हाइवे पर पुलिस चौकी से चंद कदमों की दूरी पर स्थित भाजपा नेता के होटल ब्रदर्स इन पर कार सवार दबंगों ने देर रात जमकर तोडफोड की। इस दौरान होटल स्वामी समेत चार लोग घायल हो गए। गार्ड की पिटाई कर गाड़ी में खींच कर डालने की भी कोशिश की गई। वहीं भाजपा नेता के गनर व चौकी के सिपाही से भी जमकर अभद्रता की गई। पुलिस ने तीन हमलावरों को गिरफ्तार कर लिया है। घटना की वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस की ओर से हमलावरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। समाचार भेजे जाने तक होटल स्वामी की ओर से भी घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

बता दें कि शुक्रवार देर रात करीब साढ़े दस बजे पुलिस चौकी नगरिया मोड से चंद कदमों की दूरी पर स्थित भाजपा नेता दिवाकर सिंह उर्फ पंकज के होटल ब्रदर्स इन पहुंचे एक्सयूवी कार सवार दबंगों ने न केवल होटल स्वामी व उनके भाई भतीजे से जमकर मारपीट की बल्कि होटल में भी जमकर तोड़फोड़ भी की थी। इस मौके पर भाजपा नेता दिवाकर सिंह के गनर राहुल चौधरी व घटना की सूचना पर पहुंचे नगरिया मोड़ चौकी के सिपाही सुमित से भी अभद्रता व हाथपाई की गई थी। सूत्र बताते हैं कि घटना की वीडियो वायरल होने पर पुलिस के उच्चाधिकारियों ने घटना का संज्ञान लेते हुए हमलावरों के खिलाफ विभाग की ओर से भी मामला दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं। उधर होटल स्वामी दिवाकर सिंह उर्फ पंकज के गम्भीर घायल होने पर बरेली के एक निजी अस्पताल में इलाज जारी है। भाजपा नेता के भाई नीरज सिंह ने बताया कि हमलावरों ने उनके भाई दिवाकर सिंह को हॉकी से प्रहार कर घायल कर दिया। होटल के गार्ड द्वारा हमलावरों की एक्सयूवी कार का फोटो खींचे जाने पर उन्होंने गार्ड के साथ साथ उनके बेटे स्वयं सिंह पर भी हमला कर घायल कर दिया। बेटे को लहूलुहान और गार्ड को खींच कर गाड़ी में डाल लिया। बकौल नीरज सिंह गनर राहुल चौधरी व नगरिया मोड़ चौकी के सिपाही सुमित के साथ भी हमलावरों ने जमकर अभद्रता की। घटना के दौरान हवाई फायर किए जाने पर हमलावर कार को होटल स्वामी के भाई विक्रम पर चढ़ाते हुए लेकर भाग खड़े हुए। सूचना पर कोतवाल पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने एक्सयूवी कार समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। जिनका शांति भंग में चालान कर दिया गया। उधर पुलिस कर्मी गनर व चौकी सिपाही के साथ हमलावरों द्वारा अभद्रता किए जाने की वीडियो वायरल होते ही पुलिस विभाग में हड़ंप मच गया। नगरीय मोड चौकी इंचार्ज विशेष कुमार की ओर से योगेश, अक्षय, ऋषभ तिवारी व दो अज्ञात हमलावरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। कोतवाल राकेश कुमार सिंह ने बताया कि पकड़े गए आरोपी सदर बाजार निवासी सराफा व्यापारी अनिल कदम के बेटे अक्षय व योगेश तथा मोहल्ला भाटन टोला निवासी ऋषभ तिवारी पुत्र राजीव तिवारी शामिल हैं। अन्य की तलाश की जा रही है। पुलिस कर्मियों के साथ अभद्रता किए जाने के मामले में हमलावरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। होटल स्वामी भाजपा नेता दिवाकर सिंह के भाई नीरज सिंह की ओर से हमलावरों के खिलाफ हत्या का प्रयास करने समेत धारा 307, 308 , 147 323 , 504 , 506 के तहत नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है।

## खुटार के पत्रकारों ने थाने के गेट पर किया प्रदर्शन

**खुटार, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**



शनिवार को क्षेत्र के गांव हरनाई में एक ठेकेदार के द्वारा आम, सागौन और शीशम के पेड़ कटाए जा रहे थे। इसकी जानकारी पत्रकार अनिरुद्ध मिश्रा को हुई, तो वह मौके पर पहुंच गए और उन्होंने खबर कवरेज करने के लिए फोटो और वीडियो बनाने शुरू किया। आरोप है कि तभी ठेकेदार आसिफ ने पत्रकार अनिरुद्ध मिश्रा के साथ गाली गलौज करने के साथी खुटार के अन्य सभी पत्रकारों के लिए अपशब्द बोलते हुए अभद्र भाषा का प्रयोग किया और वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। इसकी जानकारी जब खुटार के अन्य पत्रकारों को को हुई, तो वह पीड़ित पत्रकार अनिरुद्ध मिश्रा के साथ थाने पहुंचे। इसके साथ ही ठेकेदार के खिलाफ तहरीर दी। जिस पर पुलिस ने हल्का सिपाही को तत्काल मौके पर भेज कर ठेकेदार को थाने लाने की बात कही। लेकिन हल्का सिपाही ने ठेकेदार आसिफ को हिरासत में लिया और थाने लाने के बजाय साठगांठ कर उसे रास्ते में ही छोड़ दिया। इसकी भनक जब पत्रकारों को हुई, तो वह भड़क गए और शाम 6:30 के करीब थाना गेट पर दरा बिछाकर धरने पर बैठ गए और सिपाही व ठेकेदार के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी। पत्रकारों के धरने पर बैठकर नारेबाजी करने पर थाना प्रभारी निरीक्षक राजेंद्र कुमार रावत के साथ ही पुलिस क्षेत्राधिकारी प्रवीण मलिक ने पत्रकारों से वार्ता की और उन्हें समझने का प्रयास किया। लेकिन पत्रकार ठेकेदार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने एवं सिपाही के खिलाफ कार्रवाई की मांग पर अड़े रहे। इसके बाद थाना प्रभारी निरीक्षक राजेंद्र कुमार रावत एवं पुलिस क्षेत्राधिकारी प्रवीण मलिक ने रिपोर्ट दर्ज करने का आश्वासन दिया। जिस पर पत्रकार शांत हो गए और धरना प्रदर्शन समाप्त कर दिया। इस मौके खुटार के सभी पत्रकार गण मौजूद रहे।

## कोर्ट के आदेश पर सलेमपुर कबरा की प्रधान और प्रधानपति पर धांधली की रिपोर्ट दर्ज

**मिर्जापुर (शाहजहांपुर), समृद्धि न्यूज़।**

ब्लॉक की ग्राम पंचायत सलेमपुर कबरा निवासी अधिवक्ता प्रेमशंकर ने कोर्ट के आदेश पर ग्राम पंचायत में विकास कार्यों के लिए आए शासकीय धन में धांधली कर छेह लाख 54 हजार एक सौ 28 रुपए फर्जी फर्म के माध्यम से आहरण कर लेने की रिपोर्ट वर्तमान प्रधान कतुकी व इनके पति धर्मराज के विरुद्ध दर्ज करवाई है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। आरोप है कि ग्राम प्रधान कतुकी ने अपने पति धर्मराज के साथ ग्राम पंचायत के आंगनबाड़ी केंद्र की बाउंड्री बाल, हैंडपंप रिबोर, सोलर लाइट, इंटरलॉकिंग आदि के निर्माण में धांधली करके फर्जी फर्म प्रधान बिल्डिंग मैटेरियल के नाम से कूट रचित दस्तावेज तैयार कर 654128 रुपए आहरण कर धांधली की है। ग्राम पंचायत के विकास के लिए आए सरकारी धन की धांधली किए जाने की शिकायत बीडीओ मिर्ज़ापुर, एसडीएम कलान और डीएम से तक की गई। किंतु जांच के बाद भी अधिकारियों ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करवाकर कोई कार्रवाई नहीं की गई। जिससे उसे मजबूरन न्यायालय की शरण लेनी पड़ी। न्यायालय सीजेएम ने थाना मिर्ज़ापुर पुलिस को रिपोर्ट दर्ज के मामले की विवेचना करने के आदेश दिया। न्यायालय के आदेश पर थाना मिर्ज़ापुर पुलिस ने ग्राम प्रधान कतुकी व इनके पति धर्मराज के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

## गाडगे बाबा सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ थे: अजय वर्मा

- राष्ट्र संत गाडगे बाबा 69वें परिनिर्वाण दिवस पर भावभीनी पुष्पांजलि

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**



प्रांतीय अनुसूचित जाति/जनजाति बेसिक शिक्षक संघ के तत्वधान में पुवायां रोड स्थित बुद्ध विहार में राष्ट्र संत गाडगे बाबा 69 वे परिनिर्वाण दिवस पर भावभीनी पुष्पांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अजय वर्मा ने की तथा संचालन महामंत्री विनोद कुमार ने किया जिला अध्यक्ष अजय वर्मा ने कहा कि गाडगे बाबा सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ थे स्वच्छता प्रेमी थे। जिला कोषाध्यक्ष राजीव कुमार वर्मा जी ने बताया की संत गाडगे बाबा बाबा साहब को अपना नेता मानते थे आजीवन घर परिवार का त्याग कर जीवन पर्यन्त दवे कुचले वंचितों को उठाने का और आगे बढ़ने का कार्य किया। महामंत्री विनोद कुमार जी ने कहा की गाडगे बाबा वैज्ञानिक दृष्टिकोण वाले समाज सुधारक थे। दिनेशपाल सिंह नें बताया सार्वजनिक स्वच्छता के सिद्धांतों को मन में बिठाने और समाज में अंधविश्वास को खत्म करने के लिए वे खुद भी लगातार सक्रिय रहे और आजीवन प्रयास किया जीवन लंबा होने की बजाय महान होना चाहिए। लालमान गौतम ने कहा उनके सम्मान में महाराष्ट्र सरकार ने 2000-2001 में संत गाडगे बाबा ग्राम स्वच्छता अभियान की शुरुआत की। वरिष्ठ शिक्षक अमर सिंह जी ने कहा संत गाडगे बाबा कहते थे भूखे को अन्न दो प्यासे को पानी पिलाओ, वस्त्रहीन को वस्त्र दो, दीन दुखियों की सेवा करो, गरीबों की शिक्षा में मदद करो। गाडगे बाबा ने अपना पूरा जीवन समाज में व्याप्त अज्ञानता अंधविश्वास अवांछित रीति रिवाज और परंपराओं को दूर करने के लिए संपूर्ण जीवन समर्पित कर दिया। कर्मवीर जिला मीडिया प्रभारी, अखिलेश गौरव जिला उपाध्यक्ष विनोद कुमार जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष, डॉ. पवन सिंह दिनकर जिला संगठन मंत्री, जितेन्द्र सिंह ब्लॉक अध्यक्ष ददरौल, अरविन्द वर्मा ब्लॉक अध्यक्ष तिलहर, सुधीर जिला मंत्री, धनपाल सिंह ब्लॉक अध्यक्ष कांट सुशील कुमार जिला लेखाकार धनपाल ब्लॉक मंत्री कांट धर्मेन्द्र कुमार, कमलेश निगम, अशोक कुमार (पूर्व एआरपी) आदि पदाधिकारी ने पुष्पांजलि अर्पित करते हुए अपने विचार रखें।

## दहेज की खातिर रिश्ता तोड़ा, मुकदमा दर्ज, जांच शुरू

**जैतीपुर- शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**

क्षेत्र के थाना गढ़िया रंगीन के एक गांव निवासी व्यक्ति ने थाने में रिपोर्ट पंजीकृत कराई। बताया उसनें अपनी बेटी की शादी महरोली टिकुलापुर, बदायूं के गौरव शर्मा से तय की थी। आरोप है कि तिलक समारोह के बाद लड़के पक्ष ने 10 लाख रुपये नकद दहेज की मांग की, जिसके बाद रिश्ता तोड़ दिया गया। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बताया 12 मई 2025 को वह गौरव शर्मा के घर तिलक करने गए। जिसमें 2,51,000 रुपये नकद, 8 ग्राम सोने की अंगूठी, 10 ग्राम सोने की चेन, लगभग 55,000 रुपये के कपड़े और 11,000 रुपये दक्षिणा के रूप में दिए गए। इसके अतिरिक्त, लगभग 15,000 रुपये के फल, मेवे और मिठाइयां आदि दिया।तिलक के बाद गौरव शर्मा और बेटी के बीच मोबाइल पर बातचीत होती रही। जब वह शादी की तारीख तय करने के लिए कहा तो गौरव व उसके परिजनों 10 लाख रुपये नकद दहेज की मांग की। असमर्थता जताने पर शादी से इनकार कर दिया। गढ़िया रंगीन पुलिस ने शिकायत के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी हरकेश सिंह ने बताया जांच की जा रही है।

## लोक विहार में सहजयोग आज का महायोग, जुटी साधकों की भीड़

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**



स्वास्थ संयम और सामंजस्य का रास्ता है योग। भारत ने 175 देशों की मदद से योग को विश्व पटल पर स्थापित किया है। सहजयोग आज के मानव को अपने व्यवसायिक सामाजिक और निजी जीवन को आध्यात्मिक शक्ति के साथ एकीकृत करने में सक्षम बनाता है, उक्त उदगार विश्व ध्यान दिवस के अवसर पर जनपद में सहजयोग केंद्र लोक विहार कालोनी रेती में आयोजित जन सामूहिक कार्यक्रम में सहजयोग विशेषज्ञ पीयूष बेरी ने उपस्थित जनसमूह के सम्मुख प्रकट किये।

सहजयोग के फायदे हमें जीवन के हर क्षेत्र में प्राप्त होते हैं . इंसान हमेशा कुछ चीजों के जवाब सोचता रहता है, कौन क्या कहां, कब कैसे, क्यूं कौनसा, कितना, किस लिए, आगे क्या, उसके आगे क्या, में क्यूं। इंसान की नियती क्या है।आखिरि आधुनिक मानव तनाव से ग्रस्त क्यों है, वो क्या ढूंढ रहा है।वो कुछ ऐसा खोज रहा है जिसकी, उसने सिर्फ़ एक झलक देखी है। झलक उस आनंद की जो आता है आत्मा से, सहजयोग अपनी आत्मा को पाने का, उससे एकाकारिता करने का रास्ता है और श्री माता जी के शब्दों में आप अपने जीवन के मायने तब तक नहीं समझ पाते जब तक आप उस शक्ति से जुड़ नहीं जाते जिसने की आपकी रचना की है। और ये शक्ति वो सर्वव्यापी शक्ति है जो सारे ब्रह्मांड में, हर जगह मौजूद है। संपूर्ण , सर्वज्ञ, संगठन कारी है, जो सारा जीवन कार्य करती है, बीज के अंकुरित होने से लेकर हमारे दिल के धड़कने तक का कार्य, इस शक्ति को अलग 2 नामों से जाना गया है या संबोधित किया गया है। ईसाई धर्म में इसे होली स्प्रिट, इस्लाम धर्म में रूह, यहूदी धर्म में शकीना और हिन्दू धर्म में इसे चैतन्य कहा गया है। इस शक्ति से एकाकारिता करने की प्रक्रिया को विभिन्न नामों से जाना गया। सेल्फ रियलाइजेशन, मोक्ष, लिबरेशन, में निर्वाण, समाधि ओर भी कई अन्य नाम। इस सर्वव्यापी शक्ति का प्रतिबिंब हमारे अंदर स्थित कुण्डलिनी है, जो त्रिकोणाकार अस्थि में सुप्त अवस्था में विराजमान रहती है और इसे जागृत करना पड़ता है। कुण्डलिनी जब उठती है और सर के तालू भाग तक आकर हमारा संपर्क उस सर्वव्यापी शक्ति से करती है तब आत्म साक्षात्कार घटित होता है।

प्राचीन काल से कुण्डलिनी के बारे में जाना गया था लेकिन इस ज्ञान को गुप्त रखा गया। इस ज्ञान को श्री माताजी ने सभी के साथ सहजयोग के माध्यम से बांटा है। जबकि सहजयोग का उद्देश्य लोगों की चेतना का उत्थान करना है। इसके शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर भी अनेक रोग निवारक प्रभाव हैं। सर्वव्यापी शक्ति से एकाकारिता होने से हमारी तंत्रिकाएं और मस्तिष्क ज्योतिर्मय हो जाते हैं। जिसके कारण परा अनुकंपी तंत्रिका तंत्र सक्रिय हो जाता है। इसका अनुभव हमें मिलता है हमारे तालू भाग और हाथों पर महसूस होने वाली शीतल चैतन्य लहरियों से कुण्डलिनी जागरण की मदद से हमें अंदरूनी संतुलन मिलता है। सहजयोग ने वैज्ञानिक स्तर पर कुण्डलिनी जागरण और अच्छे स्वास्थ्य के बीच के संबंध को प्रमाणित किया है। सहजयोग की मदद से हम आज के आधुनिक जीवन के तनाव को कम कर सकते हैं। इस अवसर पर सहजयोग विशेषज्ञ पीयूष बेरी, केंद्र व्यवस्थापक सुशील कुमार समेत अन्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# रैन बसेरे में बेघरों की नब्ज टटोलने पहुंचे एडीएम, कंबल व दवा के दिए पैसे

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



एडीएम वित्त अरविंद कुमार द्वारा अपनी पत्नी सौम्या के साथ शीतलहरी के दृष्टिगत रात्रि सार्वजनिक स्थानों का भ्रमण किया गया, जिसमें उनके द्वारा रेलवे स्टेशन पर जाकर निराश्रित और असहाय व्यक्तियों को कंबल वितरित किया गया।

टाउन हाल में नगर निगम द्वारा संचालित रैन बसेरे का भी निरीक्षण किया गया। रैन बसेरे में साफ सुथरा बेड बिस्तर की व्यवस्था की गई है। रैन बसेरे में रुकी हुई एक बुजुर्ग महिला से हाल लेने पर पता चला कि वह बहुत बीमार है और उसने एक टैबलेट अपनी साड़ी में बांध रखी थी और उसे दिखाते हो वो रोते हुए बोली साहब कई दिन से तबियत खराब चल रही है, इलाज कराने के लिए पैसा नहीं है। एडीएम साहब ने तुरंत उस महिला के लिए दवा का इंतजाम करवाया और कुछ पैसे देकर उसकी मदद की गई। इसके बाद कई जगह प्रशासन द्वारा जलाए जा रहे अलाओ का भी निरीक्षण किया गया और स्थानीय लोगों से अपील की गई कि कोई भी व्यक्ति खुला में सोता हुआ मिल तो उसे नजदीकी रैन बसेरे में पहुंचाने में मदद करें।

# हिंदू युवा वाहिनी संगठन पर्व, अमित त्यागी की उपस्थिति में संगठनात्मक घोषणाएं

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



जनपद के खिरनीबाग में हिंदू युवा वाहिनी संगठन पर्व बड़े उत्साह और संगठनात्मक गरिमा के साथ संपन्न हुआ। हिंदू युवा वाहिनी परिवार का विस्तार किया गया और संगठन को और अधिक मजबूत करने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों की घोषणा की गई। मुख्य अतिथि क्षेत्रीय अध्यक्ष पश्चिमी उत्तर प्रदेश अमित त्यागी उपस्थित रहे। उनके साथ पश्चिमी उत्तर प्रदेश प्रभारी सचिन चौहान, वरिष्ठ उपाध्यक्ष दिनेश शुक्ला, पश्चिमी उत्तर प्रदेश प्रवक्ता आलोक आनंद एवं बरेली मंडल प्रभारी मनोज कश्यप की गरिमामयी उपस्थिति रही। संगठन को नई दिशा देते हुए हिंदू युवा वाहिनी शाहजहांपुर के महानगर अध्यक्ष को नवीन जिम्मेदारी सौंपते हुए क्षेत्रीय उपाध्यक्ष (पश्चिमी उत्तर प्रदेश) एवं बदायूं जिले का प्रभारी नियुक्त किया गया। वहीं संगठनात्मक संतुलन एवं मजबूती को ध्यान में रखते हुए शांतनु गुप्ता को हिंदू युवा वाहिनी शाहजहांपुर का नया महानगर अध्यक्ष घोषित किया गया। मुख्य अतिथि अमित त्यागी ने अपने संबोधन में कहा कि हिंदू युवा वाहिनी राष्ट्रहित, समाजहित और हिंदुत्व की रक्षा के लिए निरंतर कार्य कर रही है। संगठन में नए दायित्व कार्यकर्ताओं की मेहनत और निष्ठा का प्रमाण हैं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे और सभी ने नव नियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए संगठन को और सशक्त बनाने का संकल्प लिया।

## Awakening केवल एक फिल्म नहीं, बल्कि समाज को जागरूक करने का प्रयासः अखिल



**शाहजहांपुर।** महिला सुरक्षा और नारी सम्मान जैसे महत्वपूर्ण सामाजिक विषय पर आधारित शॉर्ट फिल्म Awakening की प्री-रिलीज़ जूम डांस एकेडमी में संपन्न हुई। कार्यक्रम में फिल्म से जुड़े कलाकारों, सहयोगी टीम के सदस्यों, छात्रों और शहर के गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति रही। फिल्म के निर्देशक अखिल सिंह ने इस अवसर पर बताया कि Awakening केवल एक शॉर्ट फिल्म नहीं, बल्कि समाज को जागरूक करने का एक सशक्त प्रयास है। उन्होंने कहा कि फिल्म का मूल उद्देश्य महिलाओं के प्रति सम्मान, सुरक्षा और आत्मबल का संदेश देना है। फिल्म की टैगलाइन है। आज के समय में समाज के लिए अत्यंत प्रासंगिक संदेश देती है। फिल्म की कहानी एक समर्पित डांसर लड़की के जीवन पर आधारित है, जो अपने विश्वास, साहस और मां काली की दिव्य शक्ति के माध्यम से कठिन परिस्थितियों का सामना करती है। कहानी में नृत्य, भावनाओं और आध्यात्मिकता का प्रभावशाली संगम देखने को मिलता है, जो दर्शकों को अंत तक बांधे रखता है। टीम सपोर्ट में रोहित राज, अभिषेक वर्मा, शिप्रा, मनीष, कास्टिंग में श्रेया, नीतू गौतम,अनन्या, असमित, अंकित, अमरजीत,चेतन रहे। मुख्य अतिथि में किशोर कुमार गुप्ता, रागिनी श्रीवास्तव, गौरव शुक्ला रहे। प्री-रिलीज़ कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अतिथियों और दर्शकों ने फिल्म की कहानी, निर्देशन और सामाजिक संदेश की खुलकर सराहना की तथा इसे समाज के लिए प्रेरणादायक बताया। निर्देशक अखिल सिंह ने जानकारी दी कि शॉर्ट फिल्म Awakening को 24 दिसंबर 2025 को YouTube चैनल अखिल डीएनसी एसपीएन पर रिलीज़ किया जाएगा, जहां दर्शक इस फिल्म को देख सकेंगे।

# अल्हागंज जल्द ही बनेगा नया ब्लॉकः सोमवंशी



**शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेश समाजवादी पार्टी के कार्यकारणी सदस्य रामवीर सिंह सोमवंशी ने बताया है कि सन् 2012 का प्रस्ताव मुख्य विकास अधिकारी एवं जिलाधिकारी ने अपनी रिपोर्ट लगाकर ग्राम विकास आयुक्त उत्तर प्रदेश को भेज दी है। सोमवंशी ने बताया है कि ग्राम विकास आयुक्त ने शासन को रिपोर्ट बनाकर भेजी है जिस पर ग्राम पंचायत की चिलौआ मैं ब्लॉक बनाने का जमीन का नक्शा पास कर दिया गया है। ब्लॉक का नाम अल्हागंज रहेगा। लेकिन ब्लॉक चिलौआ में बनेगी। जलालाबाद ब्लाक के दो खंड किए गए हैं। इसमें बराबर बराबर ग्राम पंचायत रहेगी। जिसमें नंबर 1 चौकी आजमपुर ग्राम पंचायत मुड़ियाकला, ग्राम पंचायत खखूड़ी, ग्राम पंचायत ठिंगरी, ग्राम पंचायत कनारी बाग, ग्राम पंचायत गोरा, ग्राम पंचायत देहना, ग्राम पंचायत चौरसिया, ग्राम पंचायत धर्मपुर पड़रिया, ग्राम पंचायत रामपुर, ग्राम पंचायत ज्ञानपुर मंगोल, ग्राम पंचायत ज्ञानपुर चिलौआ, ग्राम पंचायत लालपुर इमलिया, ग्राम पंचायत वजीरपुर, ग्राम पंचायत बेलखेड़ा, ग्राम पंचायत बिचौला, ग्राम पंचायत नगलाहल्लू, ग्राम पंचायत इस्लामगंज, ग्राम पंचायत जेराहीमपुर, ग्राम पंचायत मऊ रसूलपुर, ग्राम पंचायत मऊ शाहजहांपुर, ग्राम पंचायत हुल्लापुर, ग्राम पंचायत रघुनाथपुर, ग्राम पंचायत रावतपुर,ग्राम पंचायत रामपुर बझेड़ा, ग्राम पंचायत मिघोल, ग्राम पंचायत अशरफपुर, ग्राम पंचायत में शामिल किए गए हैं। सोमवंशी ने कहा है की ने ब्लॉक बनने से क्षेत्र का विकास होगा और जनता को जलालाबाद जाना नहीं पड़ेगा काफी दिनों से मैं प्रयास कर रहा हूं कि जिस पर लगभग लगभग ब्लॉक बनना तय हो गया है। सोमवंशी ने कहा है कि जल्दी मंत्रिमंडल से पास होने की उम्मीद है ब्लॉक के सारे कर्मचारियों की संख्या तय हो गई है। यह संबंध में मैंने ग्राम विकास आयुक्त से काफी देर तक चर्चा की जिस पर उन्होंने बताया जल्दी अल्हागंज में नया ब्लॉक बन जाएगा जिस पर उन्होंने अपनी सहमति शासन को भेज दी है सबसे पिछड़ा हमारा क्षेत्र रहा है अब विकास की नई कारण जागेगी मैंने प्रण कर दिया अल्हागंज क्षेत्र का विकास करके दिखाऊंगा क्षेत्र की जनता को 30 किलोमीटर की दूरी कम होगी और गरीब जनता को आसानी से सुविधाएं हासिल होगी।

# लिंटर खोल रहे राजमिस्त्री की दूसरी मंजिल से गिरकर मौत





**खुटार, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

▸ खुटार के मोहल्ला पश्चिमी गढ़ी नई बस्ती मां पथवारी रोड पर हुआ हादसा

गांव पिपरिया भागवत में रहने वाले यूटूबर सोनपाल शर्मा एवं गुड़िया शर्मा के खुटार नगर के मोहल्ला पश्चिमी गढ़ी नई बस्ती में बने नव निर्मित दो मंजिला मकान के लिंटर की शटरिंग खोलते समय खुटार के गांव टाह खुर्द कलां निवासी राजमिस्त्री अकील 35 का पैर फिसलने से नीचे आ गिरे। जिससे उनके सब हाथ पैरों में गंभीर चोटें आई। सूचना मिलते ही मकान मालिक यूट्यूबर सोनपाल शर्मा मौके पर पहुंचे व राजमिस्त्री को घायल अवस्था में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खुटार लेकर पहुंचे। जहां पर मौजूद डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सोनपाल शर्मा ने मामले की सूचना खुटार पुलिस को दी। खबर लगते ही थाना प्रभारी निरीक्षक राजेंद्र रावत मय पुलिस मोके पर पहुंचे। सूचना लगते परिवार के लोग भी मौके पर पहुंच गए। घटना से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। अकील अपने पीछे पत्नी माविया खातून पुत्री रिफा 6 साल पुत्र असद 4 साल पुत्र अर्श 3 साल को रोता बिलखता छोड़ गया। राजमिस्त्री अकील अपने 4 भाइयों में दूसरे नंबर का था।

## खबरें एक नजर में

### अर्नव हॉस्पिटल के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. के.पी. गुप्ता द्वारा किया गया नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



**जलालाबाद।** जलालाबाद के रुस्तमपुर मे स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। आयोजित स्वास्थ्य शिविर में बड़ी संख्या में लोग पहुँचे शिविर में लगभग 130 मरीजों ने स्वास्थ्य परामर्श लिया, जबकि जनता हॉस्पिटल जलालाबाद में हमेशा की तरह इस बार भी मरीजों ने नि:शुल्क उपचार का लाभ उठाया।शिविर में मरीजों को नि:शुल्क परामर्श, नि:शुल्क खून की जांचें, तथा नि:शुल्क दवाएँ उपलब्ध कराई गईं। श्रेष्ठ पैथोलॉजी की टीम ने सभी आवश्यक खून की जांचें बिना किसी शुल्क के कीं, जिससे मरीजों में विशेष उत्साह दिखाई दिया। इस स्वास्थ्य शिविर का आयोजन अर्नव हॉस्पिटल के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. के.पी. गुप्ता द्वारा किया गया। डॉ. गुप्ता लगातार गाँवङ्गगाँव जाकर ऐसे नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन कर रहे हैं और मरीजों को बिना किसी शुल्क के परामर्श तथा उपचार प्रदान कर रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्र के लोगों ने उनकी इस सेवा भावना की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे शिविरों से उन्हें समय पर स्वास्थ्य जांच और इलाज मिल पाता है। स्थानीय लोगों ने बताया कि शिविर की व्यवस्था सुव्यवस्थित थी और नि:शुल्क दवाओं की उपलब्धता से आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों को बड़ी राहत मिली। स्वास्थ्य शिविर के सफल आयोजन से क्षेत्र में स्वास्थ्य-जागरूकता बढ़ने के साथ ही लोगों में खुशी का माहौल बना रहा। वही इस दौरान जनता हॉस्पिटल से आसमा वर्मा,पिंकू वर्मा व अन्य उपस्थित रहे।

### बीएलए अपने बूथ की मतदाता सूची को देखकर अनुपस्थित, मृतक, शिफ्टेड तथा डबल नामो की समीक्षा करेंः तनवीर




**शाहजहांपुर।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर 21 दिसंबर को जनपद के 135 नगर विधानसभा क्षेत्र के मोहल्ला बिजलीपुरा स्थित समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर सपा नगर विधानसभा अध्यक्ष अतिउल्लाह सिद्दीकी की अध्यक्षता में बी.एल.ए की मीटिंग बुलाई गई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सपा जिला अध्यक्ष एवं पूर्व चेयरमैन तनवीर खान पहुंचे। बैठक का मुख्य उद्देश्य वर्तमान में विशेष सघन पुनरीक्षण कार्यक्रम चल रहा है और प्रत्येक सपा के बी.एल.ए अपने बूथ की मतदाता सूची को देखकर अनुपस्थित, मृतक, शिफ्टेड तथा डबल नामो की समीक्षा करें व नए वोट बढ़ाने के लिए 6 नंबर फार्म भरवाकर बीएलओ के पास जमा करवाने तथा बी.एल.ए की जिम्मेदारियों से उसको अवगत कराने के संबंध में चर्चा की गई। इस मौके पर सपा जिला अध्यक्ष तनवीर खान ने कहा कि सभी बी.एल. ए लोगों को अपने-अपने बूथ पर जागरूक रहकर सही वोटो को बचाना है उन्होंने कहा हमारे संज्ञान में आया है कि जो शाहजहांपुर में सराय में रहने वाले भटियारा (महागीर समाज) जिनका जनपद शाहजहांपुर में ही जन्म हुआ और संपत्ति भी शाहजहांपुर में ही है केवल अपनी रोजी-रोटी कमाने के लिए सीजन में दो-तीन माह के लिए दूसरे प्रदेशों में जाते हैं और फिर अपने शाहजहांपुर सराय में ही वापस आ जाते हैं इन लोगों के निवास प्रमाण पत्र तहसील द्वारा जारी नहीं किया जा रहे हैं प्रशासन इनको शाहजहांपुर का नागरिक नहीं मान रहा है उन्होंने जिला अधिकारी से मांग की है कि भटियारा (महागीर समाज) का प्रमाण पत्र तुरंत जारी कराया जाए जिससे उनकी परेशानी दूर हो सके। इस मौके पर सपा नगर विधानसभा अध्यक्ष अतिउल्लाह सिद्दीकी, सपा महानगर अध्यक्ष चौधरी रामकुमार भोजवाल, सपा नगर विधानसभा महासचिव लल्ला सिंह यादव, सपा अल्पसंख्यक सभा के जिला अध्यक्ष हाफिज अंसारी, सपा अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश सचिव सरताज खान, महिला सभा के जिला अध्यक्ष किरन कठेरिया, महिला सभा की महानगर अध्यक्ष जफरीन, सपा पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव मोनू कुरैशी, सलमान प्रधान, पूर्व सभासद दुर्गेश कुमार गुप्ता, पूर्व सभासद असलम अंसारी, खिज़र महबूब खान उर्फ चंदू, इश्तियाक खान अजीज अहमद खान, मोहम्मद फैसल जिला सचिव, मुजीब अहमद, नजीर अहमद, धर्म सिंह यादव,राकेश विश्वकर्मा, रोहित यादव, मोहम्मद हसन, अलवर सिंह यादव, जितेंद्र भोजवाल, रामदीन वर्मा, सचिन दीक्षित जिला सचिव, गुफरान खान, विक्रम श्रीवास्तव, इमरान मंसूरी, अतुल मौर्य, विकास आनंद सक्सेना, जबर सिंह यादव, प्रताप सिंह, सत्येंद्र कुमार एडवोकेट, शमसुद्दीन मलक, अतुल मौर्य, मोहम्मद प्रज्वल प्रधान, नेहाल अरशद खान, सुनील यादव,महिपाल सिंह यादव, सईद खान, साबिर अली इदरीसी, जिया उल्ला, मोहसिन खान सैयद शकील मियां, नीलम, यासीन आशीष कुमार गुप्ता विजय सोनी ओवैस अंसारी मोहम्मद अहमद मोहम्मद तौफीक, राजू, सर्वेश कुमार यादव, मोहम्मद जुबेर खान, मोहम्मद हाशिम, सिद्दीक खान, रिजवान अहमद, मोहम्मद अमन, मुनीर अहमद, मोहम्मद आरिफ, सपा जिला अध्यक्ष के प्रतिनिधि शाहनवाज आदि मौजूद रहे।

# स्कूली छात्रा बस से गिरकर हुई घायल, हालत नाजुक

▸ स्कूल के प्रधानाचार्य व प्रबंध तंत्र पर लगाया लापरवाही का आरोप

**तिलहर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



स्कूल की ओर से बरेली के संस्थान में ले जाए गए छात्र छात्राओं की वापसी के दौरान बस से उतरने के दौरान गिरने से एक छात्रा गम्भीर रूप से घायल हो गई । जिसे सीएचसी से रेफर कर दिया। पीड़ित परिवार की ओर से स्कूल प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुएतहरीर दिए जाने की बात कही है। फिलहाल छात्रा की हालत नाजुक बनी हुई है। कपसेडा स्थित चंदन लाल विशाल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय से शनिवार को प्रधानाचार्य नरेंद्रपाल इंटर मीडिएट व कक्षा ग्यारह के करीब 40 छात्र छात्राओं को बस से बरेली स्थित एक शैक्षिक संस्थाएं में विजिट पर ले गए थे। वापसी के दौरान अपरान्ह करीब साढ़े तीन बजे गुरगिया बहादुर पुर गांव निवासी कक्षा ग्यारह की छात्रा कु चेतना वर्मा 18 को गांव के बाहर हाइवे पर बस से उतारा गया। इस दौरान छात्रा अचानक गिर जाने से गंभीर रूप से घायल हो गई। मां का आरोप है कि स्कूल प्रबंधन की लापरवाही के चलते यह हादसा हुआ है। उसने बताया कि प्रधानाचार्य व प्रबंधक के खिलाफ उसने तहरीर दी है। उधर विद्यालय प्रबंधक वीरेश कुमार शर्मा ने बताया कि प्रधानाचार्य 23 छात्राओं व कुछ छात्रों को लेकर बरेली के लोटस महा विद्यालय विजिट पर ले गए थे। उन्होंने घटना पर खेद जताते हुए छात्रा के इलाज का पूर्ण खर्चा वाहन करने का परिवार को आश्वासन दिया है । जबकि प्रधानाचार्य नरेंद्र पाल ने बताया कि बस से छात्रा के गिरते ही उन्होंने उसे समीप स्थित एक झोपड़ी में पड़े तख्त पर लिटाया। बताया कि छात्रा की मां के आ जाने के बाद उन्होंने अन्य छात्र छात्राओं को विद्यालय जाकर उतारा और वह सीएचसी पहुंचे तब तक परिजन छात्रा को लेकर वाहन से जा चुके थे। चूंकि छात्रा के पिता छत्रपाल वर्मा कलान गए हुए थे। आने पर रविवार को शाहजहांपुर के निजी अस्पताल में दाखिल कराया गया है । फिलहाल छात्रा की हालत नाजुक बनी हुई है।

# कबड्डी प्रतियोगिता में 13 कॉलेजों ने किया प्रतिभाग

▸ विजेता टीम को आयोजकों ने दिया 21 हजार का पुरस्कार



**जैतीपुर, शाहजहांपुर।** क्षेत्र के त्रिमधुरम बैसरा ट्रस्ट ने विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, खेल-कूद और बौद्धिक क्षमता को बढ़ावा देने के लिए प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कबड्डी प्रतियोगिता में क्षेत्र के 13 इंटर कॉलेजों ने प्रतिभाग किया। इस रोमांचक मुकाबले में श्री लटूरी लाल इंटर कॉलेज, जैतीपुर की टीम विजेता रही, जिसे 21,000 रुपये नकद, ट्रॉफी और मेडल से सम्मानित किया गया। शान इंटर कॉलेज, कटरा की टीम उप-विजेता रही और उन्हें 11,000 रुपये नकद, ट्रॉफी और मेडल प्रदान किए गए। सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में क्षेत्र के 21 इंटर कॉलेजों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में प्रसाद विद्यामंदिर कटरा की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जिन्हें तीन लेनोवो टैबलेट, ट्रॉफी और मेडल दिए गए। आदर्श इंटर कॉलेज कटरा की टीम द्वितीय स्थान पर रही और उन्हें तीन साइकिल, ट्रॉफी व मेडल प्रदान किए गए। सेठ रामचन्द्र सिंह इंटर कॉलेज खड़सार ने तृतीय स्थान हासिल किया और उन्हें तीन स्मार्ट वॉच, ट्रॉफी व मेडल से सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त, सभी प्रतिभागी विद्यालयों के प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रशस्ति-पत्र भी प्रदान किए गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज बंथरा के चेयरमैन डॉ. अशोक अग्रवाल रहें।वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में बरेली कॉलेज की जंतु विज्ञान विभाग की प्रोफेसर डॉ. बीनम सक्सेना उपस्थित रहीं। इस दौरान काफी संख्या में शिक्षक मौजूद रहे।

# नेत्र शिविर में पांच मरीज हुए चयनित, 390 मरीज देखे



**रोजा, शाहजहांपुर।** रविवार को बलिया स्थित पंचायत घर में निशुल्क नेत्र परीक्षण का ऑपरेशन शिविर लगाया गया। मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए चयनित किया गया। जांच के बाद दवाइयां भी दी गई। शिविर का शुभारंभ पूर्व अध्यक्ष अजय कुमार ने किया। इस मौके पर उन्होंने बताया प्रति वर्ष निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया जाता है। जिसमें सभी लोगों का चेकअप किया जाता है। अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर पवार द्वारा जांच की गई। मौके पर डॉक्टर रावत, तपस्या रेडी आदि मौजूद रहे।

# आज विश्व के मानचित्र पर हिंदू संस्कृति का प्रभाव बढ़ा हैः वीरेंद्र

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



21 अगस्त को कुटुंब प्रबोधन गतिविधि, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से पुरोहित और कथावाचकों का अभ्यास वर्ग कार्यक्रम संपन्न हुआ। जिसमें पूरे जिले से पुरोहित और कथावाचक जन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता वीरेंद्र मिश्र, प्रांत सह संयोजक कुटुंब प्रबोधन गतिविधि ने बताया कि आज के हमारे समाज में सांस्कृतिक और पारिवारिक मूल्यों को बचाए रखने के लिए पुरोहित और कथावाचक वर्ग के आप महानुभावों का बहुत उत्तरदायित्व है क्योंकि आप लोगो का परिवारों में अधिक प्रभाव रहता है। उन्होंने बताया कि एक ओर जहां इस संस्कृति के उत्थान एवं भारतीय जीवन मूल्यों को संरक्षित करने का कार्य चल रहा है वहीं दूसरी ओर विधर्मी विचारधारा वाले लोग इस संस्कृति को नष्ट करने का कार्य कर रहे हैं। आज विश्व के मानचित्र पर हिंदू संस्कृति का प्रभाव बढ़ा है। ऐसी परिस्थिति में कथावाचकों और पुरोहितों द्वारा संस्कृति एवं जीवन मूल्यों के संरक्षण का कार्य तीव्र गति से प्रारंभ हो ऐसी आवश्यकता है। कार्यक्रम अध्यक्ष सत्यदेव पांडे, महंत परशुराम धाम मंदिर जी ने बताया कि समाज में पाश्चात्य सभ्यता की विकृति को दूर करने के लिए कथावाचकों और पुरोहितों का उत्तरदायित्व बढ़ जाता है। उन्होंने बताया कि आजकल वेश भूषा में सुधार की आवश्यकता है और परिवार में सभी परिवारिजन एक साथ भोजन करे और आपस में अवश्य चर्चा करे ।कार्यक्रम में परशुरामपुरी से महंत अनुज शुक्ल ने पुरोहित और कथावाचकों को अपना स्वयं का वेद और कर्म कांडों का आधार मजबूत करने पर बल दिया। डॉ सत्यप्रकाश मिश्रा ने बताया कि आजकल कथाओं का चलन काफी बढ़ गया है परन्तु क्या वास्तव में इससे धर्म की रक्षा हो रही है। इसके लिए हमको शास्त्र के साथ शस्त्र की भी आवश्यकता है। प्रांत टोली सदस्य डॉ राजकमल दीक्षित जी, विभाग संयोजक श्रीकृष्ण ने भी विचार व्यक्त किए। अंत में महानगर संयोजक कुटुंब प्रबोधन विश्वजीत विक्रम ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में शाहज़ीपुर ग्रामीण के संयोजक अवधेश, सह संयोजक अशोक मिश्र, परशुरामपुरी के संयोजक प्रेम प्रकाश मैथिल, राजकुमार, महानगर सह संयोजक अमित मिश्र अमितेश, सदानंद अग्निहोत्री, लोकेश श्रीवास्तव, अशोक मिश्रा, अनिल श्रीवास्तव, अनिल सक्सेना, अमित कुमार मिश्रा, संजय गुप्ता एवं बड़ी संख्या में कुटुंब मित्र उपस्थित रहे।

### धर्मपरिवर्तन कराने वालों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**रोजा, शाहजहांपुर।** रोजा जंक्शन थाना क्षेत्र के कैलाश नगर कॉलोनी में एक मकान में प्रत्येक रविवार को चोरी छुपकर धर्म परिवर्तन कराया जा रहा था। चंगाई सभा कर आयोजन किया जाता था एवं हिंदू धर्म वालों को लालच देकर धर्म परिवर्तन कराया जाता था। शरीर में प्रत्येक जगह दर्द के निवारण के लिए पानी पीकर दिया जाता था। एक मकान में कई लोगों का आना-जाना लगा हुआ था। जिस पर शक होने पर आसपास के लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस को सूचना मिलते ही हिंदू महासभा के अध्यक्ष बजरंग दल के अध्यक्ष और कई कार्यकर्ता मौके पर पहुंच गए और धर्म परिवर्तन करने वालों को पकड़। रोजा कोतवाल प्रभारी राजीव कुमार ने बताया महिलाओं को शादी में पैसा और नौकरी का लालच देकर धर्म परिवर्तन कराए जाने की सूचना मिली थी। मकान मालिक रामादेवी एंजेल कुमार विवेक कुमार व अन्य के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई।

# एसएस कालेज के संगीत विभाग में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

▸ संध्या ने पहला, संजीत कुमार ने दूसरा और खुशी गुप्ता ने हासिल किया तीसरा स्थान



एसएस कालेज के संगीत विभाग की ओर से भारतीय संगीत की यात्रा-तानसेन से ए. आर. रहमान तक विषय पर एक भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन व पुष्पांजलि से हुआ। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने तानसेन से लेकर ए आर रहमान तक की संगीत यात्रा को विभिन्न कालों में संगीत की दशा और दिशा पर विस्तार से विचार व्यक्त किए।

प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल करने वाली छात्रा संध्या सिंह ने कहा कि भारतीय संगीत एक सतत प्रवाह है, जो समय के साथ रूप बदलता रहा है, परंतु अपनी आत्मा और परंपरा को सहेज कर आगे बढ़ता गया है। तानसेन से ए. आर. रहमान तक की यह यात्रा भारतीय संगीत के विकास, प्रयोग और वैश्विक पहचान को दर्शाती है। दूसरा स्थान हासिल करने वाले छात्र संजीत कुमार ने कहा कि मध्यकालीन भारत में संगीत को दरबारी संरक्षण प्राप्त था। इस काल के महान संगीतज्ञ तानसेन को उत्तर भारतीय शास्त्रीय संगीत का स्तंभ माना जाता है। वे अकबर के नवरत्नों में से एक थे।स्वतंत्रता के बाद भारतीय संगीत में फिल्म संगीत के युग का आगमन हुआ नौशाद, एस. डी. बर्मन, मदन मोहन और शंकर-जयकिशन जैसे संगीतकारों ने शास्त्रीय रागों को लोकप्रिय गीतों में ढालकर आम जनता तक पहुँचाया। तीसरा स्थान हासिल करने वाली छात्रा खुशी गुप्ता ने कहा कि तानसेन ने रागों को व्यवस्थित रूप दिया और ध्रुपद गायन शैली को प्रतिष्ठा प्रदान की। 'राग दीपक' और 'राग मेघ' से जुड़ी कथाएं भारतीय संगीत की आध्यात्मिक शक्ति और लोकविश्वास को दर्शाती हैं। उनके द्वारा स्थापित परंपरा आज भी गुरु-शिष्य परंपरा के माध्यम से जीवित है। जहां तक ए. आर. रहमान का सवाल है तो वे भारतीय संगीत यात्रा के आधुनिक प्रतीक हैं। उन्होंने भारतीय रागों, सूफी परंपरा और लोकधुनों को इलेक्ट्रॉनिक संगीत और वैश्विक साउंड के साथ जोड़ने का काम किया। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका वरिष्ठ पत्रकार सुयश सिन्हा, एस एस कालेज की राजनीति विज्ञान की असिस्टेंट प्रोफेसर व्याख्या सक्सेना, जवाहर नवोदय विद्यालय कासगंज की संगीत शिक्षिका सुकन्या तिवारी ने निभाई।विषय स्थापना और संचालन संगीत विभाग की विभागाध्यक्ष डा. कविता भटनागर ने किया। धर्मवीर सिंह के नेतृत्व में छात्राओं ने सरस्वती वंदना और राष्ट्रगान प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता में अमन कुमार, नीलम, राधा, रुम सिंह, सौम्या दीक्षित, दिव्या सिंह आदि छात्र छात्राओं ने अपने विचार व्यक्त किये।

## मनरेगा अब 'जी राम जी'

सरकार का प्रयास रहेगा कि मनरेगा का वैकल्पिक बिल 'विकसित भारत–गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण)' दोनों सदनों में पारित हो जाए, ताकि राष्ट्रपति के हस्ताक्षर के बाद इसे कानून के तौर पर अधिसूचित किया जा सके। नए बिल को संक्षेप में 'जी–राम–जी' कहा जा रहा है। शायद इसीलिए हिंदी और अंग्रेजी के शब्दों की खिचड़ी बनाई गई है। इसे भाजपा की 'रामवादी राजनीति' से जोड़ कर भी देखा जा रहा है। यह मानसिकता का संकरापन है। बुनियादी चिंता और सरोकार यह होना चाहिए कि जिस भारतीय को काम का संवैधानिक अधिकार हासिल है, क्या उसे 100 अथवा 125 दिन का रोजगार मुहैया कराया जा रहा है अथवा नहीं? जब 2005 में कांग्रेस नेतृत्व की यूपीए सरकार के दौरान 'राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी बिल' तैयार किया गया था, तब भाजपा के वरिष्ठ सांसद कल्याण सिंह की अध्यक्षता वाली संसदीय समिति में बिल पर व्यापक विमर्श किया गया था। संसदीय समिति ने तत्कालीन मनमोहन सरकार को कई सुझाव भी दिए थे। हमारी सूचना है कि अधिकांश सुझाव मान लिए गए थे। यकीनन वह एक ऐतिहासिक प्रयोग था कि देश में गरीब और बेरोजगार अथवा जिसे काम चाहिए, उस व्यक्ति को साल में कमोबेश 100 दिन का रोजगार, केंद्र सरकार के जरिए, उपलब्ध कराया जाएगा। वह संकल्प और कानूनी प्रावधान अधूरे ही रहे, क्योंकि 2006–07 से लेकर 2024–25 तक औसतन 50.24 दिन का रोजगार ही मुहैया कराया जा सका है। वाकई यह सरकार की नाकामियों का स्मारक भी है, लेकिन इसमें कांग्रेस और भाजपा दोनों की ही सरकारें शामिल रही हैं। साल 2008 में भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) की रपट सामने आई, तो बदइंतजामी और गहरे भ्रष्टाचार के आरोप सामने आए। करीब 70 फीसदी ब्लॉक में मनरेगा अफसर ही तैनात नहीं थे। करीब 52 फीसदी पंचायतों में मनरेगा सहायक ही नहीं थे। बंगाल के 19 जिलों में बिना काम ही भुगतान किए गए और फंड के गलत इस्तेमाल किए गए। देश के 19 राज्यों में सर्वे कराए गए, तो अधिकारी और ठेकेदार के मिलीभगत भ्रष्टाचारों का खुलासा हुआ। 2024–25 में, मोदी सरकार के दौरान, 193 करोड़ रुपए का गबन और घोटाला पाया गया। 2025–26 में 23 राज्यों में मनरेगा के तहत या तो काम ही नहीं कराया गया अथवा बजटीय खर्च कम किया गया। बीती 5 दिसंबर को ही राज्यसभा में सरकार ने जानकारी दी थी कि मनरेगा की मद के 9746 करोड़ रुपए बकाया हैं। बजट में मनरेगा के लिए 80,000 करोड़ रुपए आवंटित किए गए थे। चूंकि रकम खर्च नहीं की गई, लिहाजा साफ है कि मजदूरी बांटी नहीं गई, क्योंकि काम उपलब्ध ही नहीं कराया गया। यूपीए सरकार के दौरान ही केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय ने कुछ पेशेवरों, पत्रकार आदि, को प्रतिनिधि बना कर बुंदेलखंड जैसे पिछड़े इलाकों में भेजा था, ताकि मनरेगा का यथार्थ सामने आ सके। उनमें भी भ्रष्टाचार के कई मामले पकड़ में आए थे। दरअसल आज मुद्दा यह नहीं होना चाहिए कि यह योजना राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के नाम पर थी, तो उनका नाम क्यों हटाया गया? पहले मोदी सरकार ने ही संकेत दिए थे कि संशोधित बिल 'पूज्य बापू' के नाम पर होगा, लेकिन जब बिल का मसविदा सार्वजनिक हुआ, तो 'जी–राम–जी' सामने आया। बेशक विपक्ष को महात्मा गांधी के नाम पर आंदोलित होना चाहिए, क्योंकि सरकार 2014 से 2025 तक मनरेगा को यथावत चलाती रही है। कोई नाम–परिवर्तन नहीं। कोरोना वैश्विक महामारी के दौरान सरकार ने 1.11 लाख करोड़ रुपए से अधिक का बजट मनरेगा को आवंटित किया था। मनरेगा ने आम आदमी की बहुत मदद भी की। अब केंद्र 60 फीसदी और राज्य को 40 फीसदी खर्च के लिए बाध्य किया जा रहा है। अधिकांश राज्य भारी कर्ज के तले दबे हैं, लिहाजा काम देने की प्रक्रिया ही प्रभावित होगी। सामाजिक और बौद्धिक स्तर पर भी 'जी–राम–जी' का विरोध किया जा रहा है, क्योंकि उससे काम का अधिकार छिनने का अंदेशा है। बिल को संसदीय समिति को भेजने के आग्रह किए जा रहे हैं। मौजूदा सरकार ने साल में 125 दिन रोजगार का दावा किया है, लेकिन फसलों की बुआई और कटाई के 60 दिनों में 'कामबंदी' भी घोषित की है। बेशक नाम कुछ भी रखें, लेकिन काम की व्यवस्था बरकरार रहनी चाहिए।

# मुद मोद प्रमोद की अभिलाषा

*हृदयनारायण दीक्षित*



**जहां आनंद, मोद, मुद व प्रमोद हैं। यत्रा नंदास च मोदाश्च मुद प्रमोद आसते। जहां कामनाएं तृप्त होती हैं। आप वहां अमृत दें। इस सबके लिए एक आदर्श राज्य व्यवस्था चाहिए। आदर्श राजव्यवस्था के अभाव में राष्ट्र सुखी नहीं होते। इसी प्रार्थना में कहते हैं, जहां विवश्वान का पुत्र राजा है। जहां विशाल नदियां बहती हैं। जहां आनंद का द्वार है। आप हमें वहां स्थायित्व दें। स्तुति है, जहां सूर्य का अखण्ड तेज प्राप्त होता है, उसी क्षेत्र में मुझे अमृतत्व दें। सारी कामनाएं स्वाभाविक हैं, भौतिक हैं, लेकिन एक सुंदर राजव्यवस्था की आवश्यकता की बात महत्वपूर्ण है।**
**आदिम काल में न राजा था और न ही राज्य। अथर्ववेद में राज्यव्यवस्था के जन्म और विकास की सुंदर यात्रा है, पहले राज्यरहित राजा के विकास का सुंदर उल्लेख है, पहले राज्य रहित राजा की दशा थी फिर विकास हुआ। परिवार संस्था आई। फिर विकास हुआ और आह्वनीय दशा आई। इसके बाद विचार विमर्श बढ़े। फिर दक्षिणाग्नि दशा आई। यहां दक्ष विशेषज्ञ दशा का अर्थ है कुशल लोगों का नेतृत्व मिलना। विकास होता रहा। इसी के विकास से समिति बनी। यह राजा को पदासीन करती थी और पद से हटाती भी थी। वेदों में उल्लेख है, राजा समिति में जाता है। अर्थात राजा निरंकुश नहीं है। वह समिति के प्रति उत्तरदाई है।**

अभिलाषाएं अनंत हैं। सबसे बड़ी अभिलाषा आनंद प्राप्ति है, लेकिन संसार दुखमय है। मनुष्य प्राचीनकाल से ही सुखी देश में रहना चाहता है। वेदों में आदर्श राष्ट्र की सुंदर अभिलाषाएं हैं। आधुनिक राजनीति निन्दित क्षेत्र है। संसदीय राजनीति का भाषा शास्त्र ही कर्कश और बहुधा अश्लील है। यहां आरोप हैं, प्रत्यारोप हैं, जाति, क्षेत्र, मजहब, पंथ के उन्माद हैं। लेकिन प्राचीन भारतीय राजनीति लोकमंगल का उपकरण थी। कुछेक विद्वान लोकतंत्र को यूरोपीय परम्परा की देन मानते हैं।

यूरोपीय जनतंत्र और संसद की कल्पनाएं 13वीं सदी के बाद की हैं लेकिन भारत में राजधर्म और नीतिशास्त्र का विकास ईसा पूर्व कम से कम 6-7 हजार वर्ष पहले ही शुरू हो गया था। कौटिल्य का अर्थशास्त्र ईसापूर्व लगभग 340 वर्ष में माना जाता है। मौर्यकाल और कौटिल्य ज्ञात इतिहास में हैं। 'अर्थशास्त्र' के रचनाकाल में राजनीति पर ढेर सारे विचार प्रचलित थे। कौटिल्य के अर्थशास्त्र (वाचस्पति गौरौला के भाष्य) में वृहस्पति, शुक्राचार्य, भारद्वाज, पाराशर, चारायण, नारद आदि पूर्ववत विचारकों का उल्लेख किया गया है। शुक्रनीति में राज्यव्यवस्था का खूबसूरत विवरण है। मसलन, राजा बहुमत के अनुसार कार्य करे-कुर्याद् बहुसंमतम् (अध्याय 1) शुक्रनीति में योग्यता को ही नियुक्ति का आधार माना गया है कर्मियों की नियुक्ति, पदोन्नति योग्यता और काम के आधार पर करे, जाति या कुल के आधार पर नहीं।

शुक्रनीति में मोहित करने वाली राजनैतिक संरचना है। यहां सेना के अंगो पदों के भी नाम व विवरण हैं। प्रधानमंत्री, मंत्री, सचिव, अमात्य व पुरोहित के वेतन सुस्पष्ट रखने के निर्देश हैं। (अध्याय 2) राजा को निर्देश है कि वृक्षारोपण की चिन्ता करे। गांव में गांव के लिए उपयोगी वृक्ष और वनों में जंगली वृक्ष लगाए। (अध्याय 4) राजा को प्रतिदिन के चैबीस घंटो का समय विभाजन करना चाहिए। आय-व्यय की प्रतिदिन जांच जरूरी है। राजा स्वयं को स्वस्थ रखने के लिए व्यायाम करे। (अध्याय 1) अधिकारियों को एक ही स्थान पर न रखने और स्थानान्तरण के भी निर्देश हैं। (अध्याय 2)

कौटिल्य ने अर्थशास्त्र की शुरूवात में ही शुक्राचार्य व वृहस्पति को नमस्कार किया है। उन्होंने वाद-विवाद के अवसर के लिए शुक्रचार्य के मत का उल्लेख किया है।

शुक्रनीति ऐतिहासिक रचना है। गुस्ताव ओपर्ट ने इस ग्रन्थ पर काफी श्रम किया है। उनके विवेचन में यह ईसापूर्व की रचना है। मूलभूत विषय है राजनीति की विषय वस्तु और लोकतंत्र। इस विषय सामग्री का आधार कौटिल्य हैं। शुक्राचार्य हैं। यथार्थवादी दर्शन है। यहां समग्र लोक को मधुमय बनाने वाली राजनीति थी। ऋग्वेद (9.113.10 तथा 9.113.11) में प्रार्थना है, जहां सारी कामनाएं पूरी होती हों-यत्र सत्यस्य परमं निधानं तत्र मा सोमामृतं कृधि। यत्र स्थिर सुखं चास्ति तत्र मा अमृतं कृधि। जहां तृप्ति दायक अन्न हो। हे देवों आप वही स्थायित्व दें। अमृतत्व दें। जहां आनंद, मोद, मुद व प्रमोद हैं। यत्रा नंदास च मोदाश्च मुद प्रमोद आसते। जहां कामनाएं तृप्त होती हैं। आप वहां अमृत दें। इस सबके लिए एक आदर्श राज्य व्यवस्था चाहिए। आदर्श राजव्यवस्था के अभाव में राष्ट्र सुखी नहीं होते। इसी प्रार्थना में कहते हैं, जहां विवश्वान का पुत्र राजा है। जहां विशाल नदियां बहती हैं। जहां आनंद का द्वार है। आप हमें वहां स्थायित्व दें। स्तुति है, जहां सूर्य का अखण्ड तेज प्राप्त होता है, उसी क्षेत्र में मुझे अमृतत्व दें। सारी कामनाएं स्वाभाविक हैं, भौतिक हैं, लेकिन एक सुंदर राजव्यवस्था की आवश्यकता की बात महत्वपूर्ण है।

आदिम काल में न राजा था और न ही राज्य।

अथर्ववेद में राज्यव्यवस्था के जन्म और विकास की सुंदर यात्रा है, पहले राज्यरहित राजा के विकास का सुंदर उल्लेख है, पहले राज्य रहित राजा की दशा थी फिर विकास हुआ। परिवार संस्था आई। फिर विकास हुआ और आह्वनीय दशा आई। इसके बाद विचार विमर्श बढ़े। फिर दक्षिणाग्नि दशा आई। यहां दक्ष विशेषज्ञ दशा का अर्थ है कुशल लोगों का नेतृत्व मिलना। विकास होता रहा। इसी के विकास से समिति बनी। यह राजा को पदासीन करती थी और पद से हटाती भी थी। वेदों में उल्लेख है, राजा समिति में जाता है। अर्थात राजा निरंकुश नहीं है। वह समिति के प्रति उत्तरदाई है।

आधुनिक काल में ज्यादातर राज व्यवस्थाएं किसी न किसी रूप में लोकतांत्रिक हो गई हैं। अमेरिकी राज्यव्यवस्था में राष्ट्रपति की प्रभुता है। रूस में राष्ट्रपति का वर्चस्व है। ब्रिटेन में संसद की प्रभुता है। भारत में संविधान की सर्वोपरिता है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में मतदान का बहुत महत्व है। विचार आधारित पार्टियां चुनाव के दौरान अपने पक्ष में वातावरण बनाती हैं। राजनैतिक दल चुनाव में अपने प्रत्याशी खड़े करते हैं। किसी भी राजनीतिक दल के लिए संगठन बनाना जरूरी है। कार्यकर्ता आधारित संगठन पार्टी के पक्ष में लोकमत बनाते हैं। सारी दुनिया में राष्ट्रवादी संगठन हैं। भारत का स्वाधीनता संग्राम भी राष्ट्रवादी था। आज कथित सेकुलरवादी संगठन और व्यक्ति हिंदुत्व को सांप्रदायिक बताते हैं। लेकिन स्वाधीनता संग्राम के प्रमुख योद्धा महात्मा गांधी ने लिखा था कि, मुझसे हिंदुत्व निकाल दो तो मेरे पास कुछ नहीं बचेगा।

स्वाधीनता संग्राम के आगे-पीछे कांग्रेस राष्ट्रवादी संगठन भी थी। संगठन अपरिहार्य है। वामपंथी भी संगठन की महत्ता जानते थे। स्वाधीनता के बाद सांप्रदायिकता चरम पर थी। भारत विभाजन हो चुका था। पाकिस्तान सांप्रदायिक आधार पर बंट गया था। धीरे-धीरे संगठन का तेज घटा। पंडित नेहरू के नेतृत्व में सरकार तो थी, लेकिन संगठन नहीं था। 1951 में भारतीय जनसंघ का जन्म हुआ। इसका सांगठनिक ढांचा धीरे-धीरे मजबूत हो रहा था। संगठन के चुनाव होते थे। संगठन आंतरिक लोकतंत्र से समृद्ध था। तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी ने अनावश्यक रूप से आपातकाल (1975) लगाया। जनसंघ सहित सभी दलों के कार्यकर्ता जेलों में भेज दिए गए। आपातकाल हटाने के बाद 1977 में संगठन कांग्रेस, सोशलिस्ट और लोकदल तथा भारतीय जनसंघ ने मिलकर जनता पार्टी बनाई। उच्च उद्देश्यों से सशक्त होने के बावजूद जनता पार्टी के पास संगठन का ढांचा नहीं था। जनसंघ घटक के लोगों पर दोहरी सदस्यता के आरोप लगे। जनता पार्टी टूट गई।

कांग्रेस कई दफा टूटी। पहली टूट में एक धड़ा कांग्रेस (ओ) और दूसरा कांग्रेस (आई) कहलाया। कांग्रेस की टूट से ही तृणमूल कांग्रेस बंगाल में व राष्ट्रवादी कांग्रेस महाराष्ट्र में बनी। जनता दल बेमेल संगठन टूटा। एक धड़ा जनता दल एस व एक धड़ा जनता दल यू हो गया। अटल बिहारी वाजपेई के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी बनी। भाजपा के संगठन पर कई विदेशी भारतीय विद्वानों ने शोध किया है और आश्चर्य व्यक्त किया है कि भारत जैसे विशाल देश में ऐसा मजबूत संगठन विचारणीय है।

विचार

# दिव्य कला मेला : दिव्यांग जनों की मेधा व रचनात्मकता का उत्सव

*विवेक शुक्ला*

इंडिया गेट पर जहां नेताजी सुभाषचंद्र बोस की आदमकद मूर्ति स्थापित है उसके आसपास बीते दिनों रोज हजारों लोग पहुंच रहे थे। ये सब नेताजी की मूर्ति को नमन करने के बाद दिव्यांग जनों की प्रतिभा, रचनात्मकता और उद्यमिता को देख कर मंत्रमुग्ध हो रहे थे। मौका था दिव्य कला मेला-2025 का। अब इस तरह के मेले देश के सभी राज्यों में आयोजित हो रहे हैं। इस मेले में आए दिव्यांग कलाकारों और उद्यमियों के स्टॉल लगे, जहां वे हस्तशिल्प, चित्रकला, ज्वेलरी, खाद्य उत्पाद और अन्य हस्तनिर्मित वस्तुओं का प्रदर्शन कर रहे थे। यह मेला दिव्यांगों की क्षमताओं को मुख्यधारा में लाने का महत्वपूर्ण प्रयास है। ऐसे मेलों का आयोजन न केवल दिव्यांगजनों को आर्थिक अवसर प्रदान करता है बल्कि समाज में समावेशिता की भावना को मजबूत करता है। इसके साथ ही, अपने पास ही नेताजी सुभाष चंद्र बोस की मूर्ति को देख कर इनमें अवरोधों को पार करने का जोश आता।

दिव्य कला मेला जैसे आयोजनों के लाभ बहुआयामी हैं। सबसे पहले, ये आर्थिक सशक्तिकरण के सशक्त माध्यम हैं। भारत में करोड़ों दिव्यांग जन हैं, जिनमें से बड़ी संख्या में ग्रामीण क्षेत्रों से आते हैं और रोजगार के अवसरों से वंचित हैं। ऐसे मेलों में स्टॉल लगाने का अवसर मिलने से वे अपने उत्पादों को सीधे उपभोक्ताओं तक पहुंचा सकते हैं। उदाहरण के लिए, इस वर्ष मेले के 28वें संस्करण में सैकड़ों दिव्यांग उद्यमी भाग लेने आए, जो अपने हस्तशिल्प बेचकर आय अर्जित कर रहे हैं। यह न केवल उनकी आर्थिक स्वतंत्रता बढ़ाता है बल्कि उन्हें बाजार की समझ भी देता है। सरकार की तरफ से दी जाने वाली स्टॉल की सुविधा और यात्रा भत्ता जैसी मदद इन्हें बिना किसी अतिरिक्त बोझ के इस मेले में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करती है। इन्हें रहने के लिए प्रतिदिन 2200 रुपए मिले। परिणामस्वरूप, कई दिव्यांग जन छोटे व्यवसाय स्थापित कर आत्मनिर्भर बनते हैं, जो गरीबी उन्मूलन में योगदान देता है।

दूसरा प्रमुख लाभ सामाजिक समावेशिता का भी है। समाज में दिव्यांगजनों के प्रति अक्सर पूर्वाग्रह और दया की भावना रहती है लेकिन ऐसे मेलों से यह धारणा बदलती है। मेले में एक्सेसिबिलिटी सिमुलेशन जोन जैसी सुविधाएं हैं, जहां सामान्य लोग दिव्यांगता की चुनौतियों का अनुभव कर सकते हैं। इससे सहानुभूति और समझ बढ़ती है, जो एक समावेशी समाज की नींव रखती है।

दिल्ली जैसे महानगर में इंडिया गेट पर आयोजित होने से इस मेले ने बहुत बड़ी संख्या में पर्यटकों और स्थानीय निवासियों को आकर्षित किया, जो दिव्यांग कलाकारों की प्रतिभा देखकर प्रेरित हुए। इससे दिव्यांगजन स्वयं को मुख्यधारा में शामिल महसूस करते हैं और उनका आत्मविश्वास भी बढ़ता है। ऐसे आयोजन विकलांगता के प्रति जागरूकता फैलाते हैं, जो शिक्षा और रोजगार नीतियों में सुधार लाते हैं। उदाहरणस्वरूप, देश में पिछले दशक में दिव्यांगजनों के लिए आरक्षण और योजनाएं बढ़ी हैं और मेलों जैसे प्लेटफॉर्म इन योजनाओं का प्रचार करते हैं।

दिव्य कला मेला में प्रदर्शित उत्पाद भारतीय संस्कृति की विविधता को भी दर्शाते हैं- राजस्थानी हस्तकला से लेकर पूर्वोत्तर के बांस उत्पाद तक। यह न केवल सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करता है बल्कि दिव्यांग कलाकारों को अपनी कला को वैश्विक स्तर पर ले जाने का मौका देता है। मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रम, नृत्य और संगीत




प्रदर्शन होते रहे, जो दिव्यांगजनों की बहुमुखी प्रतिभा को उजागर करते हैं। इससे युवा पीढ़ी प्रेरित होती है और दिव्यांग बच्चे अपने सपनों को साकार करने के लिए उत्साहित होते हैं। पर्यावरणीय दृष्टि से भी ये मेला लाभदायक हैं क्योंकि कई उत्पाद पर्यावरण-अनुकूल सामग्रियों से बने होते हैं, जो सतत विकास को बढ़ावा देते हैं।

अब कुछ दिव्यांगजनों की सफलता की कहानियों पर नजर डालते हैं, जो इन मेलों की प्रेरणा बन सकती हैं। पहला उदाहरण है- खुशी का। वह उत्तर प्रदेश के गोरखपुर की रहने वाली हैं। उन पर एसिड अटैक हुआ था। कानूनी मामले चल रहे हैं। वो मेले में अपने हाथों से बनी सुंदर डायरियां और बैग वगैरह बेच रही थीं।

बात नीतू की। वह देख सकने में असमर्थ हैं लेकिन अपनी कला के माध्यम से सफलता प्राप्त की है। नीतू ने अपनी कशीदाकारी की कला को जीवन का हिस्सा बनाया और आज वह प्रसिद्ध कशीदाकारी कलाकार के रूप में जानी जाती हैं। दिव्य मेला जैसे आयोजनों ने उन्हें एक मंच प्रदान किया, जहां उन्होंने अपनी कला का प्रदर्शन किया और समाज से सराहना प्राप्त की। साथ ही अपने जैसे अन्य दिव्यांगजनों को भी प्रशिक्षित किया है।

**एक अन्य उदाहरण:-** ज्योति कुमारी का है जिन्होंने शारीरिक विकलांगता के बावजूद फैशन डिजाइनिंग की दुनिया में पहचान बनाई। दिव्य मेला में उनके द्वारा डिज़ाइन किए गए कपड़े और सामान प्रदर्शित किए गए, जो बहुत ही सुंदर और शैलियों से भरपूर थे। उनकी सफलता ने यह साबित कर दिया कि दिव्यांगजन किसी भी क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त कर सकते हैं, बशर्ते उन्हें सही दिशा और अवसर मिले।

इन कहानियों से पता चलता है कि दिव्य कला मेला जैसे प्लेटफॉर्म इन सफलताओं को और बढ़ावा दे सकते हैं।

कुल मिलाकर, ऐसे मेलों से समाज का सामूहिक विकास होता है, जहां हर व्यक्ति की क्षमता का सम्मान किया जाता है। यह मेला सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग (DEPwD) द्वारा आयोजित किया जा रहा है, जो दिव्यांगों की क्षमताओं को मुख्यधारा में लाने का महत्वपूर्ण प्रयास है।

***(लेखक, जाने-माने वरिष्ठ पत्रकार हैं।)***

साहित्य



## रिक्त

**अनीता वर्मा**

मैंने आवाज़ हवा को दी
वह बह सके
रूप जंगल को दिया
वह कुछ कह सके
साँसें समुद्र को दीं
वह रहे तरंगित
पंख पहाड़ों को दिए
वे आएँ सपनों में चलकर
प्रेम को दी आत्मा
इस तरह हुई मैं रिक्त





## राशिफल

**मेष:-** भावना से उद्वेलित मन निकट संबंधों के सुख-दुख के प्रति चिंतित होगा। पूर्वाग्रहवश संबंधियों के प्रति नकारात्मकता को न पालें।

**वृषभ:-** भौतिक महत्वकांक्षाएं अभाव का एहसास कराएंगी। अच्छी योजनाओ द्वारा महत्वपूर्ण कार्य को समयानुकूल पूर्ण करेंगे।

**मिथुन:-** भावनाओं पर नियंत्रण रख अपने दायित्वों के प्रति सजग होना प्रगति का सूचक है। बचकाना स्वभाव महत्वपूर्ण क्षेत्रों में एकाग्रता का अभाव पैदा करेगा।

**कर्क:-** महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां अपनी पूर्ति हेतु मन पर दबाव बनाएंगी। कुछ नयी आकांक्षाएं मन पर प्रभावी होंगी। भौतिक-सुख साधन में व्यय संभव। परिजनों से किसी प्रकार की शिकायत पर खुलकर बात करें।

**सिंह:-** किसी श्रेष्ठजन के प्यार से मन प्रसन्न होगा। किसी की कटु वाणी मन को दुखित कर सकती है। उच्च महत्वकांक्षाएं व्यावसायिक क्षेत्र में अधिक परिश्रम के लिए प्रेरित करेंगी।

**कन्या:-** नये संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। पारिवारिक वातावरण सुखद व उत्साहपूर्ण होगा। जीविका क्षेत्र में मन आर्थिक सुदृढ़ता हेतु प्रयत्नशील होगा।

**तुला:-** कुछ नयी अभिलाषाएं आपको उत्साहित करेंगी। किसी महत्वपूर्ण दायित्व की पूर्ति हेतु समुचित व्यवस्था हेतु मन चिंतित होगा।

**वृश्चिक:-** किसी पुराने संबंध के प्रति विशेष निकटता की अनुभूति करेंगे। क्षमता से अधिक जिम्मेदारियां अर्थिक सुदृढ़ता हेतु प्रेरित करेंगी।

**धनु:-** रोजगार क्षेत्र में आपकी महत्वपूर्ण योजनाएं सार्थक होती हुई नजर आएंगी। श्रेष्ठजनों से नजदीकियां पैदा होंगी। व्यावसायिक यात्राएं करनी पड़ सकती हैं। कुछ प्रबल इच्छाएं आपको उद्वेलित करेंगी।

**मकर:-** सामाजिक गतिविधियों में आपकी क्रियाशीलता बढ़ेगी। अच्छी भावनात्मक अभिव्यक्ति से संबंधों में मधुरता बढ़ेगी। राजनीति से जुड़े लोगों के लिए समय अनुकूल रहेगा।

**कुंभ:-** पुरानी समस्याओं को हल कर सुख की अनुभूति करेंगे। शासन-सत्ता से जुड़े लोगों को लाभ के अच्छे अवसर प्राप्त होंगे।

**मीन:-** पिता के सहयोग से मुश्किल दिनों में राहत मिलेगी। आकस्मिक नई आशंकाओं से प्रभावित मन कोई गलत निर्णय ले सकता है।

# वैश्विक अर्थव्यवस्था व्यापार व युद्ध में अवलंबित आवश्यकताओं पर निर्भर रिश्ते

*संजीव ठाकुर*

विश्व आज जिस मोड़ पर खड़ा है वहाँ रिश्तों की भाषा धीरे-धीरे संविदाओं, समझौतों, अनुबंधों और लाभ-हानि के गणित में बदल चुकी है। मानवीय संवेदना, सांस्कृतिक आत्मीयता और नैतिक दायित्वों की जगह सामरिक हितों और व्यापारिक समीकरणों ने ले ली है। वैश्विक व्यवस्था अब मित्र-शत्रु की नहीं बल्कि उपभोक्ता-आपूर्तिकर्ता, निवेशक-बाजार और शक्ति-संतुलन की भाषा में स्वयं को परिभाषित कर रही है, अमेरिका, रूस और चीन जैसे महाशक्तियों से लेकर भारत, यूरोप और सऊदी अरब तक सभी राष्ट्र या तो युद्ध की आशंका से संचालित हैं या व्यापार की अनिवार्यता से, और अक्सर दोनों एक-दूसरे में इस तरह गुंथे हुए हैं कि अलग-अलग पहचानना कठिन हो गया है।

शीत युद्ध के बाद यह आशा की गई थी कि विश्व सहयोग, बहुपक्षीयता और साझा विकास की दिशा में आगे बढ़ेगा किंतु इक्कीसवीं सदी का यथार्थ बताता है कि तकनीक, ऊर्जा, हथियार, दुर्लभ खनिज, खाद्य सुरक्षा और जलवायु जैसे मुद्दे नए प्रकार के संघर्षों को जन्म दे रहे हैं जहाँ युद्ध केवल बंदूकों और मिसाइलों से नहीं बल्कि प्रतिबंधों, टैरिफ, आपूर्ति श्रृंखलाओं के अवरोध, साइबर आक्रमण और सूचना युद्ध से लड़े जा रहे हैं। अमेरिका वैश्विक मुद्रा व्यवस्था, तकनीकी वर्चस्व और सैन्य गठबंधनों के माध्यम से अपनी स्थिति बनाए रखना चाहता है जबकि चीन उत्पादन, निर्यात, आधारभूत ढाँचे और नवाचार के बल पर विश्व बाजार का केंद्र बनने की ओर अग्रसर है। रूस ऊर्जा संसाधनों और सामरिक शक्ति को अपने प्रभाव का आधार बनाकर पश्चिमी वर्चस्व को चुनौती देता है, यूरोप सुरक्षा के लिए नाटो पर निर्भर रहते हुए भी ऊर्जा, आप्रवासन और आर्थिक मंदी की दुविधाओं से जूझ रहा है, (भारत एक ओर आत्मनिर्भरता और बहुपक्षीय संतुलन की नीति अपनाते हुए वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में विश्वसनीय भागीदार बनना चाहता है तो दूसरी ओर अपनी सीमाओं और सुरक्षा को लेकर सतर्क है)। सऊदी अरब और खाड़ी देश तेल और गैस के माध्यम से वैश्विक राजनीति में निर्णायक भूमिका निभाते हुए धीरे-धीरे अर्थव्यवस्था के विविधीकरण और तकनीकी निवेश की ओर बढ़ रहे हैं, इन सभी उदाहरणों में एक साझा सूत्र यह है कि रिश्ते स्थायी नहीं रहे, हित स्थायी हो गए हैं, आज कोई देश दूसरे देश का मित्र इसलिए नहीं है कि उसके साथ ऐतिहासिक या सांस्कृतिक निकटता है बल्कि इसलिए है कि उससे उसे ऊर्जा मिलती है, बाजार मिलता है, तकनीक मिलती है या सुरक्षा की गारंटी मिलती है, युद्ध भी अब केवल भूभाग या विचारधारा के लिए नहीं बल्कि संसाधनों, प्रभाव क्षेत्रों और आपूर्ति मार्गों के नियंत्रण के लिए लड़े जा रहे हैं, यूक्रेन संघर्ष ने यह स्पष्ट कर दिया कि एक क्षेत्रीय युद्ध कैसे वैश्विक ऊर्जा कीमतों, खाद्यान्न आपूर्ति और मुद्रास्फीति को प्रभावित कर सकता है, मध्य-पूर्व की अस्थिरता दिखाती है कि तेल, धर्म, भू-राजनीति और हथियार उद्योग कैसे एक-दूसरे को पोषित करते हैं, एशिया-प्रशांत क्षेत्र में तनाव यह संकेत देता है कि तकनीकी श्रेष्ठता और समुद्री मार्गों का नियंत्रण आने वाले समय की सबसे बड़ी रणनीतिक चुनौती है, विज्ञान और तकनीक जो कभी मानव कल्याण के साधन माने जाते थे आज वे भी सामरिक प्रतिस्पर्धा के उपकरण बन गए हैं। कृत्रिम बुद्धिमत्ता, अर्धचालक, अंतरिक्ष तकनीक और जैव-प्रौद्योगिकी पर नियंत्रण अब राष्ट्रों की शक्ति का नया पैमाना है, जो देश इन क्षेत्रों में आगे है वही वैश्विक नियम तय करने की क्षमता रखता है, व्यापार अब केवल वस्तुओं का लेन-देन नहीं रहा बल्कि मूल्यों, मानकों और निर्भरता का निर्माण बन गया है, जब कोई देश किसी दूसरे देश पर तकनीक या कच्चे माल के लिए निर्भर होता है तो उसकी विदेश नीति स्वतः ही सीमित हो जाती है, इसी कारण आत्मनिर्भरता की बातें बढ़ी हैं किंतु पूर्ण आत्मनिर्भरता आज के वैश्विक ताने-बाने में एक भ्रम जैसी प्रतीत होती है, वास्तविकता यह है कि विश्व परस्पर निर्भर है पर यह निर्भरता समान नहीं है, कहीं कोई देश नियम बनाता है तो कहीं कोई देश केवल उनका पालन करता है, इस असमानता ने अविश्वास को जन्म दिया है और अविश्वास ने हथियारों की दौड़, संरक्षणवाद और क्षेत्रीय गठबंधनों को, संयुक्त राष्ट्र और अन्य वैश्विक संस्थाएँ इन जटिलताओं के सामने अक्सर असहाय दिखाई देती हैं क्योंकि उनके निर्णय भी शक्तिशाली देशों के हितों से प्रभावित होते हैं। मानवीय संकट, शरणार्थी समस्या और जलवायु परिवर्तन जैसे मुद्दे भी तब तक प्राथमिकता नहीं बन पाते जब तक वे किसी बड़े राष्ट्र के व्यापार या सुरक्षा हितों से सीधे न टकराएँ, इस पूरी स्थिति में आम मनुष्य कहीं हाशिये पर चला गया है, उसके लिए युद्ध का अर्थ है महँगाई, बेरोजगारी और असुरक्षा और व्यापार का अर्थ है अनिश्चितता, असमानता और प्रतिस्पर्धा का दबाव, फिर भी आशा पूरी तरह समाप्त नहीं हुई है क्योंकि इतिहास साक्षी है कि अति-व्यापारिक सोच और निरंतर संघर्ष अंततः स्वयं को ही क्षति पहुँचाते हैं, यदि विश्व को दीर्घकालिक शांति और स्थिरता चाहिए तो उसे यह समझना होगा कि व्यापार साधन है लक्ष्य नहीं और सुरक्षा शक्ति से अधिक विश्वास से आती है, सामरिक सोच में मानवीय विवेक और वैज्ञानिक प्रगति में नैतिकता का समावेश ही इस दौर की सबसे बड़ी आवश्यकता है, अन्यथा यह दुनिया रिश्तों के अभाव में केवल सौदों की मंडी बनकर रह जाएगी जहाँ हर सौदा अस्थायी होगा और हर शांति अगले युद्ध की भूमिका।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,7007352978**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष बने विनोद सिंह वर्मा, रवि कुमार बौद्ध चुने गए जिला महामंत्री

**महोबा।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम अनुसार रविवार को उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ शाखा महोबा का द्विवार्षिक अधिवेशन / चुनाव अधिकारी सुनील कुमार (हमीरपुर अध्यक्ष) एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी प्रमोद कुमार व राजमुद्दीन,रामहेत जिला हमीरपुर की देखरेख में सम्पन्न कराया गया। चुनाव में समस्त ब्लॉकों के डेढ़ सौ से अधिक कर्मचारी एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में फर्जीवाड़ा करने के मामले में वांछित दो अभियुक्त गिरफ्तार




**कुलपहाड़/महोबा।** पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद में अपराध की रोकथाम एवं आपराधिक घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु चलाए जा रहे अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह एवं क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ रविकांत गोंड के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना कुलपहाड़ विनोद कुमार सिंह के नेतृत्व में गठित हुई थाना कुलपहाड़ की पुलिस टीम ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में संबंधित फर्जीवाड़े के मामले में थाना स्थानीय पर पंजीकृत मुकदमा धारा 318(4)/338/336(3) बीएनएस में प्रकाश में आये वांछित अभियुक्तगण नरेश कुमार राजपूत पुत्र कालका प्रसाद उम्र करीब 35 वर्ष निवासी ग्राम टिकरिया जैतपुर थाना अजनर को थानाक्षेत्र के अंतर्गत तिराहे से गिरफ्तार किया गया है तथा गुलाम पुत्र सफी मुहम्मद उम्र करीब 31 वर्ष निवासी गांधी आश्रम के पास ग्राम जैतपुर बेलाताल थाना कुलपहाड़ को थानाक्षेत्र के बेलाताल तिराहा बाई पास के पास से गिरफ्तार किया है। अभियुक्तगण द्वारा एक योजना के तहत अन्य अभियुक्तगण के साथ मिलकर सरकारी लाभ प्राप्त करने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री फसल बीमा पोर्टल पर कूटरचित दस्तावेज लगाकर अनुचित बीमा कराया गया था। अभियुक्तगण के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया है। उपरोक्त मुकदमें में पूर्व में कई लोगों की गिरफ्तारी की गई है। प्रकरण में अग्रिम विधिक कार्यवाही प्रचलित है, जो भी इन कार्यों में संलिप्त पाये जाते है। उनके विरुद्ध कठोर कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।

### मिशन स्कूल में किया सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन



**कुलपहाड़/महोबा।** ईसाई समुदाय द्वारा ईसा मसीह के जन्म दिवस को क्रिसमस के रूप में मनाया जाता है, जिसमें कुलपहाड़ किड्स होम में एक सप्ताह पूर्व से ही विभिन्न कार्यक्रम प्रारंभ हो जाते हैं और नव वर्ष तक चलते हैं। ऐसे ही एक कार्यक्रम में कुलपहाड़ मिशन स्कूल के छात्र-छात्राओं और शिक्षकों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें गीत गजल और नाटक के माध्यम से क्रिसमस का पर्व मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुक्ति भार्गव और पूनम मैडम के गाने से की गई, जिसमें उन्होंने गजल प्रस्तुत की। रखते हैं मिजाज नर्म अपना,जो खानदानी रईस हैं। अनुष्का ने साउथ इंडियन गाने पर अपना सोलो डांस प्रस्तुत किया। कक्षा 9 की छात्राओं ने सारे जग मे आनंद मनाया, यीशु राजा चरनी में आया गाना प्रस्तुत किया। जबकि कक्षा 9 की डेनियल सिस्टर ने यीशु ने हमें बचाया है, क्रिसमस आया सब ने खुशियां मनाई है गाना प्रस्तुत किया। मंजीता ग्रुप ने कव्वाली के रूप में अपनी प्रस्तुत में तेरे दर पर आया है मेरे खुदा हाथ जोड़े खड़े हैं सुन ले मेरी दुआ। स्कूल के स्टाफ के सदस्यों पूर्णिमा विश्वास, जया सिंह, आकांक्षा सोनी, सुनीता शर्मा, मार्क विश्वास, शशांक देवरिया, राजेंद्र साहू एवं शिवपाल राजपूत ने गीत प्रस्तुत किया। जिसके बोल थे। सुन लो मेरे भैया,मसीहा मेरा दुनिया में आया।

### जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा दोनों पक्षों में सुलह करा कर बधाई दी और घर भेजा



**हमीरपुर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के संचालित मध्यस्थता केन्द्र में वाद सं.-67/2025 अंकित पुत्र बलराम निवासी ललपुरा और मोहिनी पुत्री मुन्ना बाबू निवासी कानपुर के मध्य दाम्पत्य सम्बन्धी विवाद था जिसमें नियुक्त मध्यस्थ अधिवक्ता शिवशरण गुप्ता द्वारा दोनों पक्षों से वार्ता कर सुलह कराया गया। इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव महेंद्र कुमार पाण्डेय द्वारा दोनों पक्षों को बधाई दी और मामले में नियुक्त मध्यस्थ अधिवक्ता के कार्य पर संतोष जाहिर किया गया।

### राजस्व वसूली में हमीरपुर ने प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त किया

**हमीरपुर।** जिलाधिकारी द्वारा मुख्यमंत्री डैशबोर्ड में नवंबर 2025 माह के लिए जारी नवीनतम रैंकिंग में जिलाधिकारी घनश्याम मीना के कुशल मार्गदर्शन और प्रभावी रणनीति के फलस्वरूप जनपद ने विविध देयों की राजस्व वसूली में पूरे उत्तर प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त कर के गौरवशाली उपलब्धि हासिल की है। उल्लेखनीय है कि जनपद ने पिछले माह की छठी रैंक से लंबी छलांग लगाते हुए प्रदेश के सभी 75 जिलों को पीछे छोड़ दिया और शीर्ष स्थान पर अपनी जगह बनाई है। जिलाधिकारी घनश्याम मीना द्वारा तहसील स्तर पर की निरंतर समीक्षा और राजस्व टीम को दिए गए कड़े निर्देशों के परिणामस्वरूप विविध देयों की वसूली में यह ऐतिहासिक सुधार संभव हो सका है। इस उपलब्धि पर जिलाधिकारी ने राजस्व विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों की सराहना करते हुए कहा कि छठे स्थान से पहले पायदान पर पहुँचना टीम वर्क और कर्तव्यनिष्ठा का परिणाम है, और प्रशासन का लक्ष्य भविष्य में भी जनपद को विकास एवं राजस्व के हर मानक पर प्रदेश में अग्रणी बनाए रखना है।

### दिल्ली से वापस लौटा मजदूर बेहोश होकर गिरा, मौत



**भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर।** रविवार को सुबह दिल्ली से डबल डेकर बस से वापस कस्बे में आया मजदूर बस से उतरते ही बेहोश होकर गिर गया। पुलिस ने मजदूर को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। यहां पर डॉक्टरों ने इसे मृत घोषित कर दिया। मृतक बिवांर थाना क्षेत्र के सायर गांव का निवासी है। मृतक अविवाहित था और तीन भाइयों में सबसे छोटा था। बिवांर थाना क्षेत्र के सायर गांव का निवासी रामाधीन प्रजापति 30 वर्ष दिल्ली में रहकर मजदूरी करता था। रविवार को सुबह करीब 10:00 बजे यह डबल डेकर बस से कस्बे के बस स्टॉप में उतरा और बेहोश होकर गिर गया। डायल 112 की टीम ने युवक को कस्बे के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया यहां पर उसे मृत घोषित कर दिया गया। मृतक के साथ दिल्ली से वापस लौट रहे गांव के युवक ने घटना से परिजनों के साथ कस्बे में रह रहे हैं उसके दिव्यांग बहनोई को सूचित किया और गायब हो गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतक के बहनोई छोटे लाल प्रजापति ने बताया कि वह बीमार चल रहा था। सूचना मिलने पर इसको वापस घर बुलाया गया था वापस आते ही मौत के मुंह में समा गया। बहनोई ने बताया कि मृतक दिल्ली में भवन निर्माण में ईट बालू ढोने का कार्य करता था और तीन भाइयों में सबसे छोटा था। आशंका व्यक्त की जा रही है कि मजदूर दिल्ली से वापस आते समय ठंडी का शिकार हो गया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सक डॉ विदेश कुमार ने बताया मृतक का पूरा शरीर पीला पड़ गया था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट होगा।

### जिलाधिकारी की पत्नी ने देखी गौशाला गायों को खिलाया गुड़



**भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर।** रविवार को दोपहर में जिलाधिकारी की पत्नी ने कुंडौरा के अस्थाई गौआश्रय स्थल पहुंचकर बेसहारा गोवंश को ठंड से बचाव के लिए गुड़ का दान किया और खुद ही गायों को गुड़ खिलाकर गौशाला की व्यवस्थाओं को देखा। रविवार को जिलाधिकारी घनश्याम मीना की पत्नी अनीता यादव अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी औद्योगिक विकास प्राधिकरण दोपहर में कुंडौरा की अस्थाई गौशाला पहुंची और गायों को ठंड से बचाने के उद्देश्य से गुड़ का दान किया और स्वतः गायों को गुड़ खिलाया। इस मौके पर ग्राम प्रधान सविता यादव, प्रधान पति अरविंद प्रताप यादव, पशुधन प्रसार अधिकारी डा. आरबी यादव, ग्राम पंचायत सचिव मनीष कौशिक सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

### अज्ञात कारणों में चलते लगी आग गाय झुलसी

**भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर।** क्षेत्र के ग्राम पंधरी में बीतीरात अज्ञात कारणों के चलते रिहायशी मकान में आग लग जाने से गृहस्थी के सामान एवं भूसा जलकर खाक हो गया और एक गाय झुलस गई। पंधरी गांव निवासी गणेश भूर्जी ने बताया कि वह चाट का ठेला लगाकर जीवन यापन करता है बीती रात उसके रिहायशी मकान में अचानक आग लग गई। इस घटना में उसकी पालतू गाय बुरी तरह झुलस गई और भूसा आदि जलकर खाक हो गया। इस घटना में उसकी वृद्ध मां बाल बाल झुलसने से बच गई। आग से करीब 50 हजार के नुकसान का अनुमान है।

# बेकाबू डंपर ने बाइक सवार युवक को रौंदा, मौत

**▸ हादसे को अंजाम देकर भाग रहे डंपर ने बिजली पोल सहित अन्य वाहनों को भी टक्कर मारी**

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



शनिवार रात्रि में मुख्यालय स्थित कानपुर-सागर राष्ट्रीय राजमार्ग पेट्रोल पंप के पास भीषण सड़क हादसा हुआ,जिसमें बाइक सवार ऋशर मिस्त्री की मौके पर दर्दनाक मौत हुई है। स्थानीय लोगों के अनुसार एक कंपनी के अनियंत्रित डंपर ने दुर्घटना को अंजाम दिया है। इतना ही नहीं दुर्घटना के बाद भागते समय उक्त डंपर ने बिजली के पोल को क्षतिग्रस्त करते हुए कई वाहनों को भी टक्कर मारी है, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना स्थल से 35 वर्षीय मृतक राजाबाबू पुत्र कालका प्रसाद निवासी कैमाहा थाना कबरई के शव को कब्जे में लिया और जिला अस्पताल भिजवाया है। आज रविवार को परिजनों की मौजूदगी में पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया है। स्थानीय दुकानदारों ने यह बताया कि हादसा सड़क निर्माण कंपनी की लापरवाही के कारण हुआ। मार्ग पर सुरक्षा मानकों और चेतावनी संकेतों की कमी ने इस भीषण घटना को आमंत्रित किया। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जाँच शुरू कर दी है और जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई की संभावना जताई गई है।

### दुर्घटना में विद्युत संविदाकर्मी लाइनमैन की मौत

**पोल पर चढ़कर काम करते समय हादसे की चपेट में आकर तोड़ा दम**

**कबरई/महोबा।** थानाक्षेत्र अन्तर्गत ग्राम मकबरई में विद्युत पोल में चढ़कर काम करते समय हादसे की चपेट में आकर विद्युत संविदाकर्मी लाइनमैन की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। लाइनमैन की असामायिक मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर अग्रिम कार्यवाही शुरू कर दी है। प्राप्त विवरण के अनुसार थानाक्षेत्र अन्तर्गत ग्राम महेवा निवासी वीरू पुत्र संतू उम्र 35 वर्ष कबरई विद्युत पॉवर हाउस में करीब दस वर्षों से संविदा लाइन मैन के पद पर कार्यरत था। रविवार ग्राम मकरबई में विद्युत लाइन में काम करते समय अचानक करंट की चपेट में आकर नीचे गिर गया और मौक़े पर ही उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना पर पहुँची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर अग्रिम कार्यवाही शुरू कर दी है। मामले को लेकर अवर अभियंता संतोष कुमार ने बताया कि वीरू करीब दस वर्षों से कबरई पॉवर हाउस में संविदा लाइन मैन के पद पर कार्य कर रहा था आज एस,एस,ओ, से बताकर गया था कि मकरबई गाँव में काम करने जा रहा हूँ वहीं पहुंचकर शटडाउन लूंगा लेकिन उसने कोई शटडाउन नहीं लिया और अब पता चला है कि हादसे की चपेट में आकर उसकी मौत हो गई है।

### वारंटी गिरफ्तार

**खन्ना/महोबा।** पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद में अपराध की रोकथाम हेतु आपराधिक घटनाओं में संलिप्त वांछित एवं वारण्टी अभियुक्तों की चेकिंग एवं उनकी गिरफ्तारी एवं बरामदगी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में आज अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी नगर अरुण कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना खन्ना अर्जुन सिंह द्वारा गठित की गयी उपनिरीक्षक मौजीलाल वर्मा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुकदमें से संबंधित वारंटी अभियुक्त मुन्ना पुत्र रामप्रसाद निवासी ग्राम पुरा थाना खन्ना सम्बन्धित एनसीआर नं. 51/16 धारा 323/504/506 भादवि के वारंटी अभियुक्त को ग्राम पुरा थाना खन्ना के पास से गिरफ्तार किया है । आवश्यक कार्यवाही उपरान्त वारंटी अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

## मुख्यमंत्री आरोग्य मेला में किया गया 149 मरीजों का उपचार



**अजनर/महोबा।** ग्रामीण अंचल में अवकाश के दिन भी स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सरकार द्वारा पिछले कई वर्षों से मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का आयोजन पीएचसी/सीएचसी स्तर पर किया जा रहा है। इसी क्रम में मुख्य चिकित्साधिकारी महोबा डॉ आशाराम के निर्देशन में तथा सीएचसी जैतपुर अधीक्षक डॉ पवन राजपूत की देखरेख में रविवार को अजनर,खमा एवं अकौना ग्रामों में मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। अजनर में आयोजित मेले में डॉ. जितेन्द्र कुमार, डॉ. रामकुमार एवं डॉ. वैशाली सोनी, एल टी शैलेन्द्र स्टाफ नर्स भगवती, अरुण की उपस्थिति में 42 मरीजों का उपचार किया गया। वहीं खमा में डॉ अभिमन्यु, डॉ. प्रेमनारायण शर्मा, डॉ. शैलेंद्र सिंह एवं डॉ. जे.पी. पस्तोर स्टाफ नर्स किरण,ए एन एम उमा ने 52 मरीजों को परामर्श व दवाएं दी । तीसरी टीम द्वारा अकौना में 55 मरीजों का इलाज किया गया।

मेले में सर्दी-जुकाम, बुखार, हाथ-पैरों में जकड़न एवं दर्द से पीड़ित मरीजों की संख्या में विशेष वृद्धि देखी गई। मरीजों को जांच के उपरांत निःशुल्क दवाएं उपलब्ध कराई गई।

# समाजसेवी ने जरूरतमंदों को वितरित किए कंबल

**कबरई/महोबा, समृद्धि न्यूज।**





समाजसेवी,पूर्व ग्राम प्रधान अरुण कुमार सिंह (कुन्नू राजा) ने ग्राम स्थित अपने फार्म हाउस में कड़ाके की ठंड के बीच असहाय,जरूरतमंदों को कम्बल वितरित कर मानवीय पहल की है। समाजसेवी के हाथों से कंबल पाकर जरूरतमंदों के चेहरों पर खुशी और आंखों में आभार स्पष्ट दिखाई दिया। इस अवसर पर पूर्व ग्राम प्रधान अरुण कुमार सिंह ने बताया कि उनके द्वारा हर वर्ष एक हजार से अधिक जरूरतमंदों को कम्बल वितरण का कार्यक्रम किया जाता है,गरीबों और असहायों की सेवा से बड़ा कोई पुण्य नहीं है,साथ ही उन्होंने जोर दिया कि ठंड के इस कठिन समय में किसी जरूरतमंद को राहत पहुंचाना ही सच्ची मानवता है,उन्होंने यह भी कहा कि उनका प्रयास है कि समाज का कोई भी कमजोर व्यक्ति भीषण सर्दी में उपेक्षित न रहे और हर पात्र को सहायता मिले। इस दौरान प्रधान प्रतिनिधि संतोष शर्मा, कमलेश सिंह, आनंदराज, भीखम सिंह सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

### स्वयंसेवी संस्था वननेस के पदाधिकारियों ने किया कंबल वितरण

**खन्ना।** थानाक्षेत्र अन्तर्गत ग्राम ग्योड़ी में स्वयंसेवी संस्था वननेस के पदाधिकारियों द्वारा ग्रामीण क्षेत्र के गरीब, दिव्यांग, विधवाओं सहित बुजुर्गो को कम्बल वितरण किया गया। बताते चलें कि वननेस संस्था द्वारा हर वर्ष जरूरतमंन्दों को कंबल वितरण कर सर्दी से बचाने का प्रयास किया जाता है। गत वर्षों कि भांति इस वर्ष भी संस्था के पदाधिकारियों द्वारा आयोजित कम्बल वितरण कार्यक्रम में वननेस संस्था द्वारा संचालित वन कोचिंग के छात्रों द्वारा कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर सहभागिता की गई। कार्यक्रम का संचालन कर रहे रामचंद्र आचार्य ने बताया कि संस्था द्वारा विगत वर्षों की भांति वार्षिक कार्यक्रम का आयोजन कर जरूरतमंन्दों को कंबल वितरित किए गए हैं। बताया कि इस वर्ष संस्था द्वारा अब तक पाँच सौ जरूरत मंद लोगों को कंबल का वितरण किया जा चुका है, आगे भी जरूरत मंद लोगों को चिन्हित कर कम्बल वितरित किए जाएंगे। इस दौरान सज्जन कुमार वर्मा (इंजीनियर), गोविन्द कुशवाहा, डी के वर्मा, छविराम गुप्ता, राजेन्द्र राज सिंह, दीपक प्रजापति, संजय साहू व नागेंद्र सिंह (कबरई) सहित वन नेस संस्था के समस्त सदस्य गण उपस्थित रहे।

### हाइवे किनारे विधायक निधि से किया गया सीसी रोड का निर्माण

**कुरारा, हमीरपुर।** कस्बा कुरारा से हमीरपुर जाने वाले हाइवे के किनारे से खेतों की तरफ सी सी रोड का निर्माण विधायक निधि से किया गया है। जब कि इस स्थान पर अभी कोई आवासीय मकान का निर्माण नहीं हुआ है। कस्बा से हमीरपुर जाने वाले हाइवे के किनारे से खेतों की तरफ विधायक निधि से सी सी रोड का निर्माण हुआ है। इस सी सी रोड के किनारे अभी कोई मकान नहीं निर्माण हुआ है। न ही किसी का अभी वहां निवास है। लेकिन पहले से सी सी रोड की सुविधा मिल गई है। इससे लोगों में चर्चा का विषय है। को जिस जगह लोग निवास करते है। वहां रास्ते खराब होने के बावजूद सी सी रोड नहीं बन पा रहे है। यह सोचनीय विषय है लोगो का निवास न होने के बाद भी सी सी रोड निर्माण हो गया है।

## कबरई में खड़ी बाइक का पनवाड़ी थानाक्षेत्र में हुआ ई-चालान

**▸ पीड़ित ने पुलिस से की मामले का खुलासा करने की मांग**

**कबरई/महोबा, समृद्धि न्यूज।**



जनपद में अजीबोगरीब मामला सामने आया जिसने सभी को हैरत में डाल दिया। जनपद के कबरई कस्बे में खड़ी बाइक का ई-चालान पनवाड़ी थाने में तैनात दरोगा द्वारा पनवाड़ी क्षेत्र में करने और मोबाइल में ई-चालान का मैसेज मिलने से परेशान बाइक मालिक ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर अज्ञात युवक द्वारा बाइक का नंबर दूसरी बाइक की नंबर प्लेट में डालकर दुरुपयोग करने का आरोप लगा मामले का खुलासा करने की गुहार लगाई है। फिलहाल पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की गहनता से जांच कर पड़ताल शुरू कर दी है। कबरई कस्बा के सुभाष नगर मोहल्ला निवासी बृजेंद्र कुमार ने पनवाड़ी थाना में पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया है कि आज 20 दिसंबर 2025 को दोपहर 2:48 बजे मेरे मोबाइल में मैसेज प्राप्त हुआ जिसमें मेरी बाइक यूपी 95W8921 का ऑनलाइन चालान पनवाड़ी थाने में तैनात दरोगा करन सिंह द्वारा किया गया है। पीड़ित बाइक मालिक का कहना है कि मैंने नई बाइक खरीदी है और मेरी बाइक कबरई कस्बा के सुभाष नगर मोहल्ला स्थित मेरे घर में खड़ी है लेकिन पनवाड़ी क्षेत्र में किसी नरेश नामक युवक द्वारा अपनी बाइक की नंबर प्लेट में मेरी बाइक का नंबर डालकर दुरुपयोग किया जा रहा है,जिसका चालान पनवाड़ी थाने के दरोगा करन सिंह द्वारा किया गया है। पीड़ित ने आरोप लगाया कि उक्त अज्ञात व्यक्ति नरेश को मैं नहीं जानता हूं यह व्यक्ति कौन है कहां का रहने वाला है मुझे कुछ नहीं पता लेकिन इस व्यक्ति द्वारा मेरी बाइक का नंबर अपनी बाइक में डालकर दुरुपयोग किया जा रहा है। मामला सामने आने के बाद हर कोई हैरत में है कि कैसे कबरई में खड़ी बाइक का तकरीबन 70 किलोमीटर दूर पनवाड़ी में चालान हो गया। फिलहाल पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की गहनता से जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

## चंद्रावल पुनरुत्थान की प्रगति पर निगरानी बनाए हुए हैं जिलाधिकारी

**मौदहा(हमीरपुर), समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी की पहल पर चंद्रावल नदी के पुनरुद्धार महाअभियान की रफ्तार लगातार गति पकड़ रही है। इस अभियान को सफल बनाने के लिए क्षेत्रीय किसानों, समाजसेवियों, उद्यमियों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। वही जिलाधिकारी भी नदी खुदाई के कार्य पर निगरानी बनाये हुए है। मौदहा विकास खण्ड के 22 गांवों से होकर गुजरने वाली चंद्रावल नदी यहां के किसानों की सिंचाई सुविधा और पानी की उपलब्धता को लेकर जीवन दायिनी नदी कही जाती है। इसके उद्गम से लेकर आज तक इस नदी को संवारने का प्रयास नहीं हुआ था। जिलाधिकारी घनश्याम मीणा के भागीरथी प्रयास से इस नदी का पुनरोद्धार महाअभियान शुरू किया गया है। यह महाअभियान बिना किसी सरकारी बजट के चलाया जा रहा है। जिसमें क्षेत्र के उद्यमी, समाजसेवियों, किसानों और ग्रामीणों में उत्साह देखते बनता है। ये लोग दिन रात इस महा अभियान को सफल बनाने में जुटे हुए हैं। रविवार को जिलाधिकारी घनश्याम मीणा ने इस अभियान में नदी के आसपास लगे झाड़ी झाँखर के साथ ही इसकी मिट्टी को साफ़ करने का काम किया जा रहा है। ताकि इसकी एक निश्चित गहराई हो सके। ग्राम गहबरा पैच नम्बर 2 पर व पैच नम्बर 5 छिरका मौके पर जाकर नदी की हकीकत देखी जहां पर किसानों से बात की तो किसान रामभरोसे ने कहा कि साहब हमारी चंद्रवल नदी को आपके प्रयास ने जीवित कर दिया है। नदी के पुनरुद्धार महाअभियान में काम करने वालों के लिए जगह जगह पर समाजसेवियों और प्रधानों द्वारा भोजन और रात्रि विश्राम की व्यवस्थाओं में लगातार सहयोग जारी है। ताकि महाअभियान में लगे स्वयं सेवकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो सके। इधर तमाम जिम्मेदार प्रशासनिक अधिकारी और कर्मचारी भी कार्य की प्रगति पर निगरानी रखे हुए हैं। जिसके चलते इस पुनीत और जनकल्याणकारी कार्य में तेजी और पारदर्शिता बनी हुई है। गौरतलब हो कि 17 दिसम्बर को जिले के प्रभारी मंत्री रामकेश निषाद, भाजपा जिलाध्यक्ष शकुंतला निषाद, जिला पंचायत अध्यक्ष जयंती राजपूत, सदर विधायक डॉ. मनोज प्रजापति सहित बड़ी संख्या में समाजसेवियों और क्षेत्रीय प्रधानों ने पढ़ोहरी गांव के पास इस नदी में फावड़ा चलाकर श्रमदान करते हुए, चंद्रावल नदी पुनरुद्धार महाअभियान का शुभारंभ कर इस अभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया था। प्रशासन का लक्ष्य है, कि महाअभियान का यह कार्य एक सप्ताह के भीतर पूर्ण कर लिया जाए। चंद्रावल नदी के पुनरुद्धार के साथ-साथ इसके किनारों पर पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना जिला अधिकारी की प्राथमिकता है। इसके चलते इस नदी के दोनों किनारों पर बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण कराया जाएगा। जिससे कि भविष्य में जल संरक्षण के साथ ही हरियाली को भी बढ़ावा मिल सके। इधर चंद्रावल नदी के पुनरुद्धार महाअभियान से क्षेत्र के किसानों को सिंचाई में सुविधा में बड़ी राहत मिलने की उम्मीद जाग गई है इनका मानना है कि इस महाअभियान से भू-जल स्तर में सुधार और पर्यावरण संतुलन कायम होगा।

# भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई के जन्म शताब्दी वर्ष के अवसर पर प्रतियोगिताओं का आयोजन

**▸ ऊं हरि हर रनाकोत्तर महाविद्यालय की छात्राओं ने प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त किया**

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**








भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म शताब्दी वर्ष के अवसर पर जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं में ऊँ हरिहर स्नातकोत्तर महाविद्यालय की छात्राओं ने प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त किया ज्ञातव्य है कि शासन स्तर पर भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म शताब्दी वर्ष के अवसर पर भाषण एवं काव्य पाठ की प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही है जिसके तहत जनपद स्तर पर राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में जनपद के विभिन्न महाविद्यालयों से चुने गए प्रतिभागियों के मध्य भाषण एवं काव्य पाठ की प्रतियोगिताएं आयोजित की गयी जिसमें ऊँ हरिहर स्नातकोत्तर महाविद्यालय की छात्रा वार्तिका ने भाषण में प्रथम स्थान तथा सुहानी धुरियां ने काव्य पाठ प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त किया छात्राओं को आयोजक महाविद्यालय द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। छात्राओं की इस उपलब्धि पर महाविद्यालय के प्रबंधक शिव प्रकाश सिंह सेंगर, प्राचार्य डॉ. स्वामी प्रसाद, राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रक्षादीन कर्णधार सहित महाविद्यालय परिवार के सदस्यों ने खुशी व्यक्त करते हुए छात्राओं को महाविद्यालय द्वारा सम्मानित करने का निर्णय लिया गया।

### बाइक सवार गंभीर रूप से घायल

**मौदहा हमीरपुर।** कोहरे और ठंड के बीच शनिवार की रात बाइक का संतुलन बिगड़ जाने से बाइक सहित सड़क पर गिर गंभीर रुप से घायल हो गए जिन्हें राहगीरों की मदद से कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।जानकारी के अनुसार मुंडेरा गांव निवासी अनिल 20 वर्ष पुत्र जयकरण व प्रेम नारायण 19 वर्ष पुत्र भैइया लाल शनिवार की देर शाम मौदहा नगर की ओर आते समय बाइक का संतुलन खो जाने से बाइक सहित सड़क पर गिर घायल हो गए जिन्हें लहूलुहान हालत में राहगीरों की मदद से कस्बे की सरकारी अस्पताल में भेज दिया गया प्राथमिक उपचार के उपरांत दोनों घायलों की हालत में सुधार न होने पर चिकित्सकों ने दोनों घायलों सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

# राष्ट्रीय हरित अधिकरण ने गायत्री गंगा नदी के संरक्षण को लेकर सख्त रुख अपनाया

**भरुआ सुमेरपुर, समृद्धि न्यूज।**



जनपद के सुमेरपुर क्षेत्र में प्रवाहित होने वाली गायत्री गंगा नदी के संरक्षण और प्रदूषण रोकने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने मामले पर संज्ञान लिया है। आवेदक की याचिका पर 12 दिसंबर को हुई सुनवाई में अधिकरण ने नदी में प्रदूषण एवं अतिक्रमण से जुड़े गंभीर आरोपों पर विचार किया कस्बे के स्टेशन रोड निवासी आवेदक राजेश शिवहरे की ओर से दायर याचिका में बताया गया कि गायत्री गंगा नदी लगभग 50 किलोमीटर लंबी एक प्राकृतिक जलधारा है, जो जनपद हमीरपुर के ग्राम छानी से निकलती है। यह नदी कई गांवों से होकर बहती हुई महोबा जनपद से निकलने वाली चंद्रावल नदी में गिरती है। चंद्रावल नदी केन नदी में मिलती और यह चिल्ला के पास यमुना नदी मिलती है। अंततः यमुना नदी प्रयागराज में गंगा नदी में समाहित हो जाती है। इस प्रकार यह गायत्री गंगा नदी पावन एवं पवित्र गंगा नदी तंत्र का महत्वपूर्ण हिस्सा है और क्षेत्रीय जल संतुलन एवं पर्यावरण के लिए अत्यंत आवश्यक है। याचिका में यह भी आरोप लगाया गया कि गायत्री गंगा नदी में बिना उपचारित सीवेज (गंदा पानी) का सीधे निस्तारण किया जा रहा है, जिससे नदी का जल प्रदूषित हो रहा है। अधिकरण ने प्रथम दृष्टया इन तथ्यों को गंभीर मानते हुए मामले की सुनवाई स्वीकार की। मामले की सुनवाई एनजीटी के अध्यक्ष न्यायमूर्ति प्रकाश श्रीवास्तव,विशेषज्ञ सदस्य डॉ.ए. सेंथिल वेल की पीठ के समक्ष हुई। आवेदक एवं प्रतिवादियों की ओर से अधिवक्ताओं ने अपने-अपने पक्ष रखे। अधिकरण ने स्पष्ट किया कि प्राकृतिक जलस्त्रोतों का संरक्षण संवैधानिक दायित्व है और किसी भी प्रकार का प्रदूषण या अतिक्रमण पर्यावरण कानूनों का उल्लंघन है। एनजीटी द्वारा इस मामले में संज्ञान लिया जाना क्षेत्रवासियों और पर्यावरण प्रेमियों के लिए सकारात्मक संकेत है। इससे न केवल गायत्री गंगा नदी के संरक्षण की उम्मीद जगी है, बल्कि भविष्य में प्रदूषण पर प्रभावी रोक और जिम्मेदार विभागों की जवाबदेही भी सुनिश्चित हो सकेगी। यह कदम स्थानीय जलस्त्रोतों को बचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।

### आवेदक ने इन्हें बनाया पक्ष

1. पर्यावरण,वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय,दिल्ली
2. उत्तर प्रदेश राज्य मुख्य सचिव
3. उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड
4. क्षेत्रीय अधिकारी उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, क्षेत्रीय कार्यालय बांदा
5. जिला मजिस्ट्रेट जनपद हमीरपुर
6. खंड विकास अधिकारी सुमेरपुर
7. अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत, सुमेरपुर
8. जल शक्ति मंत्रालय,जल संसाधन,नदी विकास एवं गंगा पुनरुद्धार विभाग, नई दिल्ली।
9. केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, दिल्ली।

## खबरें एक नजर में

### सिल्ट सफाई के नाम पर कागजी खानापूर्ति, किसानो में रोष

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** शारदा सहायक खंड 41 की माइनर में सिल्ट सफाई के नाम पर भारी अनियमितता सामने आई है। देवकली से निकलकर निहालपुर, रानीगंज, दौलतपुर, लोनहट होते हुए जलालपुर माफी गांवों तक फैली इस माइनर में क्षेत्रीय किसानों द्वारा सफाई कार्य कागजों तक सीमित बताया जा रहा है। जमीनी हकीकत यह है कि नहर में जगह-जगह झाड़-झंखाड़ उगे हैं। क्षेत्रीय किसानों का आरोप है कि सिंचाई विभाग के जिम्मेदारों द्वारा सिल्ट सफाई का कार्य दिखाकर भुगतान की औपचारिकता पूरी कर ली जाती है, जबकि वास्तविक सफाई खानापूर्ति की तरह कराई गई। किसानों के अनुसार नहर टेल तक पानी पहुंचाने की व्यवस्था पूरी तरह नाकाम है। परिणामस्वरूप रबी और आगामी खरीफ फसलों की सिंचाई पर संकट मंडरा रहा है। किसानों ने यह भी आरोप लगाया कि जिम्मेदार अधिकारी जानबूझकर मूकदर्शक बने हुए हैं। कई बार शिकायत के बावजूद न तो स्थल निरीक्षण हुआ और न ही ठेकेदारों पर कोई कार्रवाई। किसानों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि पूरे माइनर का संयुक्त निरीक्षण कराया जाए, सिल्ट सफाई की वास्तविक प्रगति की जांच हो और दोषी ठेकेदारों व अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। साथ ही दोबारा गुणवत्तापूर्ण सफाई कराई जाए, ताकि किसानों को समय पर सिंचाई मिल सके।

### नहर में कूदी नवविवाहिता, ग्रामीणों ने बचाई जान

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** जामो थाना क्षेत्र के अंतर्गत कटारी सुभाऊ का पुरवा गांव में शनिवार की शाम एक दर्दनाक घटना सामने आई, जहां एक नवविवाहिता ने नहर में छलांग लगा दी। मिली जानकारी के अनुसार भवानी प्रसाद सिंह की पुत्री खुशबू की शादी प्रतापगढ़ जनपद में हुई थी। आरोप है कि विवाह के बाद से ससुराल पक्ष द्वारा किसी न किसी बात को लेकर उसे लगातार प्रताड़ित किया जा रहा था। बताया जाता है इसी मानसिक तनाव के चलते खुशबू शनिवार शाम भीम क्षेत्र में नहर के किनारे पहुंची, जहां उसने जहरीला पदार्थ सेवन करने के बाद नहर में कूदकर जान देने का प्रयास किया। घटना को देख रहे आसपास मौजूद ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए नहर में उतरकर उसे बाहर निकाला। परिजनों और ग्रामीणों की मदद से खुशबू को तत्काल जिला अस्पताल गौरीगंज में भर्ती कराया गया, जहां उसका उपचार जारी है।

### किसान दिवस पर परेली में होगी विशेष किसान गोष्ठी आधुनिक खेती पर मिलेगा मार्गदर्शन

- प्रभात किरण सामाजिक संस्थान की पहल, किसानों को अधिकार व तकनीक से करेगा सशक्त

**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।** किसान दिवस के अवसर पर प्रभात किरण सामाजिक संस्थान द्वारा 23 दिसंबर को परेली गांव में विशेष किसान गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। संस्था के कार्यकारी अध्यक्ष नवनीत कुमार वर्मा ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को उनके अधिकारों, आधुनिक कृषि तकनीकों और बदलते कृषि परिदृश्य के प्रति जागरूक करना है। गोष्ठी में कृषि विशेषज्ञ, स्थानीय अधिकारी तथा क्षेत्र के प्रगतिशील किसान भाग लेंगे। इस दौरान मृदा स्वास्थ्य सुधार, जैविक खेती, लागत घटाकर उत्पादन बढ़ाने के उपाय, मौसम आधारित कृषि, फसल सुरक्षा और सरकारी योजनाओं के लाभ जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। साथ ही किसानों को सरकारी सब्सिडी, डिजिटल कृषि और नवीन तकनीकों से होने वाले लाभों की जानकारी भी दी जाएगी। संस्था के पदाधिकारियों ने कहा कि किसान देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं और उन्हें सशक्त बनाना प्रभात किरण सामाजिक संस्थान की प्राथमिकता है। जानकारी और तकनीक से लैस किसान ही आत्मनिर्भर कृषि की दिशा में मजबूत कदम बढ़ा सकता है। उन्होंने क्षेत्र के अधिक से अधिक किसानों से गोष्ठी में पहुंचकर इसका लाभ उठाने की अपील की है। आयोजकों के अनुसार कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसानों के शामिल होने की संभावना है।

### नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप, रिपोर्ट दर्ज

**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।** कोतवाली गोला क्षेत्र के जलालपुर गांव से एक नाबालिग किशोरी के लापता होने का मामला सामने आया है। पीड़ित के भाई टीकाराम पुत्र शंकरलाल की तहरीर पर गांव के ही युवक दिनेश मौर्या पुत्र मानू मौर्या के खिलाफ बहला-फुसलाकर ले जाने का मुकदमा दर्ज कराया गया है। किशोरी के साथ 35 हजार रुपये नकद व कुछ जेवरात ले जाने की बात कही गई है। तहरीर के अनुसार घटना 18 दिसंबर की रात की है। परिजनों ने बताया कि सुबह करीब चार बजे जब घर के लोग जागे तो किशोरी घर पर नहीं मिली। इसके बाद परिजनों ने आसपास व रिश्तेदारों में काफी खोजबीन की, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। पीड़ित परिवार ने आशंका जताई है कि आरोपी किशोरी के साथ कोई अप्रिय घटना कर सकता है, जिससे परिवार भयभीत है। मामले की सूचना मिलते ही पुलिस ने तत्काल रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली प्रभारी के निर्देश पर अवर निरीक्षक ज्ञानप्रकाश मिश्रा को विवेचना सौंपी गई है।

### राजकीय इंजीनियरिंग कालेज में ध्यान-योग शिविर आयोजित

**नरैनी/बांदा, समृद्धि न्यूज।** राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज में वर्ल्ड मेडिटेशन डे के अवसर पर ध्यान एवं योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। छात्रों ने ध्यान और योग को अपनाने का संकल्प लिया। संस्थान के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की ध्यान अभ्यास के माध्यम से मानसिक शांति, एकाग्रता एवं सकारात्मक ऊर्जा का अनुभव किया। इस अवसर पर योग प्रशिक्षक इं.राजेश कुमार सिंह द्वारा ध्यान एवं योग के महत्व पर प्रकाश डाला गया संस्थान के निदेशक प्रो० एसबी धुबड़ के मार्गदर्शन एवं प्रयुक्त विज्ञान एवं मानविकी विभाग के विभागाध्यक्ष डा. शैलेंद्र बादल के नेतृत्व में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में शारीरिक प्रशिक्षक हर्ष खरे, जितेंद्र यादव, बबलू प्रजापति सहित अन्य शिक्षक एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन द्वितीय वर्ष के नागेंद्र शुक्ला द्वारा किया गया। सभी ने ध्यान को दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बनाने का संकल्प लिया कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं स्टॉफ में मानसिक संतुलन, तनावमुक्त जीवनशैली एवं आत्मिक शांति को बढ़ावा देना था।

### मार्ग दुर्घटना में दो लोग घायल

**बबेरू/बांदा, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के औगासी रोड भदवारी मोड के पास तेज रफ्तार बाइक खड़े ट्रक से टकरा जाने दो दो लोग गम्भीर रूप से घायल हो गये इलाज हेतु सामु स्वा केन्द्र में भर्ती कराया। जहां डाक्टरों द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। कोतवाली क्षेत्र के पून गांव निवासी पप्पू पुत्र नत्थू रैकवार उम्र 45 वर्ष सईदीन उम्र 40 वर्ष निवासी कंदीपुर थाना कर्वी दोनो लोग भ्रमण गांव से पून गांव जाते समये भदवारी मोड के पास खड़े ट्रक से टकरा गये और गम्भीर रूप से घायल हो गये घायलों को एंबुलेंस से इलाज हेतु सामु स्वा केन्द्र में भर्ती कराया जहां डाक्टर द्वारा प्राथमिक उपचार करने के बाद हालत गंभीर होने पर दोनों को जिला अस्पताल रेफर कर कर दिया।

# फुरसतगंज में नई पुलिस चौकी के लिए हुआ भूमिपूजन



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।**

पुलिस अधीक्षक अर्पणा रजत कौशिक द्वारा कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ और मजबूत बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए फुरसतगंज कस्बे में पुलिस चौकी निर्माण का भूमि पूजन किया गया। भूमि पूजन क्षेत्राधिकारी तिलोई दिनेश कुमार मिश्र व थाना प्रभारी नंद हौशिला यादव द्वारा पुजारी शिवा कान्त द्विवेदी के द्वारा विधि विधान से संपन्न कराया गया। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी ने कहा की नई पुलिस चौकी के निर्माण से क्षेत्र में पुलिस की मौजूदगी मजबूत होगी, जिससे चोरी, छिनैती, मनचलो व अपराधियों पर अंकुश लगाने के साथ ही आमजनमानस को त्वरित न्याय और सुरक्षा का भरोसा मिलेगा। फुरसतगंज थाना प्रभारी नन्द हौशिला यादव ने बताया की चौकी के निर्माण से पुलिस कर्मियों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी और जन संपर्क भी अधिक मजबूत होगा।

वही मौके पर उ.नि. रामवीर यादव, तौसीफ़ खान, शरद चंद्र शुक्ला, दीवान संतोष यादव, विनय गौतम, प्रदीप पासवान, राहुल यादव, जेपी साहू, अलीम, हनीफ, गंगा प्रसाद आदि लोग मौजूद रहे।

# भोजपुरी फिल्म अभिनेता की उपस्थिति में उर्स व मेले का हुआ उद्घाटन

**बिसवां (सीतापुर), समृद्धि न्यूज।**



गंगा-जमुनी तहजीब के प्रतीक शैखुल औलिया हजरत गुलजार शाह रह0 अलैह के उर्स व मेले का उद्घाटन भोजपुरी फिल्म अभिनेता संग्राम सिंह पटेल, शिक्षक व समाजसेवी आराध्य शुक्ला, मेला अध्यक्ष अब्दुल मुसर्रत अली व सेक्रेटरी सय्यद हुसैन कादरी ने संयुक्त रूप से बाबे जफर पर फीता काटकर किया। इसके बाद आस्ताने पर चादर चढ़ाकर मुल्क में अमन-चैन की दुआ मांगी गई।

मेला सेक्रेटरी सय्यद हुसैन कादरी ने अतिथियों को गुलजारी गमछा भेंट किया। मुख्य अतिथि संग्राम सिंह पटेल ने कहा कि यह मेला आपसी सौहार्द का प्रतीक है और इस आस्ताने से सभी धर्मों के लोगों की आस्थाएं जुड़ी हैं। सेक्रेटरी ने बताया कि दूर-दराज से अकीदतमंद यहां आकर खिराजे अकीदत पेश करते हैं और अपनी मुरादें पाते हैं।

इस अवसर पर महबूब अली, हुस्न नबी, अहमद अली अंसारी, विवेक पांडेय, अशफाक हुसैन एडवोकेट, हबीबुल्ला खां, राजकुमार रस्तोगी, इशरत अली, रेहान कादरी, मोहम्मद युनुस मुंशी, बदर हयात खां, मुशीर, शकील अहमद, नुसरत अली, अन्नू सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

### गुमशुदा व्यक्ति को परिजन से मिलाया



**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।** पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपदीय पुलिस को थानों पर प्राप्त गुमशुदगी जैसी सूचनाओं पर तत्परतापूर्वक तत्काल कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया है। उक्त निर्देशो के अनुपालन के क्रम में एक व्यक्ति जिसका नाम इन्द्रजीत चौधरी निवासी छत्तर दरवाजा जिला औरंगाबाद राज्य बिहार के रहने वाले जो मंदबुद्धि के है तथा दिनांक 16, दिसंबर 25को अपने घर से निकले थे और कस्बा सिधौली में धूमते हुए मिले थे। जिनको थाना सिधौली पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर लाकर उसके परिजनो के सम्बन्ध में जानकारी कर उसके पुत्र राहुल कुमार के मोबाइल पर सम्पर्क कर अवगत कराया गया। तदोपरान्त गुमशुदा व्यक्ति को उसके पुत्र को सुपुर्द किया गया। परिजनों द्वारा पुलिस के इस कार्य की भूरि-भूरि प्रशंसा की गई।

# अर्धवार्षिक परीक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले मेधावी सम्मानित



**महमूदबाद, समृद्धि न्यूज।**

सीतापुर सम्मन पाने वाले मे कुछ विशेष गुण होते हैं। इन्ही विशेष गुणों के कारण सम्मान के पात्र के रूप में चुना जाता है। सम्मान पाने वाले के गुणों को अपना कर कोई भी सम्मान प्राप्त कर सकता है। यह बात एम एस डी स्मारक इंटर कॉलेज बाबाकुटी मे अर्धवार्षिक परीक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले मेधावियों, अभिभावको के सम्मान में आयोजित समारोह को सम्बोधित करते हुए संस्था के प्रधानाचार्य बच्चा सिंह ने कही। अर्धवार्षिक परीक्षा में प्रथम,द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले होनहार मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर उनका उत्साह वर्धन किया गया. इस अवसर पर विद्यालय परिवार की ओर से अभिभावकों, आये अतिथियों आदरणीय मोहन प्रसाद बारी, दिनेश वर्मा प्रधानाचार्य ,जय भारत कालेज के प्रधानाचार्य रामचरित वर्मा , पूर्व प्रधान दिनेश वर्मा खपूरा का विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री बच्चा सिंह के द्वारा अंग वस्त्र ,स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया।कार्यक्रम मे विद्यालय के सभी शिक्षक,शिक्षिकाएं एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# कृषि भवन पर लगेगा चार दिवसीय ग्राम्य किसान मेला

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।**

जिलाधिकारी संजय चौहान ने बताया कि वित्तीय वर्ष 25-26 हेतु कृषि सूचना तंत्र के सुदृढ़ीकरण एवं कृषक जागरूकता कार्यक्रम के तहत जनपद के ताला स्थित कृषि भवन प्रांगण में 4 दिवसीय पारम्परिक ग्राम्य किसान मेला के अन्तर्गत 23 दिसम्बर को जनपद स्तरीय रबी उत्पादकता गोष्ठी व किसान सम्मान दिवस व 24 को मिलेट्स रेसिपी एवं उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम व कृषक प्रशिक्षण तथा 25 व 26 दिसम्बर को किसान मेला का आयोजन किया जायेगा। इस सम्बन्ध में उन्होंने बताया कि उपरोक्त आयोजन के माध्यम से जनपद के किसानों को नवीनतम कृषि तकनीक, बीज, उर्वरक, रसायन आदि से सम्बन्धित जानकारी कृषि वैज्ञानिकों एवं कृषि विशेषज्ञों के माध्यम से यथा-न्यूनतम लागत द्वारा अधिकतम उत्पादन प्राप्त कर अपनी आय में वृद्धि तथा विभिन्न विभागों एवं निजी कम्पनियों के द्वारा उपरोक्त से सम्बन्धित स्टाल लगाकर किसानों को जागरूक एवं प्रेरित करने के साथ ही दिये गये आवश्यक दिशा-निर्देशों का अनुपालन करते हुए उप कृषि निदेशक के पर्यवेक्षण तथा संयुक्त कृषि निदेशक अयोध्या मण्डल अयोध्या के संरक्षण में आयोजित किया जायेगा।

# आयुष डॉक्टरों ने मरीजों का इलाज कर दी दवाइयां


**लहरपुर, समृद्धि न्यूज।**



सीतापुर ग्रामीणों को मौके पर ही स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रत्येक रविवार को लगने वाले मुख्यमंत्री आरोग्य मेलों में डॉक्टरों के न होने से अधिकांश प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर आयुष डॉक्टरों के द्वारा मरीजों का इलाज कर दवाइयां दी जा रही हैं। रविवार को क्षेत्र के पांच प्रथमिक स्वास्थ्य केंद्रो पर आरोग्य मेलों का आयोजन किया गया जिसमें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक डॉ अरविंद बाजपेई ने सभी स्वास्थ्य केंद्र प्रभारियों को आयुष्मान कार्ड बनाने व मरीजों को स्वास्थ्य केंद्र पर हर संभव स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। विभिन्न प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर लगाए गए आरोग्य मेलों में 3 41 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें दवाइयां दी गई। क्षेत्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अकबर पुर में डॉक्टर अख्तर हुसैन ने 72 मरीज, अकैचनपुर फरीदपुर मे डॉक्टर प्रज्ञा शरण आनंद ने 67 मरीज, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बिलरिया में डॉक्टर आदित्य ने 63 मरीज, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ढखेरा मे डॉ तलत जहां ने 61 मरीज और प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खैरुल्लापुर में डॉक्टर प्रीति ने 78 मरीजों के स्वास्थ्य का परीक्षण कर उन्हें दवाइयां दी। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक डॉक्टर अरविंद बाजपेई ने बताया कि बदलते मौसम के चलते सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर सांस, दमा, खांसी जुकाम, त्वचा रोग के मरीज अधिक आ रहे हैं ।

# जामों के लाल ने किया कमाल

**अमेठी समृद्धि न्यूज़, समृद्धि न्यूज।**




विकास खण्ड जामों के गाँव जामों निवासी महेंद्र द्विवेदी पुत्र श्रीकृष्ण द्विवेदी को हाल ही में भारत सरकार के पेटेंट कार्यालय से एक महत्वपूर्ण सफलता मिली है।

उन्हें फोल्डेबल डर्मेटोस्कोपिक इमेजिंग डिवाइस फॉर अर्ली स्किन कैंसर डिटेक्शन के लिए डिज़ाइन पेटेंट प्रदान किया गया है। यह पेटेंट त्वचा कैंसर की प्रारंभिक पहचान को आसान बनाने की दिशा में एक उपयोगी तकनीकी प्रयास माना जा रहा है।

महेंद्र द्विवेदी द्वारा विकसित यह उपकरण डर्मेटोस्कोपिक तकनीक पर आधारित है, जिसकी मदद से त्वचा पर होने वाले सूक्ष्म बदलावों की स्पष्ट तस्वीर प्राप्त की जा सकती है। इसका फोल्डेबल और पोर्टेबल डिज़ाइन इसे उपयोग में सुविधाजनक बनाता है। चिकित्सक इस उपकरण का प्रयोग क्लिनिक, अस्पताल या फील्ड स्तर पर भी कर सकते हैं, जिससे शुरुआती अवस्था में त्वचा कैंसर की पहचान संभव हो सकेगी। विशेषज्ञों के अनुसार, त्वचा कैंसर के मामलों में समय पर निदान सबसे अहम भूमिका निभाता है। ऐसे में यह उपकरण डॉक्टरों के लिए एक सहायक साधन के रूप में काम कर सकता है, खासकर उन इलाकों में जहाँ आधुनिक चिकित्सा उपकरणों की उपलब्धता सीमित है।

महेंद्र द्विवेदी की शैक्षणिक पृष्ठभूमि की शुरुआत गांव से प्रारंभ हुई। उन्होंने फार्मेसी विषय में बी.फार्मा और एम.फार्मा की पढ़ाई पूरी की है। वर्तमान में वे शोधकर्ता और प्रोफेसर के रूप में कार्यरत हैं तथा अनुसंधान और शिक्षण के क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

### सुशासन सप्ताह के तहत इक्का ताजपुर में चौपाल आयोजित

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** रविवार को विकासखंड शुकुलबाजार अंतर्गत ग्राम सभा इक्का ताजपुर में भारत सरकार द्वारा संचालित सुशासन सप्ताह - प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम के तहत चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल के दौरान ग्रामीणों द्वारा कुल 16 शिकायतें प्रस्तुत की गईं, जिनका मौके पर ही निस्तारण कराया गया। इसी क्रम में ग्राम सभा इक्का ताजपुर के पांडेय का पुरवा में हाल ही में 9 लोगों को कुत्ते के काटने की घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए स्वास्थ्य विभाग द्वारा त्वरित कार्यवाही की गई। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अंशुमान सिंह के निर्देशन में मौके पर एंटी रेबीज वैक्सीन का विशेष शिविर आयोजित किया गया, जिसमें प्रभावित व्यक्तियों का समय से टीकाकरण किया गया।

# बेसारा पश्चिम में माहवारी स्वास्थ्य व स्वच्छता प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।**

महिला माहवारी एवं स्वास्थ्य स्वच्छता से जुड़ी गंभीर चुनौतियों को देखते हुए साहस सम्बद्ध मेरा युवा भारत अमेठी एवं बीदचेंज के संयुक्त तत्वावधान में स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से ग्राम बेसारा पश्चिम विकास खण्ड मुसाफिखाना में जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ मंजू द्विवेदी और शांती देवी ने किया।

मंजू द्विवेदी ने कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किशोरियों एवं महिलाओं को मासिक धर्म की स्वच्छता बनाए रखने के तरीके तथा गर्भाशय-ग्रीवा कैंसर के कारण और उनसे बचाव के उपायों पर प्रकाश डालना रहा। शांती देवी ने सूती, हवादार पैड या सैनिटरी टैम्पोन चुनने की बात कही। हर 4-6 घंटे में सैनिटरी पैड बदलें, गर्भाशय-ग्रीवा कैंसर बचाव हेतु HPV वैक्सीन को किशोरावस्था में लगवाने को कहा। लालमणि कश्यप सदस्य जिला युवा कार्यक्रम परामर्श दात्री समिति एवं संस्थापक साहस ने महिलाओं और बच्चियों से असामान्य लक्षण की स्थिति में तुरंत चिकित्सकीय परामर्श लेने की सलाह दी। अंत में शांती देवी, मंजू द्विवेदी और कृष्ण कुमारी को स्मृति चिन्ह देकर इंजी0 लालमणि कश्यप ने सम्मानित किया। इस अवसर पर कांति देवी, रेशमा, आशा सहित 50 से अधिक बच्चियां उपस्थित रही।

# शैलेन्द्र हुए सर्वक्षेष्ठ चित्रांश बिजनेस अवॉर्ड से सम्मानित

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।**




गाजियाबाद चित्रगुप्त सभा के तत्वावधान में वसुंधरा में आयोजित सातवां वार्षिकोत्सव एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर में जनपद निवासी शैलेन्द्र श्रीवास्तव को सर्वक्षेष्ठ चित्रांश बिजनेस अवॉर्ड 2025 सम्मान से अखिल भारतीय हिंदू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष चक्रपाणि जी महराज, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय, भाजपा राष्ट्रीय प्रवक्ता अजय आलोक, नीरा शास्त्री विधायक रामपुर आकाश सक्सेना ने सम्मानित किया। कार्यक्रम में गाजियाबाद चित्रगुप्त सभा के संयोजक अनुरंजन श्रीवास्तव, पुनीत सक्सेना, विधानचंद्र श्रीवास्तव, राजेश श्रीवास्तव, विशाल, मनीष, अम्बस्त, मुरारी प्रसाद श्रीवास्तव, जया श्रीवास्तव, मंजुलता कुलश्रेष्ठ, विनय सक्सेना, अशोक श्रीवास्तव, अनिल सिन्हा, विवेक श्रीवास्तव, आनंद श्रीवास्तव रमेश चन्द्र श्रीवास्तव, सुयश श्रीवास्तव सहित काफी संख्या में कायस्थों की भागीदारी रही।

### चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।** लगभग 20 दिन पूर्व बाइकों में भिडंत में घायल हुए व्यक्ति की ग्वालियर में इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक के भाई की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी बाइक व उसके चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कैथ निवासी भुलईराजा ने पुलिस को बताया कि वह 30 नवंबर को शाम करीब साढ़े छह बजे जालौन से अपने गांव कैथ जा रहे थे। उनके साथ भाई मुन्नाराजा भी पीछे बैठे थे। लौना गांव के नजदीक पहुचने पर सामने से तेज रफ्तार बाइक लेकर आ रहे युवकों ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी थी।

बाइक की टक्कर से वह उछलकर दूर जा गिरे और उनको मामूली चोटें आई थी। लेकिन बाइक के पीछे बैठे मुन्नाराजा गंभीर रूप से घायल हो गए थे। राहगीरों ने उन्हें सीएचसी में पहुंचाया। जहां से उन्हें पहले मेडिकल कॉलेज उरई, फिर झांसी व ग्वालियर रेफर कर दिया गया। ग्वालियर में इलाज के दौरान बीती 13 दिसंबर को उनकी मौत हो गई। भाई की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी बाइक व उसके चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

# पूर्व वायु सेना अधिकारी पर बगैर साक्ष्य मुकदमा दर्ज करना निंदनीय

- महिलाओं के उत्पीड़न के शिकार पुरुषों की आवाज बुलंद करेगा ब्राह्मण एकता संघ
- राष्ट्रीय ब्राह्मण एकता संघ के अध्यक्ष अभिषेक दीक्षित ने दी आंदोलन की चेतावनी

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।**




राष्ट्रीय ब्राह्मण एकता संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभिषेक दीक्षित ने दहेज उत्पीड़न के नाम पर पुरुषों के साथ किया जा रहे बार-बार बर्ताव के खिलाफ पुलिस को आधे हाथों लिया है और चेतावनी दी है कि अगर दहेज उत्पीड़न के नाम पर पुलिस ने राधेश्याम तिवारी के परिवार का उत्पीड़न बना किया द्वार पर आंदोलन के लिए बाद होंगे।

आज यहां बृजवासी होटल में राष्ट्रीय ब्राह्मण एकता संघ की बैठक को संबोधित करते हुए अभिषेक दीक्षित ने कहा कि राधेश्याम तिवारी जो की पूर्व में वायु सेवा में रहकर देश की सेवा कर चुके हैं और वर्तमान में शिक्षक पद पर बच्चों के भविष्य को संभाल रहे हैं लेकिन बहू द्वारा उनका उत्पीड़न किया जा रहा है बहु द्वारा उनके साथ भी मारपीट के साक्ष्यप पुलिस को दिखाए जाने के बाद भी कोई कार्रवाई न करना पुलिस की कर प्रणाली पर प्रतिन लगता है पुलिस प्रशासन के द्वारा घर में अकेली रह रही राधेश्याम तिवारी की 60 वर्ष की बीमार पत्नी अर्चना तिवारी का उत्पीड़न अत्यंत निर्णय पुलिस द्वारा खड़े होकर अर्चना तिवारी के घर में पड़े तालों को जबरन कटवाया जाता रहा उन्होंने चेतावनी दी अगर अर्चना तिवारी को न्याय नहीं दिया तो फिर ब्राह्मण एकता संघ आंदोलन के लिए मजबूर हो जाएगा उन्होंने राज की मेडिकल कॉलेज में लचर स्वास्थ्य व्यवस्था पर चिंता व्यक्त की और आरोप लगाया की मेडिकल कॉलेज में बैठने वाले ज्यादातर डॉक्टर अपने-अपने प्राइवेट संस्थानों को चलाने का काम कर रहे हैं और इंटरनेट द्वारा मेडिकल कॉलेज को चलाया जा रहा है जो कि मरीज के साथ खिलवाड़ है उन्होंने घंटाघर के प्राचीन लक्ष्मी नारायण मंदिर पर अराजक तत्वों के द्वारा तोड़ने की नंद की उन्होंने इस संतोष वर्मा द्वारा ब्राह्मण समाज की बेटियों के विरुद्ध की गई टिप्पणी को अपमानजनक बताया बैठक में पवन त्रिपाठी, अनुरोध द्विवेदी, विजय वाजपेई, ओपन तिवारी, दिनेश तिवारी, विनय तिवारी, निधि द्विवेदी, अभिषेक, नीरज पांडे मृदुल दीक्षित आदि तमाम लोग मौजूद रहे।

# जालौन में प्रतिबंधित व औषधीय पेड़ों की खुलेआम कटान जारी

- आरा मशीनों पर धड़ल्ले से हो रही चिराई

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।** जालौन नगर में वन कानूनों को ठेंगा दिखाते हुए प्रतिबंधित और औषधीय पेड़ों की अवैध कटान व चिराई का मामला लगातार सामने आ रहा है। बीते तीन दिनों से आम, पीपल जैसे प्रतिबंधित वृक्षों के साथ-साथ औषधीय महत्व के नीम के पेड़ों की लकड़ी को नगर में संचालित आरा मशीनों पर बेखौफ चिरा जा रहा है। हैरानी की बात यह है कि यह पूरा कारोबार बिना किसी रोक-टोक के खुलेआम जारी है।



स्थानीय लोगों का आरोप है कि नगर में स्थित कई आरा मशीनों पर नियमों को ताक पर रखकर प्रतिबंधित लकड़ी की चिराई की जा रही है, लेकिन संबंधित विभाग की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं दिखाई दे रही। इससे वन संपदा को भारी नुकसान पहुंच रहा है और पर्यावरण संतुलन भी प्रभावित हो रहा है। जब इस संबंध में वन रेंज अधिकारी हरिकिशोर शुक्ला से बात की गई और उन्हें प्रतिबंधित आम, पीपल व नीम की लकड़ी की अवैध चिराई की जानकारी दी गई, तो उन्होंने यह कहकर अपना पल्ला झाड़ लिया कि ÷उसका केस कट चुका है।÷ उनके इस बयान से विभागीय कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो गए हैं। वहीं जब इस मामले को लेकर प्रभागीय वनाधिकारी से संपर्क किया गया, तो उन्होंने कहा कि जैसे ही इस तरह के किसी प्रकरण की जानकारी मिलती है, वे तत्काल कार्रवाई कराते हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि जालौन में संचालित आरा मशीनों पर हो रही चिराई की जांच कराई जाएगी और दोषियों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। अब देखना यह होगा कि विभागीय आश्वासन जमीन पर कितना उतरता है और अवैध कटान व चिराई पर कब तक प्रभावी रोक लग पाती है। फिलहाल, जालौन में वन नियमों की खुलेआम अनदेखी और प्रशासनिक उदासीनता चर्चा का विषय बनी हुई है।

# सौ शैया अस्पताल में बाहर से महंगी दवाइयां लिखने का खेल

- मृतका की पत्नी ने लगाए बाहर से दवाइयां मंगाए जाने के आरोप
- महिला आयोग की सदस्य के सामने भी आई थी शिकायत

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



दिलू नगला गांव स्थित सौ शैया अस्पताल की व्यवस्थाएं पटरी पर नहीं आ पा रही हैं। हालत यह है कि यहां मरीजों को बाहर से काफी महंगी दवाइयां खरीदनी पड़ती हैं। सीएमएस के फरमान के बाद कुछ दिन तक यह खेल थम गया, लेकिन इस खेल ने एक बार फिर से रफ्तार पकड़ ली है। यह मामला तब उजागर हो गया, जब मृतक की पत्नी ने बाहर से दवाइयां मंगाए जाने के आरोप लगाए।

पिछले दिनों सौ शैया अस्पताल का निरीक्षण करने पहुंची महिला आयोग की सदस्य पुष्पा पांडेय को तमाम अव्यवस्थाएं मिली थीं। एक मरीज ने बाहर से दवाइयां मंगाए जाने की शिकायत की थी। इसके बाद अस्पताल प्रशासन ने सख्ती दिखाते हुए सभी चिकित्सकों को कड़ी हिदायत दी थी। कुछ दिन तक तो बाहर से दवाइयां लिखे जाने का खेल थम गया था, लेकिन यह खेल एक बार फिर तेजी से चलने लगा है। इस समय चिकित्सक बेधड़क होकर मरीजों को बाहर की महंगी दवाइयां और इंजेक्शन लिख रहे हैं। ऐसे में मरीजों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। यह मामला उस समय उजागर हो गया, जब तालग्राम थाना क्षेत्र के खानपुर कसावा गांव निवासी मोहनलाल की मौत के बाद उसकी पत्नी भूरी देवी ने काफी महंगी दवाइयां बाहर से मंगाए जाने के आरोप लगाने शुरू कर दिए। महिला ने बताया कि तबियत खराब होने पर उसने अपने पति मोहलाल को सोमवार को अस्पताल में भर्ती कराया था। उससे रोज बाहर की दवाइयां मंगाई जा रही थी। प्रतिदिन की दवा में उसका 1200 रूपया खर्च हो रहा था। लोगों की मानें, तो कमीशन के चलते चिकित्सक मरीजों को महंगी दवाइयां लिखते हैं। इस मामले की कई बार उच्चाधिकारियों से शिकायत भी की जा चुकी हैं, लेकिन अस्पताल प्रशासन इस पर पूर्णता- अंकुश नहीं लगा पा रहा है। चिकित्साधिकारी डॉ.अविनाश गुप्ता ने बताया कि मरीज सोमवार को भर्ती हुआ था। उनके द्वारा किसी भी मरीज से बाहर की दवाइयां नहीं मंगाई जा रही हैं।

### इलाज के दौरान वृद्ध की सांसें थमीं

छिबरामऊ। तालग्राम थाना क्षेत्र के खानपुर निवासी वृद्ध मोहनलाल (65) को गंभीर हालत में सोमवार को सौ शैया अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इलाज के दौरान अस्पताल में ही उनकी सांसें थम गई। उनकी मौत से पत्नी भूरी देवी और पुत्र आलोक का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ.अविनाश गुप्ता ने बताया कि मोहनलाल सांस रोग से पीड़ित थे। उन्हें इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर किया गया था, लेकिन परिजन उन्हें नहीं ले गए।

## नाबालिग किशोरी को बहला फुसलाकर ले जाने का मुकदमा दर्ज

**छिबरामऊ, कन्नौज।** बुधवार की रात एक नाबालिग किशोरी को बहला फुसलाकर अपने साथ ले जाने के मामले में तीन आरोपियों के खिलाफ संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। किशोरी को अपने साथ ले जाते हुए आरोपियों का सीसीटीवी वीडियो भी रिकॉर्ड हो गया है। नगर के एक मोहल्ला निवासी पीड़ित भाई ने कोतवाली में दर्ज कराए मुकदमे में आरोप लगाया है कि बुधवार की रात्रि करीब 12 बजे मोहल्ला सैयदबाड़ा निवासी आर्यन पुत्र सकील उर्फ कल्लू अपने मोहल्ले के ही दोस्त जीशान पुत्र स्व. सायीदुद्दीन तथा तकिया वाली मस्जिद निवासी राजा पुत्र लल्ला के सहियोग से उनकी 16 वर्षीय नाबालिग बहन को बहला फुसलाकर कार में बिठाकर ले गए। यह पूरी घटना वहां लगे सीसीटीवी कैमरा में कैद हो गई, जिसमें किशोरी को साथ ले जाते हुए युवकों को देखा जा सकता है। पीड़ित की तहरीर तथा सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर किशोरी की तलाश शुरू कर दी है।

## 120 मरीजों में से 20 का मोतियाबिंद सर्जरी के लिए चयन



**छिबरामऊ, कन्नौज।** आरकेडी मेमोरियल पब्लिक स्कूल सिकंदरपुर में गौरव द्विवेदी के संयोजन में शंकरा आई हॉस्पिटल, कानपुर एवं संजीवनी हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस शिविर में कुल 120 मरीजों का पंजीकरण हुआ, जिनमें से 20 को मोतियाबिंद ऑपरेशन हेतु चिन्हित किया गया। इन सभी चिन्हित मरीजों को आगे की सर्जरी के लिए कानपुर ले जाकर नि:शुल्क ऑपरेशन कराया जाएगा, जिससे ग्रामीण क्षेत्र के जरूरतमंदों को बड़ी राहत मिलेगी। शिविर में अन्य विशेष रोगियों की गहन जांच की गई तथा उन्हें आवश्यक दवाइयां वितरित की गईं। इसके अलावा, ठंड के मौसम से बचाव एवं आंखों की उचित देखभाल से संबंधित महत्वपूर्ण चिकित्सकीय परामर्श भी प्रदान किया गया। इस आयोजन में डॉ. हरनाथ सिंह, डॉ. शरद दुबे, डॉ. प्राची शुक्ला, डॉ. अजय, अवनीश, प्रवीण दुबे सहित अन्य चिकित्सकों ने अपनी विशेषज्ञता से सेवाएं दीं। कार्यक्रम में प्राइवेट नर्सिंग होम एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ. सरित द्विवेदी की भूमिका सराहनीय रही, जिन्होंने ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाने में योगदान दिया।

## हार-जीत की बाजी लगाते पांच लोग गिरफ्तार

**जालौन,उरई।** चौकी पुलिस ने हार जीत की बाजी लगा रहे पांच लोगों को पकड़ा है। जिनके पास से पुलिस ने 8050 रुपये व मोबाइल फोन बरामद किए हैं। चौकी प्रभारी मनीष तिवारी को सूचना मिली कि मुहल्ला कटरा स्थित एक मस्जिद के पीछे कुछ लोग हार-जीत की बाजी लगाकर जुआ खेल रहे हैं। सूचना मिलते ही चौकी प्रभारी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घेराबंदी कर जुआ खेल रहे हिरदेशाह निवासी सानू व रफीक, तोपखाना निवासी सोएब व नितिन एवं कटरा निवासी इनायत को पकड़ लिया। पुलिस ने जुआ खेलने में इस्तेमाल किए जा रहे ताश के पत्ते, मालफड़ 5850 रुपये व जमा तलाशी में 2200 रुपये बरामद किए। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ जुआ अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# नीतीश के हिजाब विवाद पर कांग्रेस का हमला

### आगामी चुनावों में इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाने का हुआ ऐलान

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



पुराना सौरिख बस स्टॉप स्थित कांग्रेस कार्यालय में आयोजित बैठक में अखिल भारतीय जन आंदोलन फ्रंट (कांग्रेस) के प्रदेश महासचिव विनोद कुमार दुबे ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के हिजाब विवाद पर तीखा प्रहार करते करते हुए इसे महिला अस्मिता का अपमान बताया।

उन्होंने कहा कि मुस्लिम महिला के हिजाब पर हाथ लगाकर नीतीश ने न केवल धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाई, बल्कि महिला अस्मिता का भी अपमान किया है। यह घटना लोकतंत्र की मूल भावना के विरुद्ध है, जहां व्यक्तिगत स्वतंत्रता और सांस्कृतिक संवेदनशीलता का सम्मान अनिवार्य होना चाहिए। दुबे ने कहा नीतीश कुमार की यह हरकत सत्ता के अहंकार का प्रतीक है। वे अल्पसंख्यक समुदाय की भावनाओं को बार-बार ठेस पहुंचा रहे हैं। कांग्रेस इस मुद्दे पर पूरे जोर-शोर से विरोध करेगी और नीतीश से सार्वजनिक माफी की मांग करेगी। दुबे ने आगामी चुनावों में इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाने का ऐलान किया। बैठक में स्थानीय कार्यकर्ताओं ने नीतीश सरकार की आलोचना की और महिला अधिकारों पर विशेष जोर दिया कार्यकर्ताओं ने संकल्प लिया कि वे धार्मिक सद्भाव को मजबूत करने के लिए संघर्ष जारी रखेंगे। इस दौरान अजय कुमार दुबे, दिनेश पांडेय, आसाराम यादव, राजीव अग्निहोत्री, प्रिया श्रीवास्तव, अर्चना राठौर एवं देवकीनंदन दुबे मुन्ना आदि मौजूद रहे।

# नन्हे-मुन्नों की जादुई प्रस्तुतियों ने मोहा सबका दिल

- किड्जी श्री आरएस लाल देवकी ग्लोबल स्कूल में उमंग वार्षिकोत्सव संपन्न

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



पूर्वी बाईपास पर संत निरंकारी आश्रम के निकट जीटी रोड किनारे बने भव्य पंडाल में किड्जी श्री आरएस लाल देवकी ग्लोबल स्कूल का वार्षिकोत्सव उमंग आयोजित किया गया। नन्हे-मुन्ने छात्रों की आकर्षक और जीवंत प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया, जो सामाजिक चेतना, राष्ट्रभक्ति और सांस्कृतिक विविधता से ओतप्रोत थीं। इस भव्य आयोजन में विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजयी बच्चों को सम्मानित किया गया, जिससे स्कूल का उत्साह दोगुना हो गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि कन्या गुरुकुल करनाल (हरियाणा) की पूर्व प्राचार्य डॉ. प्राची दीदी, विशिष्ट अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष मनोज दुबे तथा जीएनजीआई निदेशक व लक्ष्मी देवी लॉ कॉलेज बाराबंकी के प्राचार्य प्रो. डॉ. रोहित पी. शबरान ने दीप प्रज्वलन और स्व. रामसनेही लाल एवं स्व. सुशील बाबू के चित्रों पर माल्यार्पण से किया। बच्चों ने नव रसों पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की नृत्य शैली में गणेश वंदना से शुरुआत की। इसके बाद रतन टाटा पर प्रेरणादायक प्रस्तुति, माइम एक्ट, शिव स्तुति, म्यूजिकल परफॉर्मेंस में हनुमान चालीसा, शम्भाजी महाराज की वीरगाथा, मलखम्ब प्रदर्शन तथा सिंदूर एक्ट जैसी मनमोहक परफॉर्मेंस ने तालियों की गड़गड़ाहट कराई। ये प्रस्तुतियां न केवल मनोरंजक थीं, बल्कि बच्चों में नैतिक मूल्यों और राष्ट्रीय गौरव की भावना को भी जागृत करने वाली साबित हुईं। इस अवसर पर स्टार स्टूडेंट ऑफ द ईयर के पुरस्कार से छात्र अविराज, श्रीजिता भदोरिया, अयांश कश्यप, अभिराज सिंह और अविक शाक्य को नवाजा गया। वहीं, अटेंडेंस ऑफ द ईयर श्रेणी में कई अन्य बच्चों को सम्मानित किया गया। कोऑर्डिनेटर शुभम कमल और प्रधानाचार्य बरखा अवस्थी ने अतिथियों व अभिभावकों का हार्दिक स्वागत किया। प्रबंधक ने स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए अभिभावकों से निरंतर सहयोग की अपील की। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

कार्यक्रम में उप प्रधानाचार्य प्रतिमा शुक्ला, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी अनूप कुमार दुबे, समस्त स्टाफ, कोरियोग्राफर स्वयं सक्सेना, विमल प्रकाश, प्रबंध समिति की अध्यक्ष सविता कमल एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# कोहरे को लेकर पुलिस अलर्ट, 72 वाहन चालकों को दिया प्रशिक्षण

- एसपी बोले, सड़क सुरक्षा को लेकर लापरवाही बर्दाश्त नहीं

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**



प्रशिक्षण स्थल पर मौजूद एसपी विनोद कुमार

घने कोहरे और धुंध के चलते संभावित सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने और जनहानि को रोकने के उद्देश्य से कन्नौज पुलिस ने सतर्कता बढ़ा दी है। पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार के निर्देश पर पुलिस लाइन में विशेष प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जनपद के आगरा- लखनऊ एक्सप्रेस- वे, जीटी रोड सहित अन्य प्रमुख मार्गों पर तैनात पुलिस वाहनों तथा थानों की शांति व्यवस्था ड्यूटी में लगे कुल 72 सरकारी वाहनों के चालकों को शामिल किया गया। वाहन चालकों को घने कोहरे के दौरान सुरक्षित वाहन संचालन, सीमित दृश्यता में सावधानी बरतने और दुर्घटनाओं से बचाव की तकनीकी जानकारी दी गई। एसपी विनोद कुमार स्वयं प्रशिक्षण स्थल पर मौजूद रहे और सभी पुलिस वाहनों के पीए सिस्टम व लाइट्स की गहन जांच की। उन्होंने निर्देश दिए कि कोहरे के दौरान पुलिस वाहनों की विजिबिलिटी बेहतर होनी चाहिए और सायरन व पीए सिस्टम पूरी तरह कार्यशील रहें, जिससे आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। एसपी ने कहा कि सड़क सुरक्षा को लेकर किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी पुलिसकर्मी नियमों का सख्ती से पालन करें। इस मौके पर एएसपी अजय कुमार, यातायात प्रभारी रविशंकर त्रिपाठी, परिवहन शाखा प्रभारी सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी रहे।

# नहर में जलस्तर बढ़ने से किसानों की फसलों को हो रहा नुकसान

**कुठौंद,जालौन समृद्धि न्यूज।**



कई दिनों से नहर का बढ़े जलस्तर के कारण बहादुरपुर से लेकर कुठौंद तक के किसने की कई बीघा फसल बढ़े हुए जलस्तर के कारण फसलें हुई जलमग्न होने से किसानों में बहुत ही संकट छाया हुआ है।किसानों द्वारा अपनी हाथ मेहनत से नहर की साइड ऊपर मिट्टी डालकर पानी को रोकने का प्रयास कर रहे हैं लेकिन पाल फोड़ा से डाली गई मिट्टी का कोई अंतर नहीं पड़ रहा है। जलस्तर अपना विकराल रूप लिए हुए हैं। इसलिए नहर विभाग के अधिकारियों को इसका संज्ञान लेना चाहिए। ताकि किसानों को रोका जाए ताकि किसानों का संकट दूर हो सके शेष बची फसल में उपज पैदा हो सके। मिहौना निवासी भईयन तिवारी, श्री भगवान, बादाम सिंह यादव, गोविंद सिंह आदि किसानों ने शासन व प्रशासन से गुहार लगाते हुए नहर के बढ़े जल स्तर को जल्द से जल्द काबू में किया जाए। अब देखना यह है कि नहर विभाग अपनी जिम्मेदारी बखूबी निभाने में कितनी जल्दबाजी करने में सक्षम है।

# विशाल महापंचायत में किसान समस्याओं पर होगी चर्चा

- पदाधिकारियों ने कहा कि यह महापंचायत किसानों के हितों को मजबूत करने का महत्वपूर्ण मंच सिद्ध होगी

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



भारतीय किसान यूनियन (अवधेश) के तत्वावधान में छिबरामऊ के लिटिल स्टार गेस्ट हाउस, विशुनगढ़ रोड पर 28 दिसंबर को एक विशाल महापंचायत का आयोजन किया जाएगा। इस महापंचायत में किसानों की विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित अवधेश कुमार त्रिपाठी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विवेक गुप्ता, प्रदेश अध्यक्ष संतोष पाठक सहित तमाम वरिष्ठ पदाधिकारियों ने प्रस्तावित महापंचायत की समीक्षा बैठक में भाग लिया। बैठक में खाद और बिजली की बढ़ती समस्याओं को लेकर पूर्व नियोजित विशाल धरना प्रदर्शन की रूपरेखा तैयार करने पर जोर दिया गया। पदाधिकारियों ने कहा कि यह महापंचायत किसानों के हितों को मजबूत करने का महत्वपूर्ण मंच सिद्ध होगी। इसके अलावा, संगठन के विस्तार को तीव्र गति देने पर चर्चा हुई। राष्ट्रीय महामंत्री बबलू मिश्रा एवं अन्य पदाधिकारियों के प्रयासों के प्रति सभी ने आभार व्यक्त किया। प्रदेश के सभी जिलों में संगठन का विस्तार तेजी से हो रहा है, जिससे किसान एकजुट होकर अपनी मांगें मनवाने के लिए सशक्त हो रहे हैं। महापंचायत में हजारों किसानों के शामिल होने की उम्मीद है।

# 6 दशक बीतने के बाद भी बस स्टॉप का नहीं हुआ निर्माण



**कालपी,जालौन समृद्धि न्यूज।**

ऐतिहासिक नगरी कालपी में 6 दशकों से अधिक समय बीत जाने के बाद भी बस स्टॉप का निर्माण न होने की वजह से जनता को भीषण समस्याओं से गुजरना पड़ रहा है। मालूम हो की 6 दशक में उत्तर प्रदेश राज्य परिवहन निगम का रोडवेज बस स्टॉप एक विद्यालय के प्राइवेट भवन में संचालित हो रहा था। लेकिन किराएदारी की मियाद खत्म हो जाने के बाद कार्यालय को बंद कर दिया गया था। इसी प्रकार टरननगंज पुलिस चौकी के बगल में प्राइवेट बस स्टॉप संचालित होता था। लेकिन वह भी किराएदारी की मियाद पूरी होने के बाद प्राइवेट बस स्टॉप खाली कर दिया गया। इसी वजह से प्राइवेट बस स्टॉप भी खत्म हो गया। स्थानीय नगर में बाईपास फोरलेन मार्ग बन जाने से रोडवेज तथा प्राइवेट गाड़ियों की सवारियां अपने अपने गंतव्य स्थानों को आने जाने के लिए बसों का इंतजार करना पड़ता है।

# प्रशासन की कार्रवाई नबाब सिंह यादव की 8.64 करोड़ की संपत्ति कुर्क

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**



गैंगस्टर एक्ट के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए नवाब सिंह यादव व वीरपाल उर्फ नीलू यादव की अपराध से अर्जित करीब 8 करोड़ 64 लाख 67 हजार रुपये की चल-अचल संपत्तियों को कुर्क किया है। यह कार्रवाई न्यायालय/ जिलाधिकारी द्वारा पारित आदेश के अनुपालन में की गई। जानकारी के अनुसार 20 दिसंबर 2025 को वाद संख्या 1613/2025 में धारा 14(1) उत्तर प्रदेश गिरोहबंद एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1986 के अंतर्गत पारित आदेश में अभियुक्तों द्वारा अवैध व अनियमित ढंग से अर्जित संपत्तियों को जब्त/ कुर्क करने के निर्देश दिए गए थे। इसीक्रम में 21 दिसंबर 2025 को अभियुक्त नवाब सिंह यादव एवं वीरपाल उर्फ नीलू यादव निवासी ग्राम अडंगापुर, थाना कोतवाली सदर की 05 विभिन्न स्थानों पर स्थित संपत्तियों को विधिक प्रक्रिया का पालन करते हुए कुर्क किया गया। कुर्क की गई संपत्तियों में 03 भवन एवं 02 कृषि भूमि शामिल हैं। कुर्की की कार्रवाई के दौरान तहसीलदार सदर अर्पित यादव, एसडीएम अविनाश कुमार, क्षेत्राधिकारी नगर अभिषेक प्रताप अजेय, नायब तहसीलदार सदर भरत कुमार मौर्या, प्रभारी कोतवाली जितेंद्र प्रताप सिंह तथा प्रभारी निरीक्षक थाना तिर्वा संजय कुमार शुक्ला मौजूद रहे। जिलाधिकारी द्वारा कुर्क की गई समस्त संपत्तियों का रिसीवर नायब तहसीलदार सदर भरत कुमार मौर्या को नियुक्त किया गया है। पूरी कार्रवाई मुनादी कराते हुए भारी पुलिस बल एवं पीएसी की मौजूदगी में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराई गई।

### इन स्थानों पर कुर्क की गई संपतियां

कन्नौज। ग्राम कुतलूपुर, तहसील सदर- लगभग 1 करोड़ 62 लाख रुपये मूल्य की संपत्ति, मोहल्ला जेरकिला, तहसील सदर- लगभग 32 लाख रुपये मूल्य की संपत्ति, मौजा यूसुफपुर भगवान, तहसील सदर- लगभग 5 करोड़ 06 लाख 34 हजार रुपये मूल्य की संपत्ति, मौजा सरायशाह मोहम्मद, तहसील सदर- लगभग 36 लाख 44 हजार रुपये मूल्य की संपत्ति, मोहल्ला तालाबरान, तहसील सदर- लगभग 1 करोड़ 27 लाख 89 हजार रुपये मूल्य की संपत्ति कुर्क की गई है।

# चिकित्सकों ने दिया 98 मरीजों का उपचार कर स्वस्थ रहने का परामर्श

**कालपी,जालौन समृद्धि न्यूज।**

शासन की महात्वाकांक्षी योजना के तहत रविवार को कालपी, वावई, महेवा के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। जिसमें चिकित्सकीय टीमों के द्वारा 98 मरीजों का उपचार करके ठंडक के मौसम में स्वस्थ रहने का परामर्श दिया गया। रविवार को सुबह 10 से 4 वजे नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र उदनपुरा कालपी में चिकित्साधिकारी डॉक्टर अमित पोरवाल की अध्यक्षता में आयोजित मेले में 51 मरीजों का इलाज किया गया। जिसमें 22 पुरुष तथा 29 महिला मरीज शामिल रहे। इस दौरान शुगर के 5 टेस्ट किए जबकि बुखार तथा स्किन के 6-6 मरीजों की जांच की गयी। महिला चिकित्सक डॉ. रंजना सिंह ने परिवार कल्याण कार्यक्रमों तथा स्वास्थ्य के बारे में जानकारियां देते हुये जागरूक किया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र महेवा में चिकित्साधिकारी डॉ शेख शहरयार, कर्मचारियों मनीष कुमार, कमलेश कुमार की मौजूदगी में आयोजित मेले में 21 मरीजों का इलाज किया गया। सरकारी चिकित्सालय वावई में 26 मरीजों का इलाज हुआ। मेलो में कंडोम, टेबलेट तथा सामग्रियों का वितरण कर परिवार कल्याण कार्यक्रम के बारे में जागरूक किया गया।

# कुल्हाड़ी से किसान की हत्या करने का आरोपी गिरफ्तार

**रामपुरा,जालौन समृद्धि न्यूज।**



गत दिवस अपने खेत पर फसल में खाद डालने गए एक किसान की कुल्हाड़ी से गर्दन काटकर निर्मम हत्या कर दी गई थी। इस दिल दहला देने वाली घटना से पूरे क्षेत्र में सनसनी और दहशत का माहौल छा सा गया था।

थाना क्षेत्र के ग्राम छौना निवासी वीरेंद्र पुत्र रामसनेही दोहरे (उम्र लगभग 58 वर्ष), जो मजदूरी के साथ-साथ छोटा किसान था, शुक्रवार की शाम गांव से करीब एक किलोमीटर दूर हार के तालाब के पास स्थित अपने खेत पर फसल में खाद डालने गया था। रात करीब आठ बजे उनका शव खेत के पास फूस से बनी झोपड़ी के नजदीक पड़ा मिला था। शव की हालत अत्यंत भयावह थी और उनकी गर्दन किसी धारदार हथियार से काटी गई थी। मृतक बीरेंद्र की पत्नी गुड्डी देवी ने गांव के ही निवासी अखिलेश पुत्र रामभजन के खिलाफ नाम दर्ज तहरीर दी थी। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया था।

जब पुलिस अधीक्षक डॉ दुर्गेश कुमार द्वारा घटना स्थल का निरीक्षण कर परिवार जनों को धैर्य बंधाते हुए क्षेत्राधिकारी अंबुज कुमार यादव के नेतृत्व में आरोपी को पकड़ने के लिए टीम गठित की गई थी। रामपुरा पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए आरोपी अखिलेश पुत्र रामभजन को मुखबिर की सूचना पर 24 घंटे के अंदर कड़ी मशक्कत के बाद कुनियापुर के पास बना सिद्ध स्थान तेरा के पुल के प्रतीक्षालय से घेरा बंदी कर गिरफ्तार कर लिया गया है।

गिरफ्तारी करने में थाना प्रभारी निरीक्षक रजत कुमार सिंह, उप निरीक्षक रामकिशोर सिंह तथा कांस्टेबल संतोष कुमार, कांस्टेबल विकास कुमार और गाड़ी चालक आदित्य कुमार तिवारी की टीम ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी अखिलेश को थाना रामपुरा द्वारा सुसंगत धाराओं विधिक कार्यवाही कर जेल भेज दिया गया है।

# 70 वर्ष से अधिक आयु के 29 लोगों के बने आयुष्मान कार्ड

**जालौन,उरई समृद्धि न्यूज।**



सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के तत्वावधान में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत चिकित्सालय परिसर व वृद्धाश्रम में शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 70 वर्ष से अधिक आयु के 29 लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाये गये।

सरकार द्वारा वृद्धावस्था में जीवन यापन कर रहे लोगों को इलाज कराने में असुविधा न हो इसके लिए उन्हें आयुष्मान योजना का लाभ दिलाना चाहती है। निशुल्क उपचार कराने के लिए अभियान चलाकर 70 वर्ष से ज्यादा आयु के लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाये जा रहे। रविवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के तत्वावधान में वृद्ध लोगों के लिए आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए शिविर लगाये गये। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में लगे शिविर में 18 लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाये गये जबकि कोंच मार्ग पर संचालित वृद्धाश्रम में लगाये गये शिविर में 11 लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाये गये हैं। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक डॉ. केडी गुप्ता की निगरानी में आयुष्मान मित्र राघवेंद्र सिंह ने लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाने की प्रक्रिया पूरी की। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक डा. केडी गुप्ता ने 70 वर्ष से अधिक आयु के लोगों से अपील की है कि जिनके भी आयुष्मान कार्ड नहीं बने हो वह चिकित्सालय में आकर अपना कार्ड बनवा सकते हैं।

## डायरेक्टर ने अंकित गुप्ता को सौंपा मंडी सचिव का दायित्व

**जालौन,उरई।** नवीन गल्ला मंडी परिषद में तैनात मंडी सचिव रवि कुमार का स्थानांतरण हुआ। उनके स्थान पर मंडी सुपरवाइजर अंकित गुप्ता को मंडी सचिव नियुक्त किया गया है। मंडी के व्यापारियों ने फूल मालाएं पहनाकर उनका स्वागत किया। नवीन गल्ला मंडी परिषद में तैनात मंडी सचिव रवि कुमार का स्थानांतरण हो गया है। वर्तमान में मंडी में सुपरवाइजर का दायित्व निभा रहे अंकित गुप्ता पर डायरेक्टर ने भरोसा जताते हुए उन्हें मंडी सचिव का दायित्व सौंपा है। उनके मंडी सचिव बनाए जाने की खबर से मंडी परिसर में खुशी का माहौल रहा। व्यापारियों ने सचिव अंकित गुप्ता का फूल-मालाएं पहनाकर उनका स्वागत किया और मिठाई बांटकर उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए बधाई दी।

# कैश कलेक्शन कर्मचारी से लूट के मास्टर माइंड को पुलिस ने दबोचा

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

पुलिस ने कैश कलेक्शन कर्मचारी को गोली मारकर सात लाख रुपये लूटने वाले मास्टर माइंड का गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने गिरफ्तार किये गये आरोपी से लूट की कुछ नकदी भी बरामद की है, जबकि गिरफ्तार आरोपी का छोटा भाई व चचेरा भाई अभी पुलिस की पकड़ से दूर है।

कोतवाली मोहम्मदाबाद के ग्राम सकवाई निवासी राजेश पुत्र कप्तान लाल के साथ विगत 15 दिसंबर को बाइक सवार बदमाशों ने गोली मारकर लगभग 7 लाख की नगदी लूट ली गई थी। पुलिस सीसीटीवी कैमरो व मोबाइल जो की घटनास्थल पर आरोपियों का छूट गया था उसके सहारे तलाश में जुटी थी। घटना के



पुलिस हिरासत में अभियुक्त

लगभग 6 दिन गुजर जाने के बाद रविवार को शाम 4 बजे पुलिस लाइन सभागार में अपर पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार ने घटना का अनावरण किया। अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि घटना में शामिल कपिल कुमार पुत्र कर्मवीर सिंह निवासी जरौठ बलदेव मथुरा ही मास्टरमाइंड था। जिसे गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार आरोपियों के पास 1,84,500/- रुपये व एक मोबाइल, ड्राइविंग लाइसेंस व एक पर्स बरामद की है। पकड़ा गया आरोपी कपिल कुमार पूर्व में मंडी रोड़ स्थित इफको में साल 2024 में कार्य करता था। उसी दौरान राकेश कुमार कैश लेने इफको में आता था। पुलिस के अनुसार मास्टरमाइंड कपिल ने अपने छोटे भाई निखिल व चचेरे भाई मनीश सिकरवार पुत्र सोबरन सिंह के साथ लूट की योजना बनायी। मास्टरमाइंड कपिल की योजना अनुसार उसके छोटे भाई छोटे भाई निखिल, चचेरे भाई मनीष ने लूट की घटना को अंजाम दिया। पुलिस के अनुसार गोली मनीष सिकरवार ने चलायी थी। फरार आरोपियों पर 25-25 हजार का इनाम घोषित किया गया है। फरार आरोपी निखिल व मनीष सिकरवार को पुलिस ने अभी तक गिरफ्तार नहीं किया है। अपर पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार ने बताया की घटना के मास्टरमाइंड कपिल कुमार को पुलिस ने गिरफ्तार किया गया है। मास्टरमाइंडों पर इनाम घोषित है। जल्द उन्हें भी गिरफ्तार किया जाएगा।

## मारपीट का विरोध करने पर पीटा

कमालगंज, समृद्धि न्यूज। मारपीट का बीच बचाव करने पर दबंगों ने मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित आकाश गुप्ता पुत्र राजू निवासी मोहल्ला गांधी नगर थाना कमालगंज का रहने वाला हूं। दिनांक 19.12.25 को रात 8:30 बजे मैं अपने मोहल्ले से जा रहा था, तभी मेरे दोस्त अभिषेक उर्फ अभी पुत्र जीतू के साथ बॉबी, शादाब व मौलाना हाफिज उर्फ नाटी पुत्रगण अब्दुल हक व रोहित, सलमान पुत्रगण सलीम, मुमताज पुत्र नामालूम निवासीगण मोहल्ला गांधी नगर थाना कमालगंज और फिरोज पुत्र रहीस अहमद निवासी ग्राम तिलपनी थाना सिराउली अहीर जिला बागपत उक्त लोग अपने घर के बहार अभिषेक उर्फअभी के साथ गाली-गलौज व लाठी-डण्डो से बुरी तरह मारपीट कर रहे थे। मैं बीच बचाव करने गया, तो उक्त लोगों ने मेरे साथ ईट पत्थर से बुरी तरह मारापीटा। मारपीट में पीड़ित व अभिषेक उर्फ अभी के शरीर में चोटें आई हैं। उक्त लोगों ने पीड़ित को जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी है।

# अगैती आलू की फसल में लागत निकालने के लाले

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।

नवाबगंज क्षेत्र में आलू की अगैती फसल के दाम में भारी गिरावट दर्ज की गई है। नए आलू का भाव इतना कम हो गया है कि किसानों के लिए लागत निकालना भी मुश्किल हो रहा है। रविवार को स्थानीय मंडी में आलू का भाव 251 से 321 रुपये प्रति पैकेट रहा।

किसानों के मुताबिक एक बीघा आलू की फसल तैयार करने में 10 से 12 हजार रुपये की लागत आती है। हालांकि मौजूदा बाजार भाव पर एक बीघा आलू बेचने से किसानों को केवल 8 से 10 हजार रुपये ही मिल पा रहे हैं। इससे उन्हें अपनी लागत निकालना भी मुश्किल हो रहा है। आलू के दाम में गिरावट से किसान निराश हैं। किसान रामवीर, सुधीर कुमार, रामसिंह ठाकुर और ऋषभ कुमार ने बताया कि उन्हें आर्थिक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। किसान ऋषभ कुमार ने बताया कि आलू की खेती में प्रति बीघा लगभग 10,000 से 12,000 रुपये का खर्च आता है। इसमें मजदूरी का खर्च ही करीब 15,000 रुपये तक पहुंच गया है, क्योंकि प्रति मजदूर 400-500 रुपये लेता है। उन्होंने आगे कहा कि



आलू की खुदाई करते किसान

इतनी लागत लगाने के बाद भी आलू का सही दाम नहीं मिल रहा है। मौजूदा भाव 280 से 300 रुपये प्रति पैकेट के आसपास है, जो लागत निकालने के लिए भी पर्याप्त नहीं है। ऋषभ के अनुसार लगाई गई पूंजी भी वापस नहीं मिल पा रही है। जिससे उन्हें खेती में केवल नुकसान और घाटा दिख रहा है।

# पुलिस ने दो अभियुक्तों को भेजा जेल



पुलिस हिरासत में अभियुक्त

कायमगंज, समृद्धि न्यूज।

कोतवाली पुलिस ने अपराध नियंत्रण अभियान के तहत दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस ने एक आरोपी पर आर्म्स एक्ट और दूसरे पर उत्तर प्रदेश गुंडा नियंत्रण अधिनियम (गुंडा एक्ट) के तहत कार्रवाई की है।

पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर रायपुर खास निवासी नईम अहमद खां पुत्र जफर अहमद को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान उसके पास से एक अवैध शस्त्र बरामद हुआ। पुलिस ने नईम के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। दूसरे मामले में कोतवाली क्षेत्र के गांव ममापुर निवासी अमन उर्फ पंकज पुत्र सूरजपाल को गिरफ्तार किया गया। अमन के खिलाफ पहले से धारा 3/25 आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा संख्या 343/25 दर्ज है। उसकी आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस ने मुकदमा संख्या 345/25 के तहत धारा 3/10 उत्तर प्रदेश गुंडा नियंत्रण अधिनियम (गुंडा एक्ट) के तहत भी कार्रवाई की है। कायमगंज कोतवाली प्रभारी मदन मोहन चतुर्वेदी ने बताया कि दोनों अभियुक्तों के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी कर उन्हें न्यायालय में पेश किया गया। न्यायालय के आदेश पर उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए अपराधियों के विरुद्ध यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

## मिशन शक्ति के तहत महिलाओं को किया जागरुक

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज। थाना मेरापुर की महिला सिपाही देवकी ने मुख्य मार्ग पर महिलाओं और बालिकाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जागरूक किया। उन्होंने बताया कि किस नंबर का उपयोग कब और कैसे करना है, इसकी पूरी जानकारी दी गई।



महिलाओं को जागरूक करती महिला पुलिस

सिपाही देवकी ने 112 आपातकालीन पुलिस सेवा, 108 एंबुलेंस सेवा, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर और 181 वीमेन हेल्पलाइन नंबर जैसे महत्वपूर्ण नंबरों के बारे में बताया। इसके अतिरिक्त उन्होंने गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओं के लिए 102 एंबुलेंस हेल्पलाइन नंबर, 1090 वूमेन पावर लाइन नंबर, 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर और 101 अग्निशमन सेवा के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर 1076 के प्रयोग के बारे में भी बताया गया। महिला सिपाही ने जागरुक करते हुए कहा कि जब भी आप किसी मुसीबत में हों, तो तुरंत इन नंबरों का उपयोग कर सकती हैं। पुलिस आप लोगों की सुरक्षा में कुछ ही समय बाद दिखायी देगी। महिलाओं को पत्रक भी वितरित किये।

# नौ घंटा विलंब से रविवार सुबह स्टेशन पर पहुंची कालिंदी एक्सप्रेस

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

रेलवे स्टेशन पर रविवार को कोहरे के कारण लंबी दूरी की कई ट्रेनें घंटों देरी से पहुंचीं। इससे यात्रियों को कड़ाके की ठंड में भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। प्रयागराज से भिवानी जाने वाली कालिंद्री एक्सप्रेस सबसे अधिक प्रभावित हुई। जो लगभग 9 घंटे विलंब से फर्रुखाबाद पहुंची।

कालिंद्री एक्सप्रेस को शनिवार रात 9:45 बजे फर्रुखाबाद पहुंचना था, लेकिन यह रविवार सुबह स्टेशन पर आई। इस ट्रेन की अत्यधिक देरी ने यात्रियों की मुश्किलें बढ़ा दीं। मथुरा से छपरा जाने वाली एक्सप्रेस ट्रेन भी रविवार को ढाई घंटे देरी से पहुंची। इसका निर्धारित समय सुबह 3:10 बजे था, लेकिन यह 5:49 बजे फर्रुखाबाद स्टेशन पर आई। इसी तरह साबरमती एक्सप्रेस अपने निर्धारित समय सुबह 5:25 बजे के बजाय 6:46 बजे पहुंची। जिससे यह एक घंटे से अधिक विलंब से रही। कानपुर एक्सप्रेस सुपरफास्ट ट्रेन फर्रुखाबाद से 3:35 बजे रवाना होने के बजाय 4: 59 बजे चली, जो डेढ़ घंटे की देरी थी। भिवानी से प्रयागराज जाने वाली कालिंद्री एक्सप्रेस भी सुबह 5:35 बजे के बजाय 7:20 बजे पहुंची और 8:29



स्टेशन पर खड़ी कालिंदी एक्सप्रेस

बजे रवाना हुई। फर्रुखाबाद से 6:45 बजे जाने वाली पैसेंजर ट्रेन भी 7:26 बजे रवाना हुई। इसके अतिरिक्त लखनऊ जंक्शन को जाने वाली सुपरफास्ट एक्सप्रेस रविवार को रद्द कर दी गई। ट्रेनों की इस देरी और रद्द होने के कारण गलन भरी सर्दी में यात्रियों को घंटों प्लेटफार्म पर इंतजार करना पड़ा। जिससे उन्हें काफी असुविधा हुई।

## खबरें एक नजर में

### पटाखा चला रहे युवक को दबगों ने पीटा, मुकदमा दर्ज

कमालगंज, समृद्धि न्यूज। पटाखा चला रहे युवक को दबंगों ने मारपीट कर घायल कर दिया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

जानकारी के अनुसार रीता पत्नी राजीव निवासी गांव कीरतपुर थाना कमालगंज ने दी गयी तहरीर में कहा है कि दिनांक 20.10.2025 को समय करीब शाम 8 वजे मेरा पुत्र सत्यम पटाखा चला रहा था, तभी मेरे गांव के आयुष पुत्र बतकौनी, शिवम पुत्र बतकौनी, सौरभ पुत्र बतकौनी, बतकौनी पुत्र आधारीलाल ने सत्यम के साथ गाली–गलौज व हाथापाई कर पिटाई कर दी। जिससे सत्यम के चोटें आयीं। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### पुत्री को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने पर मुकदमा दर्ज

कमालगंज, समृद्धि न्यूज। नाबालिग को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी है।

जानकारी के अनुसार थाना कमालगंज के अंतर्गत एक ग्राम निवासी पीड़ित ने थाने में दी गयी तहरीर में कहा है कि उसकी नाबालिग पुत्री उम्र करीब 16 वर्ष दिनांक 25.11.2025 को अपनी बहन निवासी गांव कुलीपुर थाना भोगांव जिला मैनपुरी के घर एक सप्ताह के लिये जाने की बात कहकर गई थी, लेकिन उसके वापस न आने पर जानकारी की गई, तो पता चला कि वह अपनी बहन के घर गई ही नहीं है। तलाश करने पर पता लगा कि उसकी पुत्री को राजेश कश्यप पुत्र सोवरन सिंह निवासी नगला कमल थाना भोगांव जिला मैनपुरी बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया।

### शीतलहर के चलते स्कूलों में दो दिन का अवकाश घोषित

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। भीषण सर्दी को देखते हुए जिलाधिकारी के आदेश पर जनपद के समस्त परिषदीय विद्यालय/अशासकीय सहायता प्राप्त एवं समस्त प्रकार के मान्यता प्राप्त विद्यालय (आई.सी.एस.सी. बोर्ड/ सी.बी.एस.सी. बोर्ड) जो नर्सरी से कक्षा 12 तक संचालित हैं। इन विद्यालय में दो दिवसीय दिनांक 22.12.2025 से दिनांक 23.12.2025 तक अवकाश घोति किया गया है। यह जानकारी जिला बेसिक शिक्षाधिकारी ने दी है।

### बंच केबिल जलने से 70 घरों की बिजली गुल



पोल पर बंच केबिल का फाल्ट

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज। नवाबगंज थाना क्षेत्र के सितवनपुर पिथू गांव में शनिवार सुबह करीब 6 बजे एक बंच केबिल जल गई। इससे सितवनपुर पिथू गांव में लगे 63 केवीए ट्रांसफार्मर से जुड़े 70 घरों की बिजली आपूर्ति ठप हो गई है। यह घटना बबना बिजली घर से जुड़े सीपी ग्रामीण फीडर के अंतर्गत हुई। आसपास के निवासियों ने तुरंत इसकी सूचना बिजली घर को दी थी। घटना के लगभग 20 घंटे बीत जाने के बाद भी बंच केबिल को ठीक नहीं किया जा सका है। जिससे प्रभावित घरों में बिजली बहाल नहीं हो पाई है। इस संबंध में जेई दीपक राम ने बताया कि उन्हें घटना की जानकारी नहीं थी और उन्हें आप के माध्यम से इसकी सूचना मिली है। उन्होंने आश्वासन दिया कि लाइनमैन को भेजकर जल्द ही केबिल को ठीक करवाया जा रहा है। फिलहाल बिजली गुल होने से ग्रामीणों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। जिसके चलते मोबाइल आदि चार्ज नहीं हो सके।

# कन्हैया मित्तल के भजनों पर थिरके खाटू श्याम भक्त

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

फर्रुखाबाद-फतेहगढ़ रोड स्थित एक गेस्ट हाउस में श्री श्याम कृपा सेवा समिति द्वारा 15वां श्री खाटू श्याम जगराता आयोजित किया गया। इस जगराते में प्रसिद्ध भजन गायक कन्हैया मित्तल ने अपना शानदार प्रस्तुति दी। जिन्हें सुनने के लिए दर्शकों की अपार भीड़ उमड़ी। भजन सुनकर लोग थिरकने को मजबूर हो गये।

इसके अलावा जूनियर कलाकारों ने भी प्रस्तुतियां दीं। भक्तगण पूरी रात कार्यक्रम का आनंद लेते रहे। अपार भीड़ के चलते कई बार गेस्ट हाउस के बाहर जाम की स्थिति उत्पन्न हुई। जिससे लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। बताते चलें कि जगराते के लिए दिल्ली से विशेष स्टेज



पास देखकर अंदर दी जा रही इंट्री

मंगाया गया। कार्यक्रम की व्यवस्था समिति के पदाधिकारी अन्नू भैया, पंकज अग्रवाल और सत्यम शुक्ला ने देखी। कार्यक्रम में सुरक्षा व्यवस्था के तहत अलग-अलग स्थानों पर बैरिकेडिंग की गई है। मंच के पास जमीन में गड्ढे डलवाकर बैरिकेडिंग की गई है और गेट के पास वाहनों को अंदर जाने से रोकने के लिए रस्सी बांधी गई है।

## एक-दूसरे पर मारपीट का आरोप लगाकर दी तहरीरें

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज। थाना नवाबगंज के गांव सोना जानकीपुर निवासी मीरा पत्नी स्व0 देवेंद्र रविवार सुबह लगभग 10 बजे अपने घर पर कुछ काम कर रही थी और उनका लगभग 13 वर्षीय पुत्र विकास घर के बाहर रखे खोखे पर बैठा था, तभी गांव की ही निवासी एक महिला खोखे पर बैठे विकास को गाली–गलौज करने लगी। विकास ने गाली–गलौज करने से मना किया, तो महिला ने विकास के साथ मारपीट करनी शुरू कर दी और खोखे को हटाने की धमकी देने लगी। वहीं महिला का कहना है कि जब वह अपनी जगह में टाट फट्टा लगा रही थी, तभी मीरा के देवर ने आकर फट्टा फेंक दिया और गाली–गलौज कर मारपीट करने लगा। थाना पुलिस को एक पक्ष से मीरा पत्नी स्व0 देवेंद्र व दूसरे पक्ष से प्रेमवती पत्नी फूल सिंह ने एक दूसरे के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने जांच कर कार्यवाही करने का भरोसा दिया।

## सीएचसी के रैन बसेरा में जड़ा ताला, सर्दी में ठिठुर रहे तीमारदार



रैन बसेरा में जड़ा ताला

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज। नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बने रैन बसेरा में ताला लगा होने से मरीजों के परिजनों को कड़ाके की ठंड में रात गुजारनी पड़ रही है। अस्पताल परिसर में रैन बसेरा होने के बावजूद इसका उपयोग नहीं हो पा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले मरीजों के साथ उनके परिजन भी होते हैं। मरीज को भर्ती कराने के बाद इन परिजनों को रातभर अस्पताल के बाहर या इधर–उधर भटकना पड़ता है। कड़ाके की ठंड के बावजूद रैन बसेरा हमेशा बंद रहता है। इससे दूरदराज से आए लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अस्पताल में आए तीमारदार अनिल सिंह ने बताया हम मरीज को लेकर आए हैं। रैन बसेरा बना तो है लेकिन ताला बंद रहता है। मजबूरन हमें इस कड़ाके की ठंड में बाहर बैठना पड़ रहा है। अन्य परिजन अनूप कुमार ने बताया अस्पताल प्रशासन को गरीबों की तकलीफ से कोई सरोकार नहीं है। इतनी ठंड में भी रैन बसेरा न खोलना संवेदनहीनता की पराकाष्ठा है। वहीं राजू राजपूत का कहना है कि प्रशासन कागजों पर तो रैन बसेरों के संचालन का दावा करता है, लेकिन धरातल पर सच्चाई इसके उलट है। रात भर इधर–उधर भटकना पड़ता है। इस संबंध में प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर गौरव राजपूत से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उनका फोन बंद मिला।



शिविर का शुभारंभ करते बृजेश शर्मा

## शुभ भावना समाज सेवा समिति ने लगाया निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर

कायमगंज, समृद्धि न्यूज। रविवार को शुभ भावना समाज सेवा समिति की तरफ से नि:शुल्क नेत्र परीक्षण एवं दवा वितरण कार्यक्रम में 365 मरीजों का नेत्र प्रशिक्षण कर दवा वितरित की गई। जिसमें मुख्य अतिथि उद्योगपति बृजेश शर्मा ने दीप प्रज्वलित कर फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जिसमें नगर अध्यक्ष देवेंद्र दुबे भाजपा, भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष आदेश अग्निहोत्री, उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष संजय गुप्ता, व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष उमेश गुप्ता बड़े भाई, शिव बालक शर्मा, जिला उपाध्यक्ष रश्मि दुबे, जितेंद्र रस्तोगी, कन्हैया लाल, मेडिकल एसोसिएशन के अध्यक्ष विनय अग्रवाल, शालू अग्रवाल, संस्था अध्यक्ष अजय कुमार बंसल, समिति के प्रदेश सचिव अरुण सक्सेना, प्रदेश उपाध्यक्ष अखिलेश शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रूप किशोर शर्मा, शिवाकांत मिश्रा, आलोक सक्सेना, पूर्व सभासद आसिफमंसूरी, अग्रिम सक्सेना एवं सभी व्यापारी भाई एवं समाजसेवी संगठन उपस्थित रहे।

# श्री कोतवालेश्वर हनुमान जी सेवा ट्रस्ट ने बांटे कंबल

कायमगंज, समृद्धि न्यूज।

रविवार को श्री कोतवालेश्वर हनुमान जी मंदिर कोतवाली कायमगंज पर एक विशाल निःशुल्क कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें श्री कोतवालेश्वर हनुमान जी सेवा ट्रस्ट के सभी पदाधिकारी मौजूद रहे। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में कायमगंज कोतवाल मदन मोहन चतुर्वेदी उपस्थिति रहे। सभी पदाधिकारियों ने इस कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर सहयोग किया। इस द्वितीय कंबल वितरण कार्यक्रम में 251 कम्बल वितरण कर इस कड़कड़ाती ठंड में गरीब बुजुर्ग महिलाओं और विकलांगों को बड़ी राहत पहुंचाई गयी। ट्रस्ट के सभी



कंबल वितरित करते ट्रस्ट के लोग

पदाधिकारीयों ने बताया कि इस तरह समाज सेवा के कार्यक्रम आगे भी होते रहेंगे। इस ट्रस्ट द्वारा निस्वार्थ सेवा कई सालों से लगातार चल रही है। कार्यक्रम में अध्यक्ष जितेंद्र रस्तोगी, नीरज अग्रवाल, अशोक गंगवार, रश्मि दुबे, संगम शाक्य, कन्हैया लाल, आसिफमंसूरी, डाक्टर उत्तम सरकार, दीपक शाक्य, विपिन कोहली, रूपलाल वर्मा, मनोज कौशल डिस वाले, प्रियंका पाल, राम प्रकाश शाक्य, शैलेन्द्र यादव, दिलीप, सत्यम, दिव्यांस, पारस, देव आदि लोग उपस्थित रहे। अध्यक्ष जितेंद्र रस्तोगी व प्रबंधक संगम शाक्य ने बताया इस तरह के कार्यक्रम बराबर होते रहेंगे।

## महिला सहित नाबालिग के साथ मारपीट में पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज

कमालगंज, समृद्धि न्यूज। महिला सहित नाबालिग के साथ मारपीट करने के मामले में पुलिस ने पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

जानकारी के अनुसार मुमताज पुत्री अब्दुल हक निवासी मोहल्ला गांधी नगर थाना कमालगंज की रहने वाली हूँ। दिनांक 19.12.2025 को समय करीब रात 8 बजे पीड़िता व तलहा पुत्र कमरुल हक, शादाब पुत्र इरशाद अपने दरवाजे पर बैठे थे, तभी मोहल्ला गांधी नगर निवासी अभी गुप्ता पुत्र जीतू, आकाश उर्फ भटूरे पुत्र छोटे, आकाश उर्फ नेपाली पुत्र राजू, सनी गुप्ता पुत्र प्रमोद व बाबर पुत्र शराफत निवासी ग्राम नगला दाऊद थाना कमालगंज उक्त लोग बेवजह गाली- गलौज कर रहे थे। मना करने पर उक्त लोग धारदार हथियार व लाठी-डण्डों से मारपीट करने लगे। बीच बचाव करने आये फिजाउक हल पुत्र अब्दुल हक के साथ भी मारपीट की। मारपीट मे हम सबके शरीर में चोटें आई है। मेरे भाई के पुत्र तलहा उम्र 13 वर्ष के चोट आई हैं। पुलिस ने तहरीर के आधार पर पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी है।

# एएसपी ने रामनगरिया का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा



मेला स्थल का निरीक्षण करते एएसपी व मौजूद सीओ सिटी आदि

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

पांचाल घाट गंगातट पर लगने वाले मिनी कुंभ मेला श्रीरामनगरिया की सुरक्षा व्यवस्था का अपर पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने रविवार को जायजा लिया। उनके साथ सिटी सीओ ऐश्वर्या उपाध्याय, मेला प्रभारी भोलेनाथ चतुर्वेदी और अन्य पुलिस अधिकारी भी मौजूद थे। निरीक्षण के दौरान एएसपी सिंह ने मेला क्षेत्र में बन रही कोतवाली के निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कादरीगेट थानाध्यक्ष कपिल कुमार और पांचालघाट चौकी प्रभारी मोहित मिश्रा सहित भारी पुलिस बल के साथ मौके का मुआयना किया।

अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि कुछ साधु-संत और कल्पवासी मेला स्थल पर पहुंच गए हैं। उन्होंने इन लोगों से भी मुलाकात कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

उन्होंने प्रशासन के प्रतिनिधियों से भी मेला संबंधी तैयारियों और व्यवस्थाओं पर चर्चा की। मेले का शुभारंभ 3 जनवरी 2026 को होगा और यह 4 फरवरी 2026 तक चलेगा।

# क्रिसमस पर लें संकल्प हर गरीब की करें मदद: रेव्ह स्टीफन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। क्रिसमस व नववर्ष के उपलक्ष्य में रेव्ह स्टीफन मसीह ने अपने साक्षात्कार व्यक्तित्व में बताया। खुशियां मिलकर बांटो, तभी खुशी का असली मजा आता है। प्रभु यीशु मसीह ने हर खुशी में शामिल होने व असहायों की मदद करने के लिए हर व्यक्ति को संदेश

**क्रिसमस के उपलक्ष्य में विशेष**

दिया। आओ हम सब मिलकर क्रिसमस व नववर्ष पर संकल्प लें कि किसी का दिल नहीं दुखायेंगे और दीन दुखियों की मदद करेंगे। 32 वर्षीय रेव्ह स्टीफन मसीह ने बताया कि नेक बनो, अच्छे बनो, यही परमेश्वर सिखाता है। समाज को जागृत करने के लिए प्रार्थना सभाओं के द्वारा लोगों को प्रेरित करते हैं। इन दिनों क्रिसमस की तैयारियां चल रही है। प्रभु यीशु मसीह के जन्मदिन को लेकर उत्साहित हैं। ऐसे में प्रभु आराधना के प्रति हम अपना धर्म निभाकर सेवा कार्य करें। एम.ए. के बाद बीडी की

**व्यक्तित्व**

डिग्री कोलकाता से प्राप्त की। 2020 में क्राइस्ट चर्च बरेली का मैं पादरी बना। उसके बाद सेंट्स जान चर्च मुजफ्फरनगर का चार्ज मिला। उसके बाद 2022 में मुझे फर्रुखाबाद में सिटी चर्च व रखा चर्च का चार्ज मिला। मेरे प्रेरणास्त्रोत मेरे पिता पादरी किशन मसीह हैं।

बड़े भाई जान मसीह सेंट जान डिग्री कालेज आगरा में गणित के प्रोफेसर हैं व दूसरे भाई जार्ज मसीह एसडब्लूएम इंटर कालेज सिकंदरा में प्रवक्ता हैं और मैं स्वयं पादरी का कार्य कर रहा हूं। मेरा उद्देश्य है कि प्रभु की सेवा को ज्याजा से ज्यादा लोगों तक पहुंचाना है। गरीब व असहायों की मदद करें। प्रभु ने ज सच्चाई का मार्ग दिया, उस मार्ग पर चलने के लिए लोगों को प्रेरित करें।



**रेव्ह स्टीफन मसीह पादरी-सिटी चर्च व ऑल सोल्स चर्च**

सभी लोग अपनी कमाई का एक हिस्सा गरीबों में दान करें। जिससे लोग अपने आपको अंदर से आनंदित महसूस कर सकें। बड़े दिन की विशेष आराधनायें चल रही हैं। इन दिनो 24 दिसंबर की रात्रि प्रभु यीशु मसीह का जन्मदिन मनाते हैं और 25 दिसंबर को बड़ेदिन के उपलक्ष्य में प्रभु की आराधना करते हैं। सभी लोग अपने घरों को सजाते हैं और केक काटकर सेलीब्रेशन करते हैं।

इस उत्सव को लेकर एक महीने तक हम प्रभु की आराधनायें कर खुशियां मनाते हैं।

गिरजाघरों को रंग बिरंगी लाइटों से सजाते हैं और जीजश के सामने पहुंचकर कैंडिल लेकर लोगों के लिए दुआ करते हैं। साथ की सेंटाक्लॉज द्वारा बच्चों को डांस कर रोमांचित करते हैं और उन्हें टॉफियां देकर बधाई देते हैं। 24 दिसंबर की रात उल्लासपूर्वक कैंप फायर का आयोजन होता है। प्रभु की आराधना होती है और केक काटकर उनका जन्मदिन मनाते हैं। इस दिवस पर अपने परिजनों व रिश्तेदार व मित्रों के साथ उत्सव मनाते हैं और प्रभु इस दिन अपने बंदों पर दया बरसाते हैं।

# राष्ट्रीय जनता इंटर कालेज व फ्रेंड्स क्लब स्टेडियम बना विजेता

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

स्वर्गीय ब्रह्मदत्त द्विवेदी स्टेडियम फतेहगढ़ में आयोजित सांसद खेल स्पर्धा में खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. बीके गंगवार, एवं विशिष्ट अतिथि ब्लाक प्रमुख राजेपुर डॉ. पल्लव सोमवंशी ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुए प्रतियोगिता का टास्क कराकर किया। धर्मेंद्र राजपूत जिला मंत्री भाजपा व राजकुमार वर्मा, अभिषेक बाजपेई, खो-खो प्रतियोगिता के नोडल प्रभारी संजीव कटियार, संजीव यादव, जिला खो-खो संघ के अध्यक्ष बीना गौतम, जगदीश बघेल, विवेक यादव मौजूद रहे। प्रतियोगिता के संचालन में निर्णायक की भूमिका व्यायाम शिक्षक अतुल कटियार, अरुण यादव, आलोक यादव, अभिषेक कुमार, अभिषेक शाक्य, संजीव द्विवेदी, कुलदीप यादव, सुभाष यादव ने निभाई। संचालन वैभव सोमवंशी ने किया। प्रतियोगिता में जनपद की पुरुष वर्ग में 18 टीमों एवं महिला वर्ग में 14 टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में जब सूनियन खो-खो में राष्ट्रीय जनता इंटर कालेज विजेता व उप विजेता वीरेन्द्र स्वरुप एजुकेशनल सेंटर रहा। सब जूनियर बालक वर्ग खो-खो में विजेता राष्ट्रीय जनता इंटर कालेज फतेहगढ़ व उप विजेता संविलियन विद्यालय प्रहलादपुर संतोष शमशाबाद रहा।



प्रतियोगिता में मौजूद विजेता खिलाड़ी

**▸ सांसद खेल स्पर्धा के तहत खो-खो प्रतियोगिता सम्पन्न**

जूनियर बालिका खो-खो वर्ग प्रतियोगिता में विजेता फ्रेंड्स खो-खो क्लब मुजफ्फरपुर पट्टी रहा। उप विजेता जेएसएम पब्लिक स्कूल फतेहगढ़ रहा। जूनियर बालक वर्ग खो-खो प्रतियोगिता में विजेता खो-खो क्लब दलेलगंज शमशाबाद रहा। उप विजेता स्टेडियम फतेहगढ़ रहा। सीनियर बालिका वर्ग खो-खो प्रतियोगिता में स्टेडियम टीम फतेहगढ़ विजेता बनी व सीपी इंटरनेशनल स्कूल उपविजेता रहा। सीनियर बालक खो-खो प्रतियोगिता में जेएसएम फतेहगढ़ इंटर कालेज विजेता बना। वहीं उप विजेता एबीआईसी शमशाबाद रहा।

# बसपा नेताओं ने बूथ पर की एसआईआर की समीक्षा



बूथ पर मौजूद बसपा नेता

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष बहन कु0 मायावती के निर्देशानुसार बसपा ने बूथ स्तर पर जाकर एसआईआर की समीक्षा की और बीएलए को नए वोट बनबाने के निर्देश दिये। कानपुर मुख्य मण्डल प्रभारी जितेन्द्र शंखवार एवं मुख्य मण्डल प्रभारी नरेंद्र कुशवाह व मण्डल संयोजक विजय भास्कर ने विधानसभा 194 सदर में विभिन्न बूथों पर जाकर एसआईआर की समीक्षा की और मतदाता सूची का अवलोकन किया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष विनोद गौतम, जिला सचिव सुरजीत बाबू, शिवकुमार गौतम, प्रमोद गौतम, आरडी बौद्ध, प्रवेश भास्कर, राकेश कुमार, रवीन्द्र गौतम, प्रदीप कठेरिया, अमित गौतम आदि मौजूद रहे।

**▸ बीएलए को नये वोट बनवाने के दिये निर्देश**

# प्रभु यीशु मसीह ने मानव जाति के उद्धार के लिए जन्म लिया



क्रिसमस ड्रामा प्रस्तुत करते बच्चे



चर्च में मौजूद मसीह समाज के लोग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सीएनआई बढ़पुर चर्च में यूथ व संडे स्कूल के बच्चों द्वारा क्रिसमस नेटिविटी कार्यक्रम का आयोजन हुआ। पादरी मनोज कुमार ने प्रार्थना के साथ कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। व्यवस्था सचिव अमन मनीला मैसी व कमेटी के सदस्यों ने देखी। बच्चों ने प्रभु यीशु मसीह के जन्मदिवस का संदेश देते हुए नाटक प्रस्तुत किया। नाटक में दर्शाया कि प्रभु यीशु मसीह का जन्म दुनिया में शांति का संदेश देने के लिए हुआ है। इस संसार में हमें शांति देने के लिए तथा मनुष्यों के अंधकार मय जीवन को प्रकाशित करने के लिए प्रभु यीशु मसीह ने मानव जाति को संदेश दिया और कहा कि मिलजुल कर हम भाईचारा व प्रेम के साथ मानव जाति को एक दूसरे की सेवकाई के साथ मदद करें। संसार का हर व्यक्ति भारत वर्ष की उन्नति के अग्रसर रहे, आदि संदेश प्रस्तुत किये गये। बच्चों ने लघु नाटिका के माध्यम से क्रिसमस झांकी प्रस्तुत की और कैरल सिंगिंग के माध्यम से गीत गाकर प्रभु यीशु मसीह के जन्मदिन के उपलक्ष्य में आराधना की। इस मौके पर पादरी मनोज कुमार ने आभार व्यक्त किया और यूथ कमेटी व बच्चों को धन्यवाद दिया। इस दौरान अमन मनीला मैसी, भावना लाल, एलिस दयाल, जगदीप लाल, रितेश, ओलिव सिंह, प्रियंका मैसी, डायमंड इंद्रियाज, सी थॉम्स, राजीव के लाल, डोरकस अवरार, विनीता सिंह, मोरेना एविल, आदित्य रोहित सहाय, जॉर्डन राज, राहुल अवरार, अमर साइमन, अवधेश प्रभु खोजी, गौरव एविल, आशीष सहाय, अनिल डेकोरेशन आदि लोग मौजूद रहे।


# शाह मुहम्मद वसीम बने सज्जादा नशीन, की गई दस्तारबंदी

**दरगाह के सज्जादा नशीन रहे हज़रत मुहम्मद शरीफउर्फ मोहब्बत शाह के चेहल्लुम की फातिहा का हुआ एहतमाम**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

हिंदू मुस्लिम एकता की प्रतीक दरगाह शहाबुद्दीन औलिया पर दस्तार, सज्जादगी में शाह मुहम्मद वसीम खान को नायाब सज्जादा नशीन से सज्जादा नशीन बनाया गया। कई दरगाहों के सज्जादा नशीन पहुंचे और शाह मुहम्मद वसीम को पगड़ी पहनाई गई। दरगाह के सज्जादा नशीन रहे मुहम्मद शरीफ के चेहल्लुम की फातिहा हुई।

लोको स्थित दरगाह हजरत शहाबुद्दीन औलिया पर महफिल-ए शमा का आयोजन किया गया। जिसमें शायरों और कब्बालों ने कलाम पेश किए। दरगाह पर दस्तार-ए सज्जादगी कार्यक्रम की शुरुआत हुई। इसमें देवा शरीफदरगाह के सज्जादा नशीन आले मुस्तफा उर्फ सोहेल मियां, मकनपुर दरगाह के सज्जादा नशीन प्रो0 डॉ. सैय्यद हुसैन जाफरी, मैनपुरी की छोटे बड़ी दरगाह के सज्जादा नशीन, कायमगंज जूही शाह बाबा दरगाह के सज्जादा नशीन आदि ने शाह मुहम्मद वसीम खान की दस्तारबंदी की। दस्तारबंदी के मौके पर एक किताब का भी विमोचन किया गया। दस्तारबंदी होते ही लोगों ने मुबारकबाद पेश की। इसके बाद महफिल-ए शमा में अलीगढ़ के शायर मो0 यूसुफ हातिफ, शहर के बिलाल शफीकी, शहर काजी मुताजिर अली ने दरगाह और मोहब्बत शाह के सिलसिले पर रोशनी डाली। दरगाह के सज्जादा नशीन रहे मुहम्मद शरीफ उर्फ मोहब्बत शाह के चेहल्लुम की फातिहा हुई जिसने बड़ी संख्या में अकीदतमंद शामिल हुए। इस मौके पर आकिब खान, नदीम खान, हाजी अकरम खान, इमरान खान, शाहरुख हुसैन, हाफिज जुबैर, रफत हुसैन, कासिम साबरी, लबली, उमर खां, जाहिद अली, रईस आलम आदि रहे।



किताब का विमोचन करते सज्जादा नशीन

# बेसिक हेल्थ वर्कर्स एसो. के हरदेव सिंह अध्यक्ष व मनोज दूबे बने मंत्री



स्वागत के दौरान मौजूद नवनियुक्त पदाधिकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

बेसिक हेल्थ वर्कर्स एसोसिएशन का द्विवार्षिक अधिवेशन /चुनाव मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा नामित चुनाव अधिकारी डॉ. सर्वेश यादव, सह चुनाव अधिकारी सचिन यादव, मंत्री रविन्द्र सिंह गौड़, प्रदेश उपाध्यक्ष व पर्यवेक्षक की देखरेख में डॉ. राममनोहर लोहिया सभागार में सम्पन्न हुआ। चुनाव में अध्यक्ष हरदेव सिंह, मंत्री मनोज कुमार दुबे, कोषाध्यक्ष प्रशांत कटियार, उपाध्यक्ष सुखवीर सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रभाकर कटियार, संगठन मंत्री अक्षय सेंगर, सम्प्रेक्षक श्यामनाथ मिश्रा, संरक्षक मनोज कटियार व दाताराम यादव को बनाया गया है। सर्वसम्मति से चुने गये पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया।

# धूमधाम से निकाली गई हिंदू एकता राष्ट्र पद यात्रा

**▸ भगवामय हुआ शहर, जगह-जगह पुष्प वर्षा कर किया गया स्वागत**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

राष्ट्रीय बजरंग दल द्वारा नगर में धूमधाम से एक सनातन हिंदू एकता राष्ट्र पद यात्रा निकाली गई।

पांचाल नगर में राष्ट्रीय बजरंग दल के नगर अध्यक्ष साहिल मिश्रा (यात्रा संयोजक) गौरक्षा महामंत्री, सत्यम गुप्ता यात्रा सह संयोजक जिला महामंत्री, सनी गुप्ता के द्वारा एक सनातन हिंदू एकता राष्ट्र पद यात्रा निकाली गई। जिसमें बड़ी संख्या में सनातनी एकत्रित हुए और यात्रा को सफल बनाया। यात्रा में लोगों ने केसरिया ध्वज लहराये तथा भारत हिन्दू राष्ट्र घोषित, जय श्रीराम आदि गगनभेदी नारे लगाये गये। भारत को हिन्दू राष्ट्र बनाने की मांग की गई। यात्रा का जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया।

साहिल मिश्रा ने बताया कि वह अपनी टीम के साथ बागेश्वर धाम सरकार की हिंदू राष्ट्र यात्रा में गए थे जहां से उन्हें प्रेरणा मिली और हर शहर में ये यात्रा निकलने का संकल्प लिया, हर शहर में होनी चाहिए। शोभायात्रा में सत्यगिरी महाराजा के अलावा बड़ी संख्या में साधु-संतों ने भाग लिया। इस मौके पर राष्ट्रीय बजरंग दल के प्रदेश महामंत्री अरविंद सिंह सेंगर, अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद के कार्यकारी जिलाध्यक्ष आनंद प्रकाश गुप्ता मुन्ना, जिला महामंत्री सनी गुप्ता, यात्रा संयोजक साहिल मिश्रा, सहसंयोजक सत्यम गुप्ता, डॉ. सचिन दुबे, शिवम गुप्ता, ऋषभ शुक्ला, राष्ट्रीय बजरंग दल के जिलाध्यक्ष विष्णु मिश्रा, ऋषभ गुप्ता, विनीत बाजपेई, सुमित गुप्ता, महिला व्यापार मंडल की जिलाध्यक्ष सोनी शुक्ला, श्वेता दुबे, प्रीती तिवारी, गायत्री मिश्रा, बबिता पाठक, किरन सिंह, अंकुर गुप्ता, व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष सदानंद शुक्ला, राजू गौतम, सौरभ शुक्ला, आशीष मिश्रा भईयन, कोमल पांडे, अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार संगठन के प्रदेश अध्यक्ष धीरज पांडे, श्वेता सिंह, अंकुर श्रीवास्तव, श्याम सुंदर गुप्ता, जितेन्द्र सिंह, शिवम वर्मा, सौरव गुप्ता, प्रिंस शुक्ला, राजेश मिश्रा, प्रमोद दीक्षित, अनुज मिश्रा आदि लोगों ने भाग लिया।



पदयात्रा मौजूद सनातनी

## इग्नू में नवीन सत्र की प्रवेश प्रक्रिया शुरू

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय इग्नू के द्वारा जनवरी 2026 सत्र में ओ.डी.एल. मोड तथा ऑनलाईन मोड में 350 से अधिक कार्यक्रमों में प्रवेश लेने हेतु अधिसूचना जारी हो गई है। यह जानकारी वरिष्ठ क्षेत्रीय निदेशक लखनऊ डॉ0 अनिल कुमार मिश्र ने इग्नू अध्ययन केन्द्र डी.एन. कॉलेज फतेहगढ़ के समन्वयक डॉ. आर.एन. सिंह को ईमेल के माध्यम से दी। इच्छुक अभ्यर्थी इग्नू की वेबसाईट पर जाकर लिंक के माध्यम से जानकारी प्राप्त करें। नवीन सत्र के लिए भी रि-रजिस्ट्रेशन के लिए 15 जनवरी तक आवेदन कर सकते हैं। इग्नू अध्ययन केन्द्र डी.एन. कॉलेज फतेहगढ़ में विश्वविद्यालय के द्वारा जनवरी 2026 सत्र में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप कला स्नातक वर्ग के अन्तर्गत अर्थशास्त्र, अंग्रेजी, हिन्दी, इतिहास, राजनीति शास्त्र, लोक प्रशासन, समाज शास्त्र, उर्दू, संस्कृत आदि विषयों में प्रवेश लिया जा सकता है। इनके अतिरिक्त सामान्य कला एवं वाणिज्य विषयों में भी प्रवेश उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त परास्नातक में अर्थशास्त्र, अंग्रेजी, हिन्दी, इतिहास, राजनीति शास्त्र, लोक प्रशासन, समाज शास्त्र, ग्रामीण विकास आदि के अलावा पी.जी. डिप्लोमा और सर्टिफिकेट डिग्री पाठ्यक्रमों में भी प्रवेश लिया जा सकता है। उप-निदेशक डॉ. अनामिका सिन्हा ने बताया कि इग्नू क्षेत्रीय केन्द्र के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश के बत्तीस जिलों में इग्नू के अध्ययन केन्द्र स्थापित किये गये हैं। अध्ययन केंद्र डीएन कालेज के 2729 कोड पर प्रवेश हेतु जानकारी समन्वयक डॉ. आरएन सिंह से ले सकते है।



-डॉ. अनिल कुमार मिश्रा

# विश्व ध्यान दिवस पर विशेष ध्यान सत्र का हुआ आयोजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

द्वितीय विश्व ध्यान दिवस के अवसर पर पांचाल घाट स्थित आर्ट ऑफ लिविंग शाखा के तत्वावधान में श्रीश्री गुरुकुल में एक विशेष ध्यान सत्र का आयोजन किया गया। गुरुकुल के विद्यार्थियों सहित आमजन ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। गुरुदेव श्री श्री रविशंकर की द्वारा निर्देशित ध्यान कराया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ध्यान के माध्यम से मानसिक शांति, उत्तम स्वास्थ्य एवं सकारात्मक जीवनशैली के महत्व को जन- जन तक पहुँचाना था।

मुख्य वक्ता आशीष कोष्ठा ने ध्यान एवं योग के लाभों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि नियमित ध्यान से मानसिक एवं भावनात्मक शुद्धि होती है तथा जीवन में संतुलन और ऊर्जा का संचार होता है। उन्होंने बताया कि ध्यान से तनाव एवं चिंता में कमी आती है, जिससे कोर्टिसोल हार्मोन का स्तर घटता है। साथ ही एकाग्रता, स्मरण शक्ति एवं निर्णय क्षमता में वृद्धि होती है। नियमित ध्यान से रक्तचाप एवं हृदयगति संतुलित रहती है तथा मस्तिष्क में अल्फा तरंगों की सक्रियता बढ़ती है, जिससे गहरी शांति की अनुभूति होती है। इसके अतिरिक्त नींद की गुणवत्ता में सुधार होता है और भावनात्मक संतुलन सुदृढ़ होता है। कुल मिलाकर नियमित ध्यान से शारीरिक, मानसिक एवं भावनात्मक स्वास्थ्य में समग्र सुधार होता है। इस अवसर पर आश्रम के प्रबंधक स्वामी प्रकाशानंद वेदाचार्य, अनीश मिश्रा, हरिश्चंद्र एवं गोविंद मौजूद रहे।



ध्यान करते गुरुकुल विद्यार्थी

# तटबंध बनाओ जन संघर्ष समिति की बैठक बर्राखेड़ा में सम्पन्न

**▸ हर हाल में तटबंध बनकर रहेगा: भईयन मिश्रा**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

तटबंध बनाओ जन संघर्ष समिति की बैठक राजेपुर ब्लॉक के ग्राम बर्राखेड़ा में सम्पन्न हुई। बड़ी संख्या में क्षेत्रवासियों ने गंगा के किनारो पर तटबंध बनवाने के लिए पूरी ताकत से हर प्रकार से साथ देने का वादा किया।

तटबंध जन संघर्ष समिति के अध्यक्ष भईयन मिश्रा ने कहा कि तटबंध पूरे क्षेत्र के लिए जीवन रेखा साबित होगा, क्योंकि पूरा क्षेत्र बाढ़ से इतना प्रभावित होता है कि उसकी भरपाई संभव नहीं होती और तब तक दोबारा से बाढ़ आ जाती है और फिर बाढ़ में पूरा क्षेत्र बुरी तरह से प्रभावित होता है, चाहे जनजीवन हो चाहे खेत खलियान हो हर एक बाढ़ से प्रभावित होते हैं सिर्फ और सिर्फ पूरे क्षेत्र को बचाना है तो तटबंध बनना बहुत आवश्यक है। संत समिति के अध्यक्ष जूना अखाड़ा के महंत सत्यगिरी महाराज ने कहा कि हम सब संतो की भावनाएं और लगाव पूरे क्षेत्र के प्रत्येक निवासी से है, यदि यह लोग परेशानी में रहते हैं तो हम लोगों को भी दुख होता है।

गंगा मैया की कृपा सभी पर बनी रहे इसके लिए जरूरी है मां गंगा के दोनों किनारो पर तटबंध बने तभी क्षेत्र में खुशहाली आएगी, पूरा संत समाज इस मुद्दे पर साथ है और जहां कहीं भी जरूरत पड़ेगी संत समाज इसके लिए आगे से आगे बढ़कर कार्य करेगा। कोमल पांडे ने कहा कि बाढ़ से बचने के लिए सिर्फ तटबंध ही सहारा है और जब तक तटबंध नहीं बनेगा, तब तक क्षेत्र के लोगों की पीड़ा कम नहीं होगी। राम कथा के प्रवक्ता आचार्य अमरीश महाराज ने कहा तटबंध बनने से पूरे क्षेत्र में खुशहाली आएगी, लोगों की परेशानी कम होगी। लक्ष्मण सिंह ने कहा कि जब तक नेताओं के पीछे घूमोंगे तब तक कुछ हासिल होने वाला नहीं है, तटबंध बनवाने के लिए हम सबको पूरी ताकत लगानी होगी। अधिवक्ता राजीव प्रताप सिंह उर्फ टिल्लू ने कहा कि क्षेत्र की समस्या के लिए हमेशा हमेशा निजात मिले इसके लिए तटबंध बनाना बहुत आवश्यक है। कोटेदार संघ के जिलाध्यक्ष अनिल तिवारी ने कहा कि हम लोगों की धैर्य की परीक्षा सरकार ना लें, पूरा क्षेत्र एक-एक व्यक्ति इस बाढ़ से बहुत प्रभावित होता है, इसलिए सरकार जल्द से जल्द तत्वार्थ बनवाई। संचालन विकास अग्निहोत्री ने किया। अध्यक्षता वीरेंद्र कुमार सिंह ने की। इस अवसर पर अखिलेश तिवारी, योगेंद्र प्रसाद त्रिवेदी, अनूप, सोनेलाल राजपूत, प्रदीप शुक्ला, राम बिहारी बाजपेई, संजीव अग्निहोत्री, विनोद सिंह, महेश तिवारी, सरोज सिंह, राजीव वर्मा, विपिन सिंह चौहान, शेरपाल सिंह, लाला सिंह, ब्रह्मानंद कुशवाहा, डॉ0 सुखदेव सिंह, उदित मिश्रा, राघव शुक्ला, विपिन तिवारी, नीरज दुबे, प्रशांत पाठक, श्याम बाबू शुक्ला, संदीप मिश्रा, राजा सलमानी, विष्णु मिश्रा आदि मौजूद रहे।



बैठक में मौजूद ग्रामीण

# मां की पुण्य तिथि पर सदर विधायक ने अपने शरीर के अंगों को किया दान

**▸ व्यस्तता के चलते लखनऊ के आर्य समाज मंदिर में किया हवन पूजन**

**▸ प्रभा द्विवेदी की स्मृति में डॉ. शिवओम अम्बर के आवास पर हुई कवि गोष्ठी**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अपनी मां की पुण्यतिथि पर सदर विधायक ने अपने शरीर के अंगों को दान कर अपनी माता-पिता को सच्ची श्रद्धांजलि दी है। उनके इस कार्य की चारों ओर सराहना हो रही है।

स्व0 प्रभा द्विवेदी पूर्व मंत्री की 21वीं पुण्यतिथि पर उनके पुत्र विधायक सदर तथा सभापति सार्वजनिक उपक्रम एवं निगम संयुक्त समिति, मेजर सुनील दत्त द्विवेदी ने अपनी मृत्यु के बाद अपने शरीर के अंगों और ऊतकों (टिसूज) को देश की मातृभूमि की अन्य संतानों के लिए दान कर दिया। सदर विधायक द्वारा पत्र जारी कर जानकारी दी, जिसमें दर्शाया कि किडनी, पेंक्रियाज, लिवर, आंते, हृदय, फेफड़े, अस्थियों, हृदय के वाल्व, त्वचा, आँखों की कोर्निया, अस्थि मज्जा, रक्त धमनियां शामिल है। भारत सरकार द्वारा उनको रविवार के ही दिन ऑर्गन डोनेशन की स्वीकृति व पंजीकरण का प्रमाण पत्र प्राप्त हो गया है। आपातकालीन स्थिति में संपर्क के लिये उनके प्रमाणपत्र पर उनकी पत्नी अनीता द्विवेदी का मोबाईल दिया गया है। अपनी राजनैतिक व्यस्तता व मुख्यमंत्री की 21 तारीख को लखनऊ में बैठकों में रहने के कारण वे अपनी मां प्रभा द्विवेदी की स्मृति में इस बार हवन व अन्य कार्यक्रम का आयोजन नहीं करवा पाये। इसलिये उन्होंने हवन आर्य समाज मंदिर लखनऊ में किया। जिसमें पारिवारिक जन व शुभचिंतक सम्मिलित हुए और एक कवि गोष्ठी डॉ0 शिव ओम अम्बर के आवास पर प्रभा की स्मृति में हुई। जिसमें उनकी पत्नी सम्मिलित हुई। देश सेवा समर्पण के लिए एक फौजी क्या कुछ कर सकता है, यह मेजर की भावना से दिखता है।



सदर विधायक मेजर सुनील दत्त द्विवेदी

## फेडरेशन व्यापार मण्डल की बैठक में विभिन्न मुद्दों पर हुई चर्चा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** फेडरेशन आफ आल इंडिया व्यापार मण्डल की बैठक जिलाध्यक्ष मनोज मिश्रा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। मित्तू कूंचा स्थित कार्यालय पर आयोजित बैठक में विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा की गई। जिला महामंत्री विमलेश मिश्रा ने अधिवेशन करने की मांग की। जिस पर आश्वासन दिया गया है। जिला उपाध्यक्ष लाखन सिंह ने कहा कि व्यापारियों पर सदस्यता शुल्क अभियान चलाने का प्रस्ताव रखा गया। सभी पदाधिकारियों ने सर्वसम्मति से स्वीकार किया और कहा कि शीघ्र ही सभी इकाईयों के सदस्य अपना सदस्यता शुल्क जमा करें। साथ ही कृष्णा टाकीज परिसर में नेकी की दीवार बनी हुई है, सभी सदस्य व पदाधिकारी अपने गर्म कपड़े गरीबों का दान करें, और नेकी की दीवार पर टागने हेतु पहुंचाये। इस मौके पर मनोज दीक्षित, सुबोध मिश्रा, दीपक गवरानी, अजय महरोत्रा, मकसूर अंसारी, अशोक यादव, अमन दुबे, राजू भारद्वाज, रवि चौहान, योगेश गुप्ता, संजीव कुमार त्रिपाठी, शिखर गुप्ता, संजीव वर्मा, अरविन्द दीक्षित, गोपाल सिंह राठौर, मुकेश दीक्षित, विश्वनाथ गुप्ता आदि व्यापारी मौजूद रहे।



बैठक में मौजूद व्यापारी

# मिशन शक्ति अभियान के तहत नारी शक्ति को किया गया जागरुक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मिशन शक्ति अभियान फेज-5.0 के अंतर्गत विभिन्न थाना क्षेत्रों व ग्रामीण पर महिलाओं व छात्राओं व बालिकाओं को जागरुक किया।

मिशन शक्ति के तहत थाना कम्पिल पुलिस व कमालगंज, शमशाबाद, मऊदरवाजा, अमृतपुर आदि में एंटी रोमियो टीम/महिला सुरक्षा विशेष दल ने मिशन शक्ति अभियान 5.0 के अंतर्गत थाना क्षेत्रान्तर्गत महिलाओं व बालिकाओं को जागरुक किया और सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं में कन्या सुमंगला योजना, प्रधानमंत्री मातृ योजना, महिला पेंशन व सरकारी हेल्प लाइन नंबरों 1076, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर, 112 आपातकालीन पुलिस सेवा, 108 एंबुलेंस सेवा, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर, 181 वीमेन हेल्पलाइन नंबर, 102 गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओं के लिए एंबुलेंस हेल्पलाइन नंबर, 1090 वूमेन पावर लाइन नंबर, 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर, 101 अग्निशमन सेवा आदि के बारे में जानकारी दी।



महिलाओं को जागरुक करती महिला पुलिस

## खबरें एक नजर में

### मोबाइल सिग्नल की खोज में परेशान ग्रामीण



बांदा, समृद्धि न्यूज। डिजिटल इंडिया के दावों के बीच बांदा के गुरेह गांव आज उस भारत की तस्वीर है जहां मोबाइल हाथ में है टावर गांव में खड़ा है लेकिन नेटवर्क नहीं नतीजा यह हुआ कि 6 माह से लगभग सैकड़ों लोग बांदा मुख्यालय में रहकर अपना जीवन यापन कर रहे हैं जिला मुख्यालय से करीब 5 किलोमीटर दूर बसे इस गांव की आबादी 15000 से ज्यादा बताई जा रही है अधिकांश लोगों के पास मोबाइल फोन है लेकिन गांव में घुसते ही सिग्नल गायब हो जाता है कॉल करनी हो जरूरी सूचना लेनी हो किसी से इमरजेंसी में बात करनी हो तो ग्रामीणों को डेढ़ से 2 किलोमीटर दूर जाना पड़ता है कई बार मोबाइल हाथ में होता है लेकिन कॉल नहीं लगती गांव में एयरटेल व जिओ का मोबाइल टावर भी लगा है लेकिन वह सिर्फ दिखता है चलता नहीं कभी-कभार सिग्नल आता है फिर पूरा दिन गायब रहता है इस अनिश्चित में लोगों की रोजमर्रा की जिंदगी को ठप कर दिया है जिओ एयरटेल के रिटेलर राकेश साहू बताया कि नेटवर्क ना होने से बच्चों की पढ़ाई सबसे ज्यादा प्रभावित हुई आनलाइन कक्षाएं नहीं चल पाती नौकरी की सूचनाये समय पर नहीं मिल पाती बैंक दफ्तरऔर बाहर गए परिजनों से संपर्क टूट जाता है कई बार बाहर गए सदस्य समय पर नहीं लौटे तो उससे बात नहीं हो पाती गांव वालों का कहना है क्षेत्र में 2जी व 4जी नेटवर्क चल रहा है नेटवर्क की जांच करवाई जाए।

### नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर भगाने का आरोप, पुलिस जांच में जुटी

ईसानगर, खीरी, समृद्धि न्यूज। ईसानगर थाना क्षेत्र के एक गांव से नाबालिग किशोरी को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का गंभीर मामला सामने आया है। घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। पीड़ित परिजन की तहरीर पर पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेकर जांच शुरू कर दी है। थाना ईसानगर में दी गई तहरीर के अनुसार 19 दिसंबर 2025 की रात करीब 8 बजे पीड़िता की लगभग 14 वर्षीय पौत्री को एक युवक बहला-फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया। परिजनों का आरोप है कि किशोरी घर से जाते समय चांदी व सोने के जेवरात सहित लगभग 70 हजार रुपये नकद भी अपने साथ ले गई। तहरीर में बताया गया है कि जेवरातों में चांदी की पायल, चोटी, झाला तथा सोने की मटर माला व टीका शामिल हैं। घटना की जानकारी होते ही परिजनों ने काफी खोजबीन की, लेकिन किशोरी का कहीं पता नहीं चल सका। मामले की सूचना मिलते ही ईसानगर पुलिस ने गंभीरता दिखाते हुए जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि नाबालिग किशोरी की सकुशल बरामदगी प्राथमिकता पर है। संभावित स्थानों पर दबिश दी जा रही है और आरोपी युवक की तलाश तेज कर दी गई है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि तहरीर के आधार पर आवश्यक धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है तथा मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है। जल्द ही किशोरी को बरामद कर पूरे मामले का खुलासा किया जाएगा।

### स्कूल के पास बिजली पोल में उतरा करंट, बड़ा हादसा टला

- बच्चों की जान पर बनी आफत, विभागीय लापरवाही से लोग नाराज

गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर), समृद्धि न्यूज। कोठी भट्ठा मोड़ स्थित सरदार पटेल स्कूल के पास लगे बिजली के पोल में अचानक करंट उतर आने से इलाके में हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों के अनुसार पोल के संपर्क में आते ही झटका लग रहा है, जिससे किसी भी वक्त बड़ा हादसा हो सकता था। राहत की बात रही कि समय रहते लोग सतर्क हो गए और कोई अनहोनी नहीं हुई। स्कूल के ठीक पास यह खतरनाक स्थिति बच्चों, अभिभावकों और राहगीरों के लिए गंभीर खतरा बनी हुई है। मोहल्ले वालों ने बताया कि स्कूल समय में सैकड़ों बच्चे इसी रास्ते से गुजरते हैं, ऐसे में यह करंट युक्त पोल जानलेवा साबित हो सकता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि करंट उतरने के पीछे दो प्रमुख कारण सामने आ रहे हैं। पहला, पोल और उससे जुड़े बिजली तारों की हालत काफी जर्जर हो चुकी है। जगह-जगह से इंसुलेशन उतर जाने के कारण पोल में करंट फैल रहा है। दूसरा कारण नमी बताया जा रहा है, जिससे खुले या कटे हुए तारों के संपर्क में आने से करंट पोल तक पहुंच रहा है। घटना को लेकर क्षेत्रवासियों में गहरा रोष है। लोगों का कहना है कि इस समस्या की सूचना पहले भी बिजली विभाग को दी जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। विभागीय लापरवाही के चलते कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। स्थानीय नागरिकों ने बिजली विभाग और प्रशासन से मांग की है कि तत्काल मौके पर पहुंचकर पोल व तारों की जांच कराई जाए, आवश्यक मरम्मत कराई जाए और बच्चों की सुरक्षा को प्राथमिकता दी जाए। लोगों का कहना है कि जब तक समस्या का स्थायी समाधान नहीं होता, तब तक इलाके में डर और असुरक्षा का माहौल बना रहेगा।

### बरवर चौकी क्षेत्र में ई-रिक्शा बने हादसों का कारण कार्रवाई के अभाव में बढ़ा खतरा

बरवर खीरी, समृद्धि न्यूज। बरवर पुलिस चौकी क्षेत्र के अंतर्गत ई-रिक्शा व ऑटो रिक्शा लगातार सड़क हादसों का कारण बनते जा रहे हैं। इसके बावजूद संबंधित विभाग और पुलिस प्रशासन द्वारा अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है, जिससे स्थानीय लोगों में रोष व्याप्त है। क्षेत्र में ई-रिक्शा चालक मनमाने ढंग से वाहनों को सड़क के बीचों-बीच खड़ा कर देते हैं, जिससे दोनों ओर से आने-जाने वाला यातायात बाधित हो जाता है। कई बार इस लापरवाही के चलते दुर्घटनाएं होते-होते बची हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह स्थिति किसी बड़े हादसे को न्योता दे रही है। इस समस्या को लेकर पूर्व में कई बार समाचार पत्रों के माध्यम से खबरें प्रकाशित की जा चुकी हैं तथा उच्च अधिकारियों को भी अवगत कराया गया है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' (पूर्व में ट्विटर) पर भी मामला उठाया गया था, जिसके बाद कुछ ई-रिक्शाओं के चालान किए गए थे, लेकिन यह कार्रवाई केवल औपचारिक साबित हुई। इसके बाद से अब तक कोई नियमित या सख्त अभियान नहीं चलाया गया है। लोगों का आरोप है कि प्रशासन किसी बड़ी घटना का इंतजार कर रहा है। जब इस संबंध में बरवर चौकी प्रभारी अरविंद तिवारी से जानकारी लेने का प्रयास किया गया, तो उनका फोन रिसीव नहीं हुआ। स्थानीय नागरिकों ने मांग की है कि ई-रिक्शा व ऑटो रिक्शाओं के अवैध संचालन, गलत पार्किंग और यातायात नियमों की अनदेखी पर तत्काल सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में किसी बड़े हादसे को रोका जा सके।

### तहसील गोला में भ्रष्टाचार पर सख्त तेवर, एंटी करप्शन की कार्रवाई का दावा

- एडवोकेट लाल बिहारी वर्मा बोले-जनहित में बेईमानों को सबक सिखाने का समय

गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर), समृद्धि न्यूज। तहसील गोला में कथित भ्रष्टाचार को लेकर माहौल गरमा गया है। सेंट्रल बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष एडवोकेट लाल बिहारी वर्मा ने जारी बयान में दावा किया है कि बहुत जल्द एंटी करप्शन टीम तहसील में सक्रिय होकर रिश्वतखोर और बेईमान कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई कर सकती है। उन्होंने कहा कि तहसील में व्याप्त भ्रष्टाचार को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जनहित में ऐसे लोगों को सबक सिखाने का समय आ गया है। उन्होंने अपने बयान में स्पष्ट किया कि वह हर मुद्दे को खुलकर और सामने से उठाते हैं तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता के खिलाफ संघर्ष करते रहेंगे। एडवोकेट वर्मा ने कहा कि मैं छुपकर कोई कार्य नहीं करता, मेरा हर कदम चुनौतीपूर्ण होता है। भ्रष्ट और बेईमान लोगों को अब सतर्क हो जाना चाहिए, क्योंकि कानून से कोई नहीं बच सकता। उन्होंने अपने संघर्ष को जनसेवा से जोड़ते हुए सत्यमेव जयते और संघर्ष ही जीवन है का संदेश दिया। उन्होंने आमजन से भी अपील की कि यदि कहीं भ्रष्टाचार हो तो उसके खिलाफ आवाज उठाएं और संबंधित एजेंसियों तक सूचना पहुंचाएं, ताकि दोषियों पर कार्रवाई हो सके। एडवोकेट लाल बिहारी वर्मा ने बताया कि वह तहसील गोला क्षेत्र में पारदर्शिता और ईमानदारी के लिए लगातार प्रयासरत रहेंगे। बयान के बाद क्षेत्र में चर्चाओं का दौर तेज हो गया है।

# नकली सोने की ईंट दिखाकर लाखों की ठगी




- नेपाल के नागरिक से ठगी का मामला, निघासन पुलिस ने दो आरोपियों को पकड़ा
- नेपाली मुद्रा व बाइक बरामद

लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।

निघासन क्षेत्र में नकली सोने की ईंट दिखाकर लाखों रुपये की ठगी करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो शातिर आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से नकली सोने की ईंट का टुकड़ा, एक मोटरसाइकिल और बड़ी मात्रा में नेपाली मुद्रा बरामद की है। इस कार्रवाई के बाद सीमा क्षेत्र में सक्रिय ठग गिरोहों पर पुलिस की निगरानी और तेज हो गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, नेपाल के जिला कंचनपुर अंतर्गत वेदकोट नगर पालिका वार्ड नंबर-1 निवासी यज्ञराज ऐर के व्हाट्सएप नंबर पर कुछ दिन पूर्व एक कॉल आई। कॉल करने वाले ने खुद को लखीमपुर खीरी जिले के सिंगहा गांव निवासी जैनुद्दीन पुत्र वसीर अली बताया और पुराने मकान की खुदाई के दौरान सोने की ईंट मिलने का दावा किया। उसने आधी ईंट बेचने के बदले 20 लाख नेपाली रुपये की मांग रखी।

सौदा तय कराने के लिए जैनुद्दीन ने यज्ञराज को निघासन-पलिया मार्ग पर खैरहनी गांव के पास स्थित बालाजी मंदिर पर बुलाया। 19 दिसंबर की शाम करीब चार बजे यज्ञराज अपनी होने वाली पत्नी संगीता के साथ मौके पर पहुंचे, जहां जैनुद्दीन अपने साथी रिजवान पुत्र अग्गा खां निवासी पठाननपुरवा, थाना पढ़ुआ के साथ मौजूद मिला। आरोप है कि दोनों आरोपियों ने आधी सोने की ईंट दिखाकर उसे पूरी तरह असली बताया और जल्द सौदा करने का दबाव बनाया। जब यज्ञराज ने कीमत कम करने की बात कही तो आरोपी रिजवान ने धमकी देकर भय का माहौल बना दिया। डर के चलते पीड़ित ने अपने पास मौजूद 1 लाख 25 हजार नेपाली रुपये आरोपियों को दे दिए। रुपये मिलते ही दोनों मौके से फरार हो गए। इसके बाद यज्ञराज ने पलिया में कथित सोने की ईंट की जांच कराई, जहां वह पीतल की निकली। ठगी का अहसास होने पर पीड़ित ने निघासन कोतवाली पहुंचकर तहरीर दी। कोतवाल महेशचंद्र ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर मुकदमा संख्या 0372/2025 संबंधित धाराओं में दर्ज कर जांच शुरू की गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक खीरी के निर्देशन में विशेष टीम गठित की गई। क्षेत्राधिकारी निघासन के पर्यवेक्षण में पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर बिरजापुरवा जाने वाले रास्ते पर नहर की पुलिया के पास से दोनों आरोपियों जैनुद्दीन और रिजवान को गिरफ्तार कर लिया।

गिरफ्तारी के दौरान अभियुक्त जैनुद्दीन के पास से 88 हजार नेपाली रुपये और रिजवान के पास से 37 हजार नेपाली रुपये बरामद किए गए। इसके अलावा एक डिस्कवर मोटरसाइकिल (संख्या यूपी 31 एक्स 3096) और 322 ग्राम वजन की पीली धातु से बनी नकली सोने की ईंट का टुकड़ा भी जब्त किया गया। पुलिस अधिकारियों के अनुसार दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है। साथ ही यह भी जांच की जा रही है कि कहीं यह गिरोह पूर्व में भी इसी तरह की ठगी की घटनाओं में शामिल तो नहीं रहा है। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि लालच में आकर ऐसे संदिग्ध सौदों से बचें, विशेषकर सीमा क्षेत्र में सतर्कता बरतना बेहद जरूरी है।

## प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ओयल में मुख्यमंत्री स्वास्थ्य आरोग्य मेले का हुआ आयोजन




- डिप्टी सीएमओ धनीराम भार्गव ने किया औचक निरीक्षण

ओयल खीरी, समृद्धि न्यूज।

ओयल क्षेत्र के बेहजम तिराहे पर स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ओयल में पूर्व की भांति रविवार को मुख्यमंत्री स्वास्थ्य आरोग्य मेले का आयोजन हुआ जिसमें दूरदराज आस पास से आये हुए 82 मरीजो का चिकित्सा प्रदान की गई।मुख्यमंत्री स्वास्थ्य आरोग्य मेले के आयोजन के दौरान डिप्टी सीएमओ धनीराम भार्गव अचानक स्वास्थ्य व्यवस्था परखने आ पहुंचे। डिप्टी सीएमओ ने प्रसव कक्ष में जाकर वहां स्टाफ नर्स श्रेया से जानकारियां हासिल की।

प्रसव कक्ष में उपलब्ध दवाओं, इंजेक्शन की एक्सपाइरी की भी जांच की। फॉर्मशिष्ट जितेंद्र वर्मा दवा वितरण कक्ष स्टॉक रजिस्टर, उपस्थिति पंजिका का भी विधिवत निरीक्षण किया और जांच की।

डिप्टी सीएमओ ने टीकाकरण कक्ष में वैक्सीन उपलब्धता भी देखी और आवश्यक निर्देश दिए।इस सम्बंध पीएचसी चिकित्सा प्रभारी जेड ए खान से वार्ता की गई तो उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री स्वास्थ्य आरोग्य मेला संचालित था जिसमे 82 मरीज को चिकित्सा प्रदान की गई उस दौरान डिप्टी सीएमओ धनीराम भार्गव, बीपीएम बेहजम निरीक्षण के लिए आये थे ,और स्टॉक रजिस्टर समेत अन्य अभिलेखों का निरीक्षण भी किया है,इस दौरान स्टाफ नर्स श्रेया, दवा वितरण इंचार्ज जितेंद्र वर्मा,जेड ए खान समेत स्टाफ मौजूद रहा।

# श्री अरविन्द गिरि स्पोर्ट्स एकेडमी का भव्य उद्घाटन

- मेधावी छात्रों का हुआ सम्मान
- सम्मान समारोह में दिखी प्रतिभाओं की चमक, शिक्षा संग खेल को बढ़ावा देने का संकल्प



गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर), समृद्धि न्यूज।

स्थानीय श्री राजेन्द्र गिरि मेमोरियल अकादमी में रविवार को मेधावी छात्रों के सम्मान समारोह के साथ श्री अरविन्द गिरि स्पोर्ट्स एकेडमी का भव्य उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सीजीएन पीजी कॉलेज के पूर्व प्राचार्य डा. ओ.पी. मिश्र ने की। समारोह में छात्र-छात्राओं को विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। खेलों को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से विद्यालय संरक्षक जनार्दन गिरि, प्रबंध निदेशक मा. अमन गिरि और महेन्द्र कुमार त्रिपाठी ने नगर के गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में स्पोर्ट्स एकेडमी का उद्घाटन किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने क्षेत्र की प्रतिभाओं को निखारने और उन्हें खेल के माध्यम से राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने का संकल्प दोहराया।

कक्षा 12 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले यशस्वी सिंह (88.8%), अवनीत कौर (88%), त्रिशिका सिंह (87.2%), आकाशदीप कौर (85%), आरुषि मिश्रा (84.8%), स्मिथ बाथम (84.4%), आँशी वर्मा (84.2%), हरपुनीत सिंह (83.6%), अलीशा (83.2%) और सुप्रिया (82%) को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। वहीं कक्षा 10 में दिव्यांश पटेल (90.2%), तनिष्क देव (87.6%), सान्वी भट्ट (87.4%), ओम शर्मा (86.4%), तनु वर्मा (86.2%), मनप्रीत (86.2%), संदीप कौर (85.8%), सिमरन अंसारी (85.2%), सहज प्रीत (83.8%) और आर्यन जायसवाल (83%) को मंच पर बुलाकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा बेस्ट इन एकेडमिक्स, बेस्ट इन स्पोर्ट्स, बेस्ट कोऑपरेटिव स्टूडेंट, बेस्ट इन डिसिप्लिन, बेस्ट इन को-करिकुलर एक्टिविटीज और बेस्ट इन अटेंडेंस जैसे विभिन्न वर्गों में भी छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र व मेडल प्रदान किए गए। यह सम्मान मुख्य अतिथि, अतिथिगणों, प्रबंध निदेशक मा. अमन गिरि, निदेशक मोहित पुरी और प्रधानाचार्य आलोक कुमार मिश्र द्वारा प्रदान किए गए। विधायक अमन गिरि ने कहा कि बच्चों के श्रेष्ठ प्रदर्शन पर प्रशंसा के दो शब्द भी उनका मनोबल बढ़ाते हैं। स्पोर्ट्स एकेडमी की स्थापना का उद्देश्य क्षेत्र की प्रतिभाओं को खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ाकर नगर का नाम देश-दुनिया में रोशन करना है। निदेशक मोहित पुरी ने भरोसा दिलाया कि विद्यालय प्रबंधन शिक्षा, खेल और सांस्कृतिक गतिविधियों में विद्यार्थियों को हर संभव सहयोग देगा। प्रधानाचार्य आलोक कुमार मिश्र ने सम्मानित छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और समारोह में उपस्थित अतिथियों व अभिभावकों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर कमाल अहमद, सुशील शुक्ल, अतुल गुप्ता, साक्षी पुरवार, निधि सिंह, संगम गुप्ता, दिनेश गुप्ता, कमल, राजीव प्रकाश शर्मा, प्रिया सक्सेना, नीलम मिश्रा, शिशुपाल यादव, पुनीत तिवारी, जगदीश अवस्थी, विकास शुक्ल, विकास बाजपेई, सुनील बाजपेई, तल्हा अहमद, मुकेश शर्मा सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं, बड़ी संख्या में अभिभावक एवं नगर के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## बार एसोसिएशन ने किया वृहद कवि सम्मेलन का आयोजन





बांदा, समृद्धि न्यूज।

जनपद बार एसोसिएशन के तत्वाधान में सभागार पर जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष द्वारिकेश सिंह मंडेला के संयोजकत्व में शानदार वृहद कवि सम्मेलन संपन्न हुआ, नगर पालिका अध्यक्ष मालती वासु द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर चंदन वंदन पुष्प माला समर्पित कर दीप प्रज्वलित किया गया, इस कार्यक्रम की अध्यक्षता शीर्ष कवि डाक्टर चंद्रिका प्रसाद दीक्षित ललित ने की, शानदार संचालन प्रख्यात कवि जवाहरलाल जलज ने किया, इस वृहद कवि सम्मेलन में काव्य रस धार बहाने वाले कवि साहित्यकार जैसे महेश कटारे, सुगम बीना मध्य प्रदेश, हास्य कवि अखिलेश द्विवेदी प्रयागराज, डा. रणजीत सिंह प्रतापगढ़, शिखा मिश्रा कानपुर, मधु मैहर मध्य प्रदेश, देवेंद्र नटखट झांसी समीर शुक्ला फतेहपुर प्रभात कटारे सागर, छाया सिंह बांदा, आर सी योगा बांदा, आदि कवि साहित्यकारों ने अपनी अपनी शानदार मनमोहक कविताओं को प्रस्तुत कर सभागार में बैठे शहर के गणमान्य नागरिकों को आनंदित किया, बार एसोसिएशन का सभागार लगातार तालिया से गूंजता रहा सभी ने देखा सुना और सराहा इस कार्यक्रम में शहर के लोकप्रिय पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राजकुमार राज वरिष्ठ पत्रकार नंदकिशोर मिश्रा, जिला बार एसोसिएशन के महासचिव मनोज निगम लाल, कोषाध्यक्ष राजीव गुप्ता एडवोकेट, वरिष्ठ अधिवक्ता आनंद सिन्हा, अवधेश कुमार गुप्ता खादी वाला, जय करण वर्मा, सुनील यादव, चंद्रजीत यादव, कृष्णकांत यादव, बाबू सिंह, यज्ञ स्वरूप गुप्ता राममिलन सिंह पटेल तथा सैकड़ो शहर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने देखा सुना और सराहा कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## व्यापारियों के सम्मान से नहीं होगा कोई समझौता : कल्लू राजपूत



बबेरू/बांदा, समृद्धि न्यूज। चौराहे के सुंदरीकरण को लेकर व्यापारियों के साथ हो रहे उत्पीड़न की जानकारी मिलते ही भाजपा जिलाध्यक्ष व्यापारियों के बीच पहुंच कर कहां व्यापारियों के सम्मान और रोजी रोटी के साथ कतई समझौता नहीं किया जाएगा। सरकार सदैव व्यापारियों के साथ रही है और रहेगी।

सरकार द्वारा कस्बे के मुख्य चौराहे में सुंदरीकरण के लिए जैसे ही धन स्वीकृत किया वैसे ही स्थानीय प्रशासन व्यापारियों के घर नाप कर रहे व्यापारी नाप को लेकर परेशान हो रहे है व्यापारियों की समस्या होने पर भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत, जिला महामंत्री व चौयरमैन विवेकानंद गुप्त, अजय पटेल व्यापारियों के बीच पहुंचकर उनकी समस्याओं को सुना।

राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार मंडल संगठन के अध्यक्ष के के महंत सहित व्यापारियों ने मांग पत्र सौंपा कहा जिला मुख्यालय की तर्ज पर गोला कम कर चौराहा बनाया जाए । पूर्व में प्रस्तावित बाईपास बनाया जाए जिससे कि व्यापारी रोजी-रोटी के साथ बेघर न हो सके। जिला अध्यक्ष एवं नगर पंचायत अध्यक्ष ने व्यापारियों को आश्वासन दिया कि परेशान न हो सरकार बसाने का काम कर रही है उजाड़ने का नहीं जो भी अधिकारी कर्मचारी व्यापारियों को भ्रमित कर रहे हैं उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

इस दौरान सौरभ शिवहरे, श्रीराम गुप्ता ,कृष्ण कुमार गुप्त, राकेश कुमार अग्रहरि बिंदा गुप्ता ,मन्नू , संजय प्रजापति, अरविंद कसौंधन संतोष कुशवाहा रामकृपाल मौर्य सहित तमाम व्यापारी मौजूद रहे । जिला अध्यक्ष ने कृषि उत्पादन मंडी समिति का भी निरीक्षण किया उन्होंने सरकार की मनसा के अनुरूप, किसानों की व्यवस्था किए जाने के निर्देश दिया साथ उन्होंने यह भी कहा कि किसानों के द्वारा जो घटतौली की शिकायत मिल रही है उसे पर सुधार करे नहीं तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## सरकारी धान खरीद केंद्र का भाजपा जिलाध्यक्ष ने किया निरीक्षण

- किसानों को सुविधाएं न होने पर सचिव को लगाई फटकार
- अलाव व जलपान व्यवस्था करने के सचिव को दिए निर्देश



बाँदा, समृद्धि न्यूज।

बबेरू मंडी समिति में किसानों मिलने वाली सुविधाएं न दिए जाने की शिकायत पर भाजपा जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत ने सरकारी धन खरीद केंद्र का औचक निरीक्षण किया और अधिकारियों को फटकार लगाई। जिलाध्यक्ष अपनी टीम के साथ अचानक मंडी समिति पहुंचे जहाँ ग्रामीण क्षेत्रों से आये किसानों के लिए ठण्ड से बचाव के लिए न अलाव की कोई व्यवस्था थी और न ही रुकने का इंतजाम था। इसी प्रकार उनके जलपान की भी कोई व्यवस्था प्रशासन द्वारा की गई थी उन्होंने मंडी समिति के सचिव व जिम्मेदार अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बुलाकर कड़ी फटकार लगाते हुए तत्काल किसानों को सभी सुबिधाएँ उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यदि दुबारा शिकायत मिलती है तो उच्चाधिकारियों से कार्यवाही करवाई जाएगी। निरीक्षण के दौरान भाजपा के विधानसभा प्रत्याशी रहे अजय सिंह पटेल, नगर पंचायत अध्यक्ष विवेकानंद गुप्ता, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष विजयपाल सिंह व सुखदेव वर्मा, मण्डल अध्यक्ष सौरभ शिवहरे, श्यामजी मिश्रा, राजा दीक्षित, रामप्रकाश साहू, संतोष यादव, रामजी शुक्ला, अंकित शिवहरे सहित अनेक भाजपा पदाधिकारी मौजूद रहे।

# इंदिरा पार्क की दुर्दशा पर भड़के कांग्रेसी



- नगर पालिका की कार्यशैली पर कांग्रेसियों ने जताया आक्रोश

बांदा, समृद्धि न्यूज।

रविवार को जिला कांग्रेस कमेटी महिला अध्यक्ष श्रीमति सीमा खान के नेतृत्व में कांग्रेस पदाधिकारियों के साथ शहर के मध्य अमर टाकीज के निकट इंदिरा गांधी पार्क का औचक निरीक्षण किया गया मौके पर देखने को मिला भारत रतन देश की प्रथम महिला प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी की मूर्ति एक किनारे कूड़े के नीचे पड़ी हुई है इससे आक्रोशित होकर कांग्रेसियों ने गगनभेदी नारे लगाए। इंद्रा गांधी का यह अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान नगरपालिका प्रशासन होश में आओ होश में आओ लगाए गए। इस अवसर पर मीडिया से रुबरु होते हुए कांग्रेस जिला अध्यक्ष राजेश दीक्षित ने कहा कि वर्तमान सरकार महापुरुषों के नाम पर बने हुए पार्क के रख रखाव का झूठा ढिंढोरा पीटती है आज कांग्रेस पदाधिकारियों के साथ इंद्र गांधी पार्क का निरीक्षण किया गया जिसमें मौके पर पाया कि इंद्रा जी की प्रतिमा एक छोटे से पेड़ व पत्थर के नीचे पड़ी हुई है जहा पर गंदगी का समाज कायम है साथ ही पार्क के स्वरूप को बदल कर छोटा कर दिया गया है उन्होंने आक्रोशित होकर कहा कि अगर एक सप्ताह के अंदर मूर्ति स्थापना व पार्क का सुंदरीकरण नहीं कराया जाता तो कांग्रेस सड़कों में उतर कर आंदोलन के लिए बाध्य होगी ।

जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष सीमा खान ने कहा प्रियदर्शिनी इंदिरा गांधी को प्रथम महिला प्रधानमंत्री बनने का गौरव प्राप्त है जिनके द्वारा देश के अतुलनीय योगदान दिए गए उन्होंने कांग्रेस जनो के सहयोग से इंद्रा जी की प्रतिमा जो लावारिस अवस्था में पड़ी हुए थी स्टेच्यू स्थल पर रखाई गई व उन्होंने नगर पालिका प्रशाशन को चेतावनी लहजे में कहा कि अगर शीघ्र ही मूर्ति स्थापना सासम्मान नहीं कराई गई तो इसी दशा में इंद्रा जी की प्रतिमा को गोद में लेकर महिला कांग्रेस सड़क जाम करने का काम करेंगे। इस अवसर पर पीसीसी मुमताज अली, कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष डा संजय द्विवेदी दनादन, जिला महामंत्री / मीडिया प्रभारी सत्य प्रकाश द्विवेदी एड, वरिष्ठ कांग्रेस नेता शकील अहमद, सोशल मीडिया जिला अध्यक्ष संतोष द्विवेदी, पूर्व सभा सद कांग्रेस जुगनू भाई,साद खान सहित काफी संख्या में कांग्रेस जन मौजूद रहे।

# दो दिवसीय विधायक खेल स्पर्धा का सफल समापन






बांदा, समृद्धि न्यूज।

युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग जनपद बांदा के तत्वाधान में विवेकानंद इंटर कालेज, नरैनी में आयोजित दो दिवसीय विधायक खेल स्पर्धा विधानसभा नरैनी का रविवार को सफल समापन हुआ। प्रतियोगिता में नरैनी विधानसभा के अंतर्गत विभिन्न विद्यालयों एवं ग्राम पंचायतों के सैकड़ों खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और विभिन्न खेलो में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

समापन कार्यक्रम में प्रमोद कुमार सिंह खंड विकास अधिकारी नरैनी, अनिल कुमार अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत नरैनी, जितेंद्र कुमार प्रजापति, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी नरैनी, सर्वेश कुमार प्रधानाचार्य विवेकानंद इंटर कालेज आदि उपस्थित रहे। उन्होने विजेता और प्रतिभागी खिलाड़ियों को ट्रॉफी, मेडल और प्रमाणपत्रों द्वारा सम्मानित करते हुए कहा कि ग्रामीण खेल लीग युवा प्रतिभागियों को निखारने का एक महत्वपूर्ण मंच सिद्ध हो रही है। सब जूनियर पुरुष वर्ग में डिस्कस में तथागत विद्यालय के राजीव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। 100 मीटर दौड़ में ग्राम पंचायत तुर्रा के अमित कुमार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सब जूनियर बालिका वर्ग में बैडमिंटन में विवेकानंद इंटर कॉलेज की लक्ष्मी प्रथम स्थान पर रही। 800 मीटर दौड़ में लोधीनपुरवा की अनीता प्रथम स्थान पर रही। जूनियर पुरुष वर्ग में 100 मीटर दौड़ में मयंक सिंह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। डिस्कस में तथागत विद्यालय के विष्णु प्रताप सिंह प्रथम स्थान पर रहे।

जूनियर महिला वर्ग में 100 मीटर दौड़ में आरती यादव प्रथम स्थान पर रही। 200 मीटर दौड़ में अजली प्रथम स्थान पर रही। सिनियर वर्ग में बरहा माफी के अनुज सिंह ने 400 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त किया। शाटपुट में अतर्रा के हर्ष बाजपेई ने शाटपुट में प्रथम स्थान प्राप्त किया। एकल एवं टीम स्पर्धा में तीनों वर्गों सब जूनियर, जूनियर एवं सिनियर वर्ग की पुरुष एवं महिला विजेता खिलाड़ियों को एथलेटिक्स, वॉलीबॉल, कब्बड्डी, कुश्ती आदि विधाओं में पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता को सफल बनाने में निर्णायक दल/ शारीरिक शिक्षक रामकुमार सिंह यादव , रमेश कुमार , श्रीनिवास गर्ग, धनेश्वर प्रसाद, उमाशंकर राजपूत, राजेंद्र कुमार सिंह, उदयवीर सिंह, दिलीप सिंह, मनोज कुमार सिंह, रविन्द्र बाबू, सुरेन्द्र कुमार आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। जितेंद्र कुमार प्रजापति क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी विकासखण्ड नरैनी ने बताया कि विधायक खेल स्पर्धा नरैनी में प्रथम स्थान पर आए विजयी खिलाड़ी अब विधायक खेल स्पर्धा में प्रतिभाग करेंगे।

## घर में घुसकर युवक के साथ मारपीट कर किया घायल

नरैनी/बांदा, समृद्धि न्यूज। घर में घुसकर युवक के साथ मारपीट कर घायल कर दिया गया ।पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत करवाया। करतल गांव निवासी आशुतोष पुत्र चंद्रपाल ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह घर में अकेला था ।तभी सुनसान देख बाबूलाल पुत्र रामप्रकाश,और राम प्रकाश का पुत्र सौरभ,और सुधीर एक राय होकर हाथ में लाठी डंडे लेकर अचानक घुस आए ।इस दौरान अकेला पाकर मारपीट कर बुरी तरह घायल कर दिया ।जिससे उसको गंभीर चोटें लगी ।पीड़ित कोतवाली पहुंच सभी आरोपियों को नामजद कर मामले पर लिखित तहरीर दी बताया कि आरोपी दबंग और गुंडा किस्म के लोग है ।कोतवाली पुलिस ने प्राप्त तहरीर के आधार पर आरोपियों के विरुद्ध मारपीट की धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर दिया।

# रोटी बैंक टीम ने जरूरतमंदों को बांटे कंबल व कपड़े



बांदा, समृद्धि न्यूज।

प्रत्येक रविवार की तरह आज भी बाँदा रोटी बैंक सोसाइटी के संरक्षक शेख़ सादी जमा और बांदा रोटी बैंक सोसाइटी के सहसंरक्षक चन्द्रमौली भारद्वाज के संरक्षण में बाँदा रोटी बैंक सोसाइटी के अध्यक्ष रिज़वान अली की अध्यक्षता में बाँदा रोटी बैंक सोसाइटी के संगठन मंत्री सुनील सक्सेना के नेतृत्व में,पूर्व ग्राम प्रधान ग्राम हरदौली मोहम्मद शादाब जी की उपस्थिति में,समाजसेवी ग्राम हरदौली सैफुल्लाह 200 कम्बल के विशेष सहयोग से बाँदा शहर के जिम्मेदार जागरूक लोगों के द्वारा दान में दिए गए कम्बल, कपड़े,जूते चप्पल आदि का वितरण ग्राम हरदौली ब्लॉक बबेरू तहसील बबेरू जनपद बाँदा के जरूरतमंद ग्रामीणों को किया गया तथा साथ ही ग्रामीणों को सर्पदंश, स्वास्थ्य, स्वच्छता तथा उनके कानूनी अधिकारों के प्रति बाँदा रोटी बैंक सोसाइटी की टीम की महिला महामंत्री रिया खान और उपाध्यक्ष मोहम्मद सलीम के द्वारा जागरूक किया गया,समाजसेवी सैफ़ उल्लाह ने सभी का आभार व्यक्त किया।

उक्त कम्बल, कपड़े आदि पाकर ग्रामवासियों में अपार खुशी दिखाई दी सभी लोगों को दुआओं और आशीर्वाद से नवाजा उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डा. अजय कुमार ए0सी0एम0ओ0 बाँदा, विशिष्ट अतिथि डा. मक़सूद नेत्र विशेषज्ञ,डा0 अनस दन्त रोग विशेषज्ञ, बाँदा रोटी बैंक से कार्यालय प्रभारी मोहम्मद शमीम, उपाध्यक्ष मोहम्मद सलीम, शाखा प्रमुख खाई पार इरफान खान चाँद, उप शाखा प्रमुख छिसहरी अलीमुद्दीन, सदस्य जगदीश श्रीवास, निहाल खान, शहाना खान, नग्गो खातून आदि पदाधिकारी, सदस्यों एवं समाजसेवियों ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया और कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग किया।